राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 17 अंकः 58 पृष्ठः 10 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



पीएम नरेंद्र मोदी कर्नाटक के पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा के साथ मौजूद थे। सोमवार को येदियुरप्पा का 80वां जन्मदिन था।

## 'भारत धर्मनिरपेक्ष और सभी का देश है'



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**सुप्रीम** कोर्ट ने देश के शहरों और कस्बों के प्राचीन नामों को बदलने के लिए 'रिनेमिंग कमीशन' बनाए जाने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। साथ ही कोर्ट ने कहा, "देश के इतिहास को उसकी वर्तमान और भावी पीढ़ियों को परेशान नहीं करना चाहिए। हमारा देश धर्मनिरपेक्ष है और हिंदू धर्म जीवन का एक तरीका है, जिसने सभी को आत्मसात कर लिया है।"

**याचिका पर उठाया सवाल:** जस्टिस केएम जोसेफ और बीवी नागरत्ना की पीठ ने वकील अश्विनी उपाध्याय के नाम बदलने वाले आयोग की मांग वाली जनहित याचिका के मकसद पर सवाल उठाया और कहा, "यह मुद्दे देश में आगे भी आते रहेंगे, जिससे देश में आक्रोश होता रहेगा।"

## उमेश हत्याकांड के एक आरोपी का एनकाउंटर



**प्रयागराज/टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज** पुलिस ने उमेश हत्याकांड में शामिल एक बदमाश का एनकाउंटर किया है। बदमाश का नाम अरबाज है। मुठभेड़ सोमवार दोपहर धूमनगंज में नेहरू पार्क के पास हुई। पुलिस के मुताबिक, वारदात के बाद से अरबाज नेहरू पार्क इलाके में छिपा था। नेहरू पार्क पर क्राइम ब्रांच की उससे मुठभेड़ हो गई। उसने पुलिस पर गोली चलाई, इससे एक सिपाही घायल हो गया। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। उसके सीने और पैर में गोली लगी है। पुलिस ने घायल अरबाज को स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई। उमेश पाल पर हमला करने के बाद अरबाज का चेहरा सीसीटीवी फुटेज में आया था। पता चला था कि पुरामुफ्ती के सल्लाहपुर निवासी अरबाज नाम का शातिर अपराधी कार चला रहा था।

## अग्निपथ स्कीम को चुनौती देने वाली सभी याचिकाएं खारिज



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**दिल्ली** हाईकोर्ट ने सोमवार को अग्निपथ स्कीम को चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि अग्निपथ योजना सेना की बेहतरी और राष्ट्रहित में लिया गया फैसला है। इसलिए सरकार के फैसले में कोर्ट के दखल देने की कोई वजह नहीं दिखती। 15 दिसंबर 2022 को कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं और केंद्र सरकार की दलीलें सुनने का बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। फैसला सुरक्षित रखते हुए कोर्ट ने यह भी कहा था कि अगर किसी को कोई आपत्ति है तो वो अपनी लिखित दलीलें दाखिल करें। चीफ जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच मामले की सुनवाई कर रही थी, इसमें जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद भी शामिल थे।

## नीतीश के पीएम बनने से बेहतर राष्ट्रपति शासनः राजद विधायक



**पटना/टीम एक्शन इंडिया**

**राजद** के बागी विधायक सुधाकर सिंह ने सोमवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर एक बार फिर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि 2005 में उनके सत्ता में आने के बाद से राज्य पिछड़ गया है। पटना में विधानमंडल के बजट सत्र की शुरूआत से पहले सुधाकर सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि नीतीश कुमार के सत्ता में आने के बाद बिहार विकास के सभी पैमाने पर पिछड़ गया है। सुधाकर सिंह ने कहा नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार ठीक से नहीं चल रही है। सरकार न ही मंडी कानून बनाने के पक्ष में है। न हर खेत तक पानी पहुंचाने के पक्ष में है। न ही शिक्षा व्यवस्था को ठीक करना चाहती है। नीतीश कुमार केवल पद पर बने रहना चाहते हैं।

# मनीष सिसोदिया को पांच दिन की सीबीआई रिमांड

### शराब नीति केस में होगी पूछताछ, उनके वकील ने कहा था- पॉलिसी एलजी ने मंजूर की, सिसोदिया एक्साइज मिनिस्टर हैं और वो मंत्रियों के एक ग्रुप को लीड कर रहे थेः सीबीआई

**कसा शिकंजा**

= जांच एजेंसी ने कहा था कि सिसोदिया सवालों के सही जवाब नहीं दे रहे हैं। इसलिए उनकी रिमांड जरूरी है



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**कोर्ट** ने सीबीआई को डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की 4 मार्च तक की रिमांड दे दी है। दिल्ली शराब नीति केस में जांच एजेंसी ने सिसोदिया की 5 दिन की कस्टडी मांगी थी, जिसे कोर्ट ने मान लिया। इससे पहले, सिसोदिया को सोमवार दोपहर 3:10 बजे राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। करीब 30 मिनट की सुनवाई के बाद सीबीआई की रिमांड की मांग पर कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। सीबीआई ने रविवार को 8 घंटे की पूछताछ के बाद सिसोदिया को गिरफ्तार किया था। जांच एजेंसी ने कहा था कि सिसोदिया सवालों के सही जवाब नहीं दे रहे हैं। इसलिए उनकी रिमांड जरूरी है। सिसोदिया एक्साइज मिनिस्टर हैं और वो मंत्रियों के एक ग्रुप को लीड कर रहे थे। शराब नीति के मॉडल को लेकर कोई चर्चा नहीं की गई।" सिसोदिया के वकील दयान कृष्णन ने कहा, "एलजी ने मई 2021 में पॉलिसी को हरी झंडी दी थी। प्रॉफिट मार्जिन के बारे में सारी बहस हो रही है, उसकी मंजूरी एलजी ने ही दी थी। उन्होंने ही बदलावों की भी रजामंदी दी थी। पहले ही दिन सीबीआई ने फोन के बारे में बात की थी। कहा कि सिसोदिया ने 4 फोन इस्तेमाल किए, 3 को नष्ट कर दिया। क्या सिसोदिया अपना फोन सेकेंड हैंड शॉप पर नहीं दे सकते हैं। वो क्या अपने फोन रखे रहते, क्या उन्हें पता था कि उइक आएगी और उन्हें गिरफ्तार करेगी इसलिए वो फोन रखे रहते?"

**सिसोदियाः** दयान कृष्णन ने कहा, "सीबीआई कह रही है कि जिस तरह वो चाहती है, सिसोदिया उस तरह जवाब नहीं दे रहे हैं। जहां तक जांच में सहयोग की बात है तो सिसोदिया ने सहयोग किया है। उनके घर पर छापा मारा गया।

### 'कई अफसर गिरफ्तारी के खिलाफ थे'

**सिसोदिया** के वकील ने कहा कि उनके फोन एजेंसी के पास हैं। अब एजेंसी कह रही है कि सिसोदिया गोलमोल जवाब दे रहे हैं। उनके पास यह अधिकार है। एक व्यक्ति के संवैधानिक अधिकार होते हैं।"

**सीबीआई ने कोर्ट में सबूतों से छेड़छाड़ और फाइल डिलीट की बात नहीं कीः** आप नेता और वकील भूपिंदर सिंह जून ने कहा- सीबीआई ने कोर्ट में सिसोदिया के खिलाफ एक भी ग्राउंड नहीं बताया। जैसा रूमर है कि फाइल डिलीट की गई है, सबूतों के साथ छेड़छाड़ हुई, ऐसी कोई बात सीबीआई ने कोर्ट में नहीं कही। उन्होंने जो रिमांड की अर्जी दी, उसमें बिल्कुल खामोश रहे।

**कई सीबीआई अफसर गिरफ्तारी के खिलाफ थेः** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल बोले, "सिसोदिया के खिलाफ सीबीआई के पास सबूत नहीं थे।



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सोमवार को स्वयं फूसगढ़ स्थित गऊशाला का दौरा किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि गोवंश की हत्या के मामले में पुलिस की जांच चल रही है।

## 'न्यायिक प्रक्रिया की शुचिता बनाए रखनी होगी'

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**सुप्रीम** कोर्ट ने सशस्त्र बलों के सभी पात्र पेंशनभोगियों को वन रैंक-वन पेंशन के बकाए के भुगतान के मुद्दे पर रक्षा मंत्रालय की खिंचाई की। कोर्ट ने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया की शुचिता बनाए रखनी होगी। भारतीय पूर्व सैनिक आंदोलन (आईईएमएम) ने याचिका दायर की है।

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस जेबी पारदीवाला की पीठ ने याचिका पर सुनवाई की। दरअसल, वन रैंक-वन पेंशन (ओआरओपी) योजना के बकाये का भुगतान चार के बजाय एक ही किस्त में करने की मांग वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। याचिका दायर करने वाले पूर्व सैनिकों के एक समूह ने शीर्ष अदालत से इस संदर्भ में केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग की थी।

## भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर बीएसएफ जवानों पर हमला

**दो जवान गंभीर**

= इस हमले में दो जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। इनके सिर पर गंभीर चोट आई है। जवानों के हथियार भी छीन लिए गए हैं

**बेरहामपुर/टीम एक्शन इंडिया**

**इंटरनेशनल** बॉर्डर पर भारतीय किसानों की सुरक्षा में ड्यूटी कर रहे बीएसएफ जवानों पर बांग्लादेशी ग्रामीणों और बदमाशों ने हमला कर दिया। इस हमले में दो जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। इनके सिर पर गंभीर चोट आई है। जवानों के हथियार भी छीन लिए गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचे और दोनों घायल जवानों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। बीएसएफ के मुताबिक, घटना रविवार को बंगाल फ्रंटियर के बेरहामपुर सेक्टर में बनी निर्मलचर पोस्ट 35 बटालियन के इलाके में बीएसएफ ने इस मामले को बॉर्डर गार्ड्स बांग्लादेश (बीएसएफ) के सामने उठाया और फ्लैग मीटिंग बुलाई है, ताकि बांग्लादेशी बदमाशों से जवानों के हथियार बरामद किए जा सकें और ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में आने वाला यह क्षेत्र बांग्लादेश की सीमा से लगता है। निर्मलचर गांव के लोगों का आरोप है कि बांग्लादेशी किसान फसलों को नुकसान पहुंचाने के लिए अपने मवेशियों को जानबूझकर हमारे खेतों में छोड़ देते हैं।

# पूरी दुनिया में भारत की गूंज सुनाई दे रहीः पीएम मोदी

**शिवमोगा/टीम एक्शन इंडिया**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कर्नाटक में शिवमोगा एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। करीब 450 करोड़ रुपए की लागत से बने इस एयरपोर्ट का ऊपरी हिस्सा कमल के फूल की तरह डिजाइन किया गया है। मोदी ने इसके अलावा शिवमोगा में 3,600 करोड़ और बेलगावी में 2,700 करोड़ रुपए की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। कार्यक्रम में पीएम मोदी के साथ कर्नाटक के पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा भी मौजूद थे। येदियुरप्पा का 80वां जन्मदिन है। मोदी ने मंच पर उनके सम्मान में दो बार हाथ जोड़े और झुककर उनका अभिवादन किया। इसके बाद उन्होंने सभा में पहुंचे लोगों से मोबाइल की फ्लैश लाइट ऑन कर येदि को बर्थडे विश कराया।

**कांग्रेस राज में 'एअर इंडिया' की पहचान घाटे वाले बिजनेस मॉडल के रूप में होती थीः** कांग्रेस के राज में 'एअर इंडिया' की पहचान घोटालों के लिए होती थी, घाटे वाले बिजनेस मॉडल के रूप में होती थी, लेकिन आज 'एअर इंडिया' भारत के नए सामर्थ्य के रूप में विश्व में नई ऊंचाई, नई उड़ान भर रहा है। आज भारत के एविएशन सेक्टर का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। छोटे शहर भी हवाई कनेक्टिविटी से जुड़ें, ऐसी सोच कांग्रेस की थी ही नहीं। हम यह कर रहे हैं। आप कल्पना कर सकते हैं कि भाजपा सरकार के काम करने की रफ्तार क्या है। आज मुझे एक बार फिर कर्नाटक के विकास से जुड़े हजारों-करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स के लोकार्पण और शिलान्यास का अवसर मिला है।



## 5 मार्च को ही होगी नीट पीजी परीक्षा

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**नीट** पीजी प्रवेश परीक्षा का आयोजन एनबीईएमएस द्वारा निर्धारित तिथि 5 मार्च 2023 को ही किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट में इस परीक्षा को स्थगित किए जाने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया गया है। इस मामले पर 27 फरवरी 2023 को हुई सुनवाई के बाद उच्चतम न्यायालय की खण्डपीठ ने याचिका को खारिज कर दिया। ऐसे में प्रवेश परीक्षा के आयोजन को लेकर बन रही असमंजस की स्थिति समाप्त हो गई है। नीट पीजी 2023 एडमिट कार्ड जारी किए जा चुके हैं। बता दें कि आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा पोस्ट-ग्रेजुएशन लेवल को डिग्री और डिप्लोमा कोर्सेस में वर्ष 2023-24 के दौरान एडमिशन हेतु उम्मीदवारों के चयन के लिए आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षा नीट पीजी 2023 के आयोजन को निर्धारित तारीख 5 मार्च से दो-तीन माह के लिए आगे बढ़ाए।




**विकास कार्य** 2014 के बाद बढ़ा सड़कों का निर्माणः परिवहन मंत्री नितिन गडकरी

# ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे का गडकरी ने किया शिलान्यास



**बलिया/टीम एक्शन इंडिया**

**बलिया में** ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास करने केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी चितबड़ा गांव पहुंच चुके हैं। स्वागत के बाद नितिन गडकरी मंच पर पहुंचे। उनके साथ कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद भी मंच पर मौजूद है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी को चांदी का मुकुट पहनाया। वहीं पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी ने गदा और स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया। दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने किया। केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे सहित अन्य योजनाओं का दोपहर 1.48 बजे शिलान्यास किया।

**2014 के बाद बढ़ा सड़कों का निर्माणः** शिलान्यास के बाद नितिन गडकरी ने कहा, यूपी में 2014 से पहले रोड की हालत ठीक नहीं थी। जब केंद्र में हमारी सरकार आई तब यूपी में महाराजमार्ग 70643 किलोमीटर थे। ये आंकड़ा 2014 से पहले का है। उसके बाद यूपी में साल 2023 तक ये नंबर 13 हजार किलोमीटर हो गया है। इस बात की मुझे खुशी है। मैं आपको वादा करता हूं 2024 के आखिरी तक यूपी की सड़कें, रास्ते अमेरिका के बराबर होंगी। आपने सपने में भी नहीं सोचा होगा आपको ऐसी रोड मिलेंगी। मेरे विभाग ने 2014 से 2023 तक यूपी में 80 हजार करोड़ रुपए की लागत से 5 हजार किलोमीटर सड़क का निर्माण किया है।

**1 घंटे में बलिया से पटना पहुंच जाएंगेः** नितिन गडकरी ने पत्रकारों से कहा, अगर यहां किया एक भी वादा मैं पूरा नहीं करता हूं तो ब्रेकिंग न्यूज चला देना। मैं आपसे कुछ नहीं कहूंगा। यूपी के विकास के लिए मैं 27 हजार करोड़ रुपए की लागत से कुछ ग्रीन फील्ड हाईवे भी बना रहा हूं। यूपी की अब तस्वीर बदलेगी। विकास हमेशा रोड से ही होकर जाता है। अभी बलिया से पटना जाने में आपको 4 घंटे लगते हैं। ये हाईवे जब बन जाएगा तब आप 1 घंटे में पटना पहुंच जाएंगे।

# बोलेरो में नासिर-जुनैद की हड्डियां थीं

## डीएनए टेस्ट से साबित, जींद की गोशाला से स्कॉर्पियो में मिले खून का सैंपल भी मैच

8 एफएसएल-डीएनए टेस्ट रिपोर्ट में यह साफ हो गया है। नासिर और जुनैद भरतपुर के पहाड़ी थाना इलाके के घाटमीका गांव के रहने वाले थे





जुनैद



नासिर

**भरतपुर/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** के भिवानी जिले के लोहारू में 16 फरवरी को जली हुई बोलेरो में मिली हड्डियां नासिर और जुनैद की ही थीं। एफएसएल और डीएनए टेस्ट रिपोर्ट में यह साफ हो गया है। नासिर और जुनैद भरतपुर के पहाड़ी थाना इलाके के घाटमीका गांव के रहने वाले थे। इसके साथ ही हरियाणा के जींद की सोमनाथ गोशाला से बरामद सफेद स्कॉर्पियो में मिले खून के निशान भी नासिर और जुनैद के थे। भरतपुर रेंज आईजी गौरव श्रीवास्तव ने इस हत्याकांड को लेकर विस्तार से जानकारी दी। भरतपुर रेंज आईजी गौरव श्रीवास्तव ने बताया कि नासिर और जुनैद की हरियाणा के भिवानी जिले में उनकी ही बोलेरो कार में जलाकर हत्या कर दी गई। यह सस्पेंस था कि मरने वाले जुनैद और नासिर ही हैं या कोई और। भरतपुर पुलिस ने 20 फरवरी को जुनैद और नासिर के परिजनों के ब्लड सैंपल लिए थे। श्रीवास्तव ने कहा कि उनका मिलान भिवानी में जले हुए कंकालों से किया गया, साथ ही जींद जिले के सोमनाथ गोशाला से बरामद की गई स्कॉर्पियो की सीट पर मिले ब्लड से मिलान किया गया। पाया कि बोलेरो जीप में जिन लोगों की जलाकर हत्या की गई, वे जुनैद और नासिर ही थे। राजस्थान पुलिस को डीएनए जांच रिपोर्ट मिलने के बाद रेंज आईजी गौरव श्रीवास्तव ने बताया कि हम भरतपुर जिले के सीमावर्ती हरियाणा के जिले नूंह के पुलिस अधिकारियों के संपर्क में थे। इस घटना को लेकर यहां पर कई संस्थाओं और लोगों ने रोष प्रकट किया था। उन्होंने कहा कि भिवानी हत्याकांड एक जघन्य अपराध था, इसमें कोई शक नहीं है। इस घटना को लेकर हम अलर्ट हैं। कोशिश कर रहे हैं कि ऐसी कोई बयानबाजी न हो जिससे सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़े। राजस्थान पुलिस टेक्निकल जांच के आधार पर निष्पक्ष जांच के जरिए आगे बढ़ रही है। आईजी के मुताबिक जांच के दौरान राजस्थान पुलिस को वह वाहन मिला, जिसमें नासिर और जुनैद को ले जाया गया और उनके साथ मारपीट की गई। वह स्कॉर्पियो वाहन राजस्थान पुलिस ने हरियाणा के जींद जिले में स्थित सोमनाथ गोशाला से बरामद की। उस वाहन की पिछली सीट पर खून के निशान मिले, इसलिए एफएसएल टीम भेजकर सैंपल लिया गया। श्रीवास्तव ने कहा कि नासिर और जुनैद के परिजनों के ब्लड सैंपल लिए गए। जली हुई जीप में मिली हुई हड्डियों और स्कॉर्पियो में मिले खून से मिलान किया गया। अब इस पूरे मामले की उ्रअ रिपोर्ट से प्रमाणित हो चुका है कि हरियाणा के भिवानी में जीप में जलाए गए दोनों व्यक्ति नासिर और जुनैद ही थे। साथ ही डीएनए और एफएसएल की रिपोर्ट से प्रमाणित हुआ कि स्कॉर्पियो की सीट पर मिला खून भी नासिर जुनैद का ही था। मामले में फरार आरोपियों की तलाश हरियाणा पुलिस के सहयोग से राजस्थान पुलिस कर रही है।

**जुनैद-नासिर हत्याकांड- कब, क्या हुआ? 15 फरवरी 2023-** जुनैद और नासिर भरतपुर के गांव घाटमीका से गायब हुए। गोपालगढ़ थाना (भरतपुर) में जुनैद के रिश्तेदार इस्माइल ने 5 कथित गौरक्षकों को खिलाफ जुनैद और नासिर के साथ मारपीट करने और नासिर के रिश्तेदार हसीन की बोलेरो कार समेत किडनैप करने का मामला दर्ज कराया।

**16 फरवरी 2023-** हरियाणा के भिवानी जिले के लोहारू में जली हुई बोलेरो पुलिस को बरामद हुई। बोलेरो में हड्डियां और मानव अवशेष मिले।

**17 फरवरी 2023-** नासिर-जुनैद के गांव में मेव समाज की महापंचायत हुई, जिसमें राज्यमंत्री जाहिदा खान पहुंची। मुआवजे की मांग की गई।

### एफआईआर में दर्ज मोनू मानेसर और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की गई

8 **17 फरवरी 2023** – भरतपुर पुलिस ने हरियाणा के नूंह के मरोड़ा गांव निवासी एक आरोपी श्रीकांत पंडित के घर दबिश दी थी। परिवार ने आरोप लगाया कि पुलिस की मारपीट में श्रीकांत पंडित की 9 माह की गर्भवती पत्नी कमलेश की हालत बिगड़ गई। उसने मृत बच्चे को जन्म दिया।

8 **17 फरवरी 2023** – राजस्थान पुलिस ने हरियाणा से एक आरोपी रिंकू सैनी को गिरफ्तार किया और गोपालगढ़ थाना लेकर आई। रिंकू सैनी का नाम गोपालगढ़ थाना में इस्माइल की ओर से दी गई एफआईआर में थी।

8 **22 फरवरी, 2023**- भरतपुर पुलिस ने रिंकू सैनी से पूछताछ के आधार पर 8 आरोपियों के नाम और फोटो जारी किए। सभी आरोपी हरियाणा के रहने वाले हैं। इन 8 लोगों में मोनू मानेसर का नाम नहीं था। भरतपुर रेंज क्क्ष्गौरव श्रीवास्तव ने कहा कि जांच चल रही है, पुलिस के पास मोनू मानेसर समेत 12 अन्य लोगों के नाम है।

8 **22 फरवरी, 2023**- भरतपुर पुलिस को हरियाणा के जींद में सोमनाथ गोशाला में एक सफेद स्कॉर्पियो मिली। जांच के दौरान वारदात के वक्त इस स्कॉर्पियो का मूवमेंट मौका-स्थल पर मिला था। पुलिस इसे भरतपुर पुलिस लाइन ले आई। स्कॉर्पियो की पिछली सीट पर खून के धब्बे मिले थे। एफएसएल ने इनके सैंपल लिए।

# गौशाला का बजट 40 करोड़ से बढ़ाकर 400 करोड़ किया: देवेंद्र



8 इसके साथ-साथ प्रदेश की सभी गौशालाओं को गोवर्धन योजना के साथ जोड़ा जाएगा

**फतेहाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
प्रदेश सरकार गौसंवर्धन एवं गौशालाओं के विकास के लिए कटिबद्ध है। इसके लिए सरकार द्वारा गौशाला आयोग के बजट को इस वर्ष 40 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 400 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव रखा है। इसके साथ-साथ प्रदेश की सभी गौशालाओं को गोवर्धन योजना के साथ जोड़ा जाएगा जिसके तहत सभी जिलों में गोबरगैस प्लांट बनाए जाएंगे। यह जानकारी सोमवार को प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने स्थानीय चंडीगढ रोड स्थित ज्योतिपुंज गऊशाला में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। कैबिनेट मंत्री ज्योतिपुंज गौशाला में लगभग 50 लाख रुपये की लागत से बनने वाले परिक्रमा मार्ग शिलान्यास कार्यक्रम व संकीर्तन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कैबिनेट मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने ज्योतिपुंज गऊशाला में गोपूजन कर गऊशाला परिक्रमा मार्ग का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने गौशाला में 11 लाख रुपये की राशि अनुदान स्वरूप देने की घोषणा भी की। कैबिनेट मंत्री देवेंद्र बबली ने ज्योतिपुंज सोसायटी टोहाना द्वारा आयोजित कार्यक्रम में गऊशाला परिक्रमा मार्ग का शिलान्यास किया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि गौशाला परिक्रमा मार्ग लगभग 50 लाख रुपये की लागत बनाया जाएगा। उन्होंने गौशाला प्रबंधक को आश्वासन दिया कि गौशाला में जितने विकास कार्य है या गऊशाला में किसी भी प्रकार की सहायता के लिए संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने सभी गौशाला को गोवर्धन योजना से जोड? का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने गऊशालाओ का बजट 40 करोड़ से बढ़ाकर 400 करोड़ कर दिया है।

# मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था हो रही लगातार मजबूत: कैप्टन भूपेन्द्र



**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**
**भाजपा** जिला कार्यालय में व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजन में केन्द्र एवं प्रदेश सरकार के बजट-2023 पर रविवार को परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा जिला अध्यक्ष कैप्टन भूपेन्द्र मुख्य वक्ता रहे,जबकि व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक कुलदीप गौतम कार्यक्रम के संयोजक रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता एवं जिला अध्यक्ष कैप्टन भूपेन्द्र ने केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा पेश किए गए बजट की बारीकियों से जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने परिचर्चा में भाग लेने आने वालों से उनके विचार भी लिए और कहा कि केन्द्र सरकार ने हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखकर बजट पेश किया है वहीं इसमें देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया गया है। जिस देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, वही देश तरक्की कर सकता है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आठ वर्ष से अधिक के कार्यकाल में हर बजट को जनहितैषी पेश करने के साथ-साथ अर्थव्यवस्था को मजबूती दी गई है। इसी तरह हरियाणा सरकार ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी प्रदेश के विकास को गति देने वाला बजट पेश किया, जिसकी हर किसी ने सराहना की। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार ने अमृतकाल का ऐतिहासिक बजट पेश करके हर वर्ग का दिल जीतने का काम किया है। जिला मीडिया प्रमुख राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि कार्यक्रम के संयोजक कुलदीप गौतम ने कार्यक्रम की पूरी भूमिका पर प्रकाश डाला।

# लड़कियों के छात्रावास में लगाया सेल्फ डिफेंस शिविर

8 लड़कियों के छात्रावास में एक सप्ताह के लिए सेल्फ डिफेंस शिविर आयोजित किया गया

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**
यहां के गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के लड़कियों के छात्रावास में एक सप्ताह के लिए सेल्फ डिफेंस शिविर आयोजित किया गया। शिविर में छात्रावास की लड़कियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज कम्बोज ने कहा कि छात्राओं को इस तरह की कार्यशाला में अवश्य भाग लेना चाहिए ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके तथा विपरीत परिस्थितियों में वे अपनी रक्षा कर सकें। महिला चीफ वार्डन प्रो. सुजाता सांघी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जहां आज के युग में महिलाओं के लिए अनेक कानून बने हुए हैं, वहीं लड़कियों को विपरीत परिस्थितियों में अपनी रक्षा करने के तरीके अवश्य आने चाहिए ताकि वक्त पड़ने पर वे अपनी सुरक्षा स्वयं कर सकें। उन्होंने कहा कि छात्रावास में पढ़ाई के सिलेबस के साथ-साथ छात्राओं को एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज में भी रखेंगे, ताकि छात्राओं को पढ़ाई का स्ट्रेस कम महसूस हो। हर सप्ताह एक एक्टिविटी कराने का हमारा प्रयास रहेगा। इस कार्यक्रम में डिप्टी चीफ वार्डन डॉ. मीनाक्षी भाटिया ने भी अपने विचार रखे। इस शिविर की सुपरवाइजर गुरप्रीत कौर सैनी रही। यह शिविर छात्राओं के लिए बहुत ही फायदेमंद रहा।

# हरियाणा में 40 से 400 करोड़ बढ़ा गौ सेवा आयोग का बजट: दलाल

8 हमारा लक्ष्य किसानों की सेवा करना और उनके लिए अच्छी नीतियां लागू करना है



**भिवानी/टीम एक्शन इंडिया**
**भिवानी** पहुंचे हरियाणा के कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि भाजपा की सरकार ने 8 सालों में कृषि का बजट पांच गुणा बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य किसानों की सेवा करना और उनके लिए अच्छी नीतियां लागू करना है। बता दें कि कृषि मंत्री जेपी दलाल सोमवार को भिवानी में अपने आवास पर जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इस दौरान उन्होंने 3 से 5 मार्च तक पीसीसीएआई व डीसीसीआई के संयुक्त तत्वावधान में होनी वाली स्व. कैप्टन करण सिंह दलाल मैमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट की ट्रॉफी का अनावरण भी किया। इस दौरान कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि हरियाणा में एससी वर्ग के 600 किसानों को ट्रैक्टर खरीदने के लिए लकी ड्रा से 3-3 लाख रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। ऐसे 50-52 किसानों को भिवानी में सब्सिडी दी जाएगी। उन्होंने दावा किया की केंद्र में मोदी ने और हरियाणा में मनोहरलाल ने 8 साल में कृषि का बजट पांच गुणा बढ़ाया है। कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि हरियाणा में गोवंश के लिए बजट 40 करोड़ रुपए से बढ़ा कर 400 करोड़ रुपये किया है। सभी बेसहारा गोवंशों को गोशालाओं में भेजा जाएगा व हरियाणा के बजट में इस बार जलभराव व सेम से निजात पाने के लिए 1200 करोड़ रुपए मंजूर हुए हैं।

# नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

8 सेंट्रल प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम सुमित है, जो फरीदाबाद का रहने वाला है

**फरीदाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
**छठी कक्षा में** पढने वाली नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को महिला थाना सेंट्रल ने गिरफ्तार किया है। महिला थाना सेंट्रल प्रभारी इंस्पेक्टर गीता ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम सुमित है, जो फरीदाबाद का रहने वाला है। इस मामले में एक आरोपी नाबालिग अभी पकड़ से बाहर है। 19 फरवरी को थाने में पोक्सो एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसमें आरोपी में अपने पड़ोस में रहने वाली 13 वर्षीय लडकी के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस को लडकी ने बताया कि वह छठी कक्षा में पढ़ती है। 18 फरवरी शाम को वह अपनी मौसी के घर जा रही थी तो रास्ते में सुमित और एक दूसरे लडके ने उसका रास्ता रोका और सुमित ने इसके पश्चात लडकी के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया तथा नाबालिक लडका बाहर खड़ा होकर निगरानी कर रहा था।

# जुगाड़ रिक्शा बंद करवाने को लेकर टैंपों चालकों ने लगाया जाम

8 ड्राइवरों ने प्रशासन व पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सड़क के दोनों तरफ लंबी-लंबी कतारें लग गई



**जींद/टीम एक्शन इंडिया**
**सफीदों** क्षेत्र से जुगाड़ रिक्शा संचालन बंद करवाने की मांग को लेकर भाईचारा टेंपो सर्विस के ड्राइवरों ने सोमवार को नगर के जींद रोड स्थित बाईपास पर पुलिस के बैरिकेड लगाकर जाम लगा दिया। इस दौरान ड्राइवरों ने प्रशासन व पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जाम लगने के कारण सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। जाम की सूचना पाकर सिटी थाना प्रभारी सुरेश कुमार मौके पर पहुंचे और ड्राइवरों को समझाने का प्रयास किया। जाम लगाए ड्राइवरों ने बताया कि सफीदों क्षेत्र में इस वक्त करीब 200 जुगाड़ रिक्शाएं चल रही हैं। जिसके कारण उनके ट्रांसपोर्ट के धंधे पर भारी असर पड़ रहा है। वे हर साल भारी भरकम टैक्स व बैंकों की किश्त भरते हैं। जुगाड़ रिक्शा वालों के पास कोई कागजात वगैरह नहीं होते, उसके बावजूद भी वे धड़ल्ले से चल रहे हैं। आज हालात यह हो गए हैं कि अब वे अपने टेंपो की बैंक किश्त भरने में भी असमर्थ हो गए है। वहीं धंधा चौपट होने के कारण परिवार का पालन पोषण करना दूभर हो गया है। जुगाड़ रिक्शाओं पर लगाम नहीं होने के कारण सफीदों क्षेत्र में इनके कारण कही ना कहीं है सड़क दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं और बेकसुर लोग चोटिल हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे इस मामले में सीएम विंडो कई बार शिकायत लगा चुके हैं लेकिन किसी के झूठे दस्तखत करवा कर उनकी शिकायत को बंद कर दिया जाता है। वे इस समस्या को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों, सिटी थाना व सदर थाना प्रभारियों से भी मिल चुके हैं लेकिन स्थिति जस की तस है और इन जुगाड़ रिक्साओं पर आजतक कोई लगाम नहीं लगाई गई है।

# कवयित्री डॉ. राजबाला राज को इंदौर में किया गया सम्मानित

8 मुशायरा कार्यक्रम में सोढानी परिवार की ओर से शॉल, मोमेंटो व नकद राशि देकर सम्मानित किया गया

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**
**सामाजिक** संस्था सजग की साहित्य प्रकोष्ठ की अध्यक्षा एवं अखिल भारतीय राज साहित्य मंच की संस्थापिका कवयित्री डॉ. राजबाला राज को मध्यप्रदेश के इंदौर में आयोजित आल इंडिया मुशायरा कार्यक्रम में सोढानी परिवार की ओर से शॉल, मोमेंटो व नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। सजग के प्रदेशाध्यक्ष सत्यपाल अग्रवाल ने सोमवार को बताया कि वर्ष 2019 में विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ भागलपुर बिहार द्वारा विद्या वाचस्पति उपाधि (डाक्ट्रेट) की उपाधि प्राप्त कर चुकी डॉ. राजबाला राज को 2020 में महाराष्ट्र की संस्था से वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाण पत्र सहित इन्हें उत्कृष्ट संपादन, सक्रिय लेखन कार्य, हिन्दी साहित्य के क्षेत्र में किए गए कार्य एवं राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा के आधार पर सराहनीय कार्य करने के संदर्भ में देश विदेश से अब तक 40 सम्मान प्राप्त हो चुके हैं।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने निकाला गुणवत्ता संचलन

8 सर्वांगीण विकास करके उनके द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करते हुए राष्ट्र निर्माण में सतत लगा रहता है



**फरीदाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी कार्यशैली एवं नित्य शाखाओं द्वारा अपने कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों का सर्वांगीण विकास करके उनके द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करते हुए राष्ट्र निर्माण में सतत लगा रहता है। इसी कड़ी में सोमवार को पूर्ण गणवेश में संघ के 202 स्वयंसेवकों का गुणवत्ता संचलन दशहरा मैदान सेक्टर 16 से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होता हुआ दशहरा मैदान पर आकर संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में सीबी रावल चेयरमैन रावल शिक्षण संस्थान ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि मैं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से इतना प्रभावित हूं कि मैं किसी भी रूप में समाज की सेवा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के किसी भी माध्यम से करना चाहता हूं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समाज का एक ऐसा संगठन है जो समाज के लिए विभिन्न तरह की आपदाओं में हमेशा तैयार रहता है। सहयोग करता रहता है। इस मौके पर उमेश संघचालक फरीदाबाद महानगर ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्य व्यक्ति निर्माण करना है और व्यक्ति निर्माण करने से व्यक्ति समाज के कार्य करने के लिए सक्षम हो जाता है। आज के कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अनिल रीदाबाद विभाग के विभाग प्रचारक ने कहा संघ राष्ट्र सर्वप्रथम के उद्देश्य से चलने वाला संगठन है। इसमें स्वयंसेवक सूचना के बाद सोचना नहीं ऐसे विचार के साथ कार्य करते हैं। समाज में आने वाली आपदाओं में हमेशा तैयार रहते हैं, चाहे वह भारत विभाजन की त्रासदी हो, नेपाल का भूकंप, दक्षिण की सुनामी हो, विभिन्न राज्यों में आने वाली बाढ़ हो, केदारनाथ की बाढ़ हो या कश्मीर की बाढ़ हमेशा सहयोग के लिए तत्पर रहते हैं। उनका विचार है आर्थिक सहयोग से ज्यादा व्यवहारिक सहयोग प्रभावी होता है। नित्य प्रति शाखा जाने से श्रद्धा उत्पन्न होती है और ऐसी श्रद्धा न झुकने देती है, ना थकने देती है, ना रुकने देती है, ना बिकने देती है, ना मरने देती है।

# विदेश से आए फोन पर मिली जान से मारने की धमकी

**फतेहाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
**जिले** के शहर टोहाना निवासी एक व्यक्ति को विदेश से आए फोन पर उसे जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। सोमवार को इस बारे में टोहाना पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में प्रविन्दर सिंह ने कहा है कि अज्ञात युवक विदेशी नंबर से फोन कर उसे बार-बार परेशान कर रहा है।

आरोपी ने फोन पर न केवल उसके साथ गाली-गलौच किया बल्कि जान से मारने की भी धमकियां दी। प्रविन्दर ने कहा कि फोन करने वाले ने उससे कहा कि उसे तारने की सुपारी दी गई है।

# सरकारी नौकरी में होते हुए बिना दहेज के सत्यप्रकाश ने रचाया ब्याह

8 दहेज की इस कुप्रथा को खत्म करने के लिए गांव गांव हाजमपुर निवासी रामनिवास यादव ने पेश किया है

**भिवानी/टीम एक्शन इंडिया**
**अक्सर देखा** जाता है कि शादी में इस बात की चर्चा अधिक रहती है कि लडकी कितना दहेज लेकर आई, बरातियों को क्या दिया। यह सब समाज में प्रतिष्ठा का विषय बन जाता है। इसके कारण कई बार रिश्तों में खटास आ जाती है। दहेज की इस कुप्रथा को खत्म करने के लिए गांव गांव हाजमपुर निवासी रामनिवास यादव ने पेश किया है, जिन्होंने अपने पुत्र सत्यप्रकाश की शादी बिना दहेज के सिर्फ एक रूपया व नारियल लेकर की। बता दें कि गांव हाजमपुर निवासी रामनिवास यादव ने अपने पुत्र सत्यप्रकाश का विवाह गांव दिनोद निवासी रमेश यादव की पुत्री कोमल के साथ तय किया था। कोमल का लालन-पालन उसके नाना के घर भुरटाना में हुआ था तथा उसकी नानी ने ही कन्यादान की रस्म भी निभाई थी। सत्यप्रकाश भी प्रदेश में सरकारी सेवा में है। लडके पक्ष की तरफ से लडकी पक्ष के समक्ष दहेज ना लेने की बात रखी गई, जिस सोच पर समारोह में मौजूद सभी लोगों ने दिल खोल कर तारीफ की तथा अपना आशीर्वाद दिया। इस दौरान सत्यप्रकाश ने समाज के समक्ष एक अनूठी मिसाल पेश करते हुए टीका समारोह में एक रूपया व नारियल लेकर दहेजप्रथा जैसी कुरीतियों पर प्रहार किया। इस मौके पर राष्ट्रीय सम्मान संस्था के संस्थापक नेत्रपाल तंवर ने कहा कि शादियों में दहेज की कामना रखने वाले लोगों को संदेश देने के लिए ये पहल की है। उन्होंने कहा कि बहू के रूप में कन्याधन की प्राप्ति होने के बाद दहेज कोई मायने नहीं रखता।









# सिसोदिया के खिलाफ कोई सबूत नहीं: केजरीवाल

## 'सीबीआई के अधिकतर थे मनीष की गिरफ्तारी के खिलाफ, ऊपर से दबाव के चलते लिया फैसला

### बचाव में उतरे सीएम

= सभी मनीष का बहुत आदर करते हैं और उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं है। आकाओं के दबाव में उन्हें गिरफ्तारी करनी पड़ी

**नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**

**दिल्ली के** उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद से ही पूरी आम आदमी पार्टी उनके बचाव में आ गई है। पार्टी का पूरे देश में विरोध-प्रदर्शन चल रहा है। इसी बीच दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर एक बार फिर अपने शिक्षा मंत्री का बचाव किया है। अरविंद केजरीवाल ने अपने ट्वीट में लिखा, मुझे बताया गया है कि सीबीआई के ज्यादातर अफसर मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के खिलाफ थे। सभी मनीष का बहुत आदर करते हैं और उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं है। लेकिन अपने राजनीतिक आकाओं के दबाव में उन्हें गिरफ्तारी करनी पड़ी।

**केजरीवाल और मान ने सिसोदिया की पत्नी से रविवार को मिलकर बढ़ाया था ढांढस:** उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान उनके घर पहुंचे। परिवार वालों को दोनों मुख्यमंत्री ने ढांढस दिया और कहा कि सिसोदिया सच्चे देशभक्त है। भगवान उनके साथ है। उनकी गिरफ्तारी देश की गंदी राजनीति की वजह से हुई। मुलाकात करने के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि मनीष सिसोदिया के परिवार से मिलकर आया हूं, उनकी धर्मपत्नी और माताजी से मिला। उनको भरोसा दिया कि हम सब उनके साथ हैं, मनीष एक सच्चे देशभक्त हैं और देश के लोगों और बच्चों के भविष्य के लिए लड़ रहे हैं। सिसोदिया की पत्नी एक गंभीर बीमारी से पीड़ित है।





## देश में इमरजेंसी के संकेत: सौरभ भारद्वाज

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**आम** आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को कहा कि देश में इमरजेंसी के संकेत हैं। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के साथ आम आदमी पार्टी के 80 फीसदी नेतृत्व को पुलिस ने गिरफ्तार कर रखा है। इंदिरा गांधी ने जो इमरजेंसी में किया था वही केंद्र की मोदी सरकार कर रही है। केंद्र सरकार कह रही है कि 'आप' नेताओं को हिरासत में लिया गया है। जबकि हिरासत एक-दो घंटे की होती है लेकिन



नेताओं को पकड़े करीब 24 घंटे हो गए हैं। इतनी देर तक किसी को गिरफ्तार करना गैर कानूनी है। अब तक उनको कोर्ट में पेश करना चाहिए था। राज्य सभा सांसद, दिल्ली सरकार के मंत्री को किन किन धाराओं में गिरफ्तार कर रखा है। यह भी नहीं बताया गया है। उन्होंने कहा कि उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी को लेकर वही बासी कहानी है जो सीबीआई मई 2022 से सुना रही है। ऐसे में अचानक सिसोदिया को गिरफ्तार करने की क्या जरूरत पड़ गई ? इस पॉलिसी को तत्कालीन एलजी अनिल बैजल ने अप्रूव किया था।

### 'आप के बड़े नेताओं को बिना किसी वजह के सलाखों के पीछे डाला'

**पूरी** रात थाने में काटी है। इसके अलावा जिला प्रभारी, लोकसभा संयोजक भी गिरफ्तार हैं। इस तरह से आम आदमी पार्टी के संगठन को अहम लोगों को कल से केंद्र सरकार ने सलाखों के पीछे डाला हुआ है। यह इमरजेंसी के संकेत हैं। इंदिरा गांधी ने जो इमरजेंसी में किया था वही आज केंद्र की मोदी सरकार कर रही है। आम आदमी पार्टी के बड़े नेताओं को बिना किसी वजह के सलाखों के पीछे डाल रखा है।

# 'आप' नेताओं ने साधा मोदी सरकार पर निशाना



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**दिल्ली** पुलिस ने रविवार को आम आदमी पार्टी के कई नेताओं को हिरासत में लिया था। अब दिल्ली पुलिस ने इन नेताओं और कार्यकर्ताओं को फतेहपुर बेरी थाने में करीब 22 घंटे रखने के बाद छोड़ दिया है। हिरासत से बाहर आते ही सांसद संजय सिंह और दिल्ली सरकार में मंत्री गोपाल राय ने मोदी सरकार पर जोरदार हमला किया। सांसद संजय सिंह ने कहा कि सिसोदिया को गिरफ्तार करना केंद्र सरकार की कायरतापूर्ण कार्रवाई है। दूसरी ओर मोदी जी के मित्र गौतम अडानी है, जिन्होंने लाखों-करोड़ रुपये का घोटाला किया है, लेकिन उनके ऊपर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। उन्होंने कहा ह्यमैं प्रधानमंत्री मोदी से पूछना चाहता हूं कि आप अपने मुंह से अडानी का नाम क्यों नहीं लेते है? आपके पास हिम्मत नहीं है कि अडानी के खिलाफ कोई कार्रवाई कर सकें। वहीं केजरीवाल सरकार में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि मनीष सिसोदिया की जिस तरह से गिरफ्तारी हुई है। ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या देश में लोकतंत्र खत्म हो चुका है? उन्होंने कहा मोदी सरकार भले ही हमारे सभी मंत्रियों को गिरफ्तार कर लें, लेकिन उसके बाद भी केंद्र सरकार के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि नई आबकारी नीति में कथित भ्रष्टाचार मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार किया था।

# आतंकवाद की ट्रेनिंग: जम्मू-कश्मीर होकर पाक सीमा में एंट्री

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**भारत में** आतंकी वारदातों को अंजाम देने के लिए हथियार व बम चलाने की ट्रेनिंग लेने पाकिस्तान जा रहे युवक जम्मू कश्मीर से पाकिस्तान की सीमा में बॉर्डर से अवैध रूप से प्रवेश करने वाले थे। ये दिल्ली से जम्मू कश्मीर जा रहे थे। ये खुलासा दिल्ली पुलिस की गिरफ्त में मौजूद आरोपी युवकों खालिद मुबारक खान(21) व अब्दुल्ला उर्फ अब्दुर रहमान(26) ने किया है। दिल्ली पुलिस ने दोनों को सोमवार तक पुलिस रिमांड पर ले रखा है। पुलिस ने अभी दोनों आरोपियों को सिर्फ आर्म्स एक्ट की धाराओं में गिरफ्तार किया गया है। दोनों को



आतंकी विरोधी रोकथाम अधिनियम(यूएपीए) के तहत गिरफ्तार नहीं किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ये भटके हुए युवक हैं। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की पूछताछ में सामने आया है कि अब्दुल्ला उर्फ अब्दुर रहमान बांग्लादेश का रहने वाला हैं। वह तीन वर्ष पहले बांग्लादेश से अवैध रूप से भारत में आया था और तमिलनाडु में काजू निकालने का काम करता था। वह मदरसे में आठवीं कक्षा तक पढ़ा है। बांग्लादेशी होने के कारण वह अंसार के बहकावे में जल्दी आ गया। खालिद मुबारक खान 12 वीं कक्षा तक पढ़ा है। इन दोनों ने पूछताछ में बताया कि ये जम्मू कश्मीर जाने के लिए दिल्ली आए थे। जम्मू में ये लश्कर ए तैय्बा के एक आतंकी व जेहादी से मिलने वाले थे। वह उन्हें वहां ठहरता और पाकिस्तान में प्रवेश करवाता। स्पेशल सेल के एक अधिकारी ने बताया कि जम्मू कश्मीर ने कुछ युवकों को पकड़ा है। दिल्ली पुलिस जम्मू कश्मीर पुलिस के लगातार संपर्क है। पुलिस को जांच में ये भी पता लगा है कि पाकिस्तान में बैठा अंसार नामक हैंडलर इनको पाकिस्तान बुला रहा था। वह लश्कर का आतंकी व पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएएस के संपर्क में है।

# अडानी मुद्दे पर कांग्रेस आयोजित करेगी "पर्दाफाश रैली"

**नई दिल्ली:** कांग्रेस अडानी समूह पर लगे आरोपों को लेकर देशभर में "पर्दाफाश रैली" का आयोजन करेगी। कांग्रेस का आरोप है कि अडानी समूह पर हिंडनबर्ग ने गंभीर आरोप लगाए हैं लेकिन केन्द्र सरकार समूह की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का गठन नहीं कर रही है। कांग्रेस ने सोमवार को ट्वीट कर कहा कि अडानी मामले पर मोदी सरकार की चुप्पी के खिलाफ पार्टी देशभर में विरोध प्रदर्शन करेगी। इसी क्रम में 06 मार्च से 10 मार्च तक कांग्रेस देशभर में ब्लॉक स्तर पर एलआईसी और सरकारी बैंकों के सामने विरोध प्रदर्शन करेगी।

# 'मेड इन इंडिया' डीओ-228 विमान के अपग्रेडेशन को डीजीसीए की मंजूरी

~~मास्क से पहचान छिपाकर अगवा किया था बच्चा, पकड़े गए~~

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए)** ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के विमान 'हिंदुस्तान डीओ-228' के एक नए संस्करण को मंजूरी दे दी है। अपग्रेडेशन के बाद विमान के नए वर्जन का वजन 19 यात्रियों की क्षमता के साथ अधिकतम 5,695 किलोग्राम होगा। एचएएल को घरेलू स्तर पर डीओ-228 के निर्माण के लिए अधिकृत किया गया है। इसका इस्तेमाल यात्रियों और वीआईपी को लाने-ले जाने, माल ढोने और एयर एम्बुलेंस के रूप में किया जा सकता है। बेंगलुरु मुख्यालय वाले एचएएल ने सोमवार को एक बयान में कहा कि अपग्रेडेशन के बाद विमान के नए वर्जन का वजन 19 यात्रियों की क्षमता के साथ अधिकतम 5,695 किलोग्राम होगा। यह वेरिएंट ऑपरेटरों के लिए कई ऑपरेशनल सुविधाओं वाला होगा, जैसे इसे गैर कमर्शियल लाइसेंस वाले पायलट भी उड़ा सकेंगे, जिससे विमान के लिए पायलट पूल की उपलब्धता में



### अपग्रेडेशन

= अपग्रेडेशन के बाद विमान के नए वर्जन का वजन 19 यात्रियों की क्षमता के साथ अधिकतम 5,695 किलोग्राम होगा

वृद्धि होगी और परिचालन लागत में भी कमी आएगी। इसके अलावा नए संस्करण के रखरखाव, इंजीनियरों सहित उड़ान और ग्राउंड क्रू के लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता कम हो जाएगी। हिंदुस्तान-228 विमान नागरिक संस्करण है, जिसे जर्मन कंपनी डोर्नियर जीएमबीएच के लाइसेंस के तहत एचएएल ने बनाया है। यह मल्टी फंक्शनल हल्का कार्गो विमान है। 1970 के दशक के अंत में एक जर्मन संगठन ने डोर्नियर डीओ-228 का डिजाइन और निर्माण किया। 1983 में विमान के निर्माण के लिए डोर्नियर और एचएएल के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। यह समझौता 150 विमानों तक के लाइसेंसशुदा उत्पादन के लिए था। एचएएल को घरेलू स्तर पर डीओ-228 के निर्माण के लिए अधिकृत किया गया है। एचएएल ने 2016 के अंत में विमान का नागरिक संस्करण बनाने के इरादे की घोषणा की। एक साल बाद एचएएल के कानपुर संयंत्र में तत्कालीन नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री जयंत सिन्हा ने अलग से यूनिट शुरू की।

# सिसोदिया की गिरफ्तारी पर 'आप' का हल्ला बोल

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**दिल्ली** आबकारी घोटाले में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन किया है। हालांकि, इसको देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। पुलिस के आलाधिकारियों ने उग्र तरीके से प्रदर्शन कर रहे नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेने का आदेश दिया है। वहीं आप विधायक सौरभ भारद्वाज और आदिल अहमद समेत अन्य नेता अपने हाथों में हथकड़ी लगाकर लोगों को यह संदेश दे रहे थे कि यहां इमरजेंसी जैसी हालात हैं। सौरभ भारद्वाज ने कहा मनीष सिसोदिया को बिना किसी सबूत के गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ जो प्रदर्शनकारी माइक पर नारे लगा रहे हैं, उन्हें भी सीज करने का आदेश दिया है। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों से कहा कि यहां धारा 144 लगी हुई है, इसलिए इसका उल्लंघन ना करें, सब वापस लौट जाएं, नहीं तो सभी को हिरासत में ले लिया जाएगा। आम आदमी पार्टी के तमाम विधायक व अन्य प्रदर्शनकारी



### सख्ती

= दिल्ली पुलिस ने आप कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन को देखते हुए सुबह से ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर लिए थे

बीजेपी दफ्तर की तरह बढ़ रहे थे, तो वहां पर सुरक्षा में तैनात दिल्ली पुलिस और आप कार्यकताओं के बीच झड़प हो गई, जिसमें सुरक्षाकर्मियों ने आप के कई कार्यकताओं को हिरासत में लिया है। हालांकि इसके बाद भी कार्यकताओं का प्रदर्शन जारी है, हालांकि मौके पर भारी संख्या में पुलिस और सुरक्षा बल तैनात हैं। उल्लेखनीय है कि दिल्ली पुलिस ने आप कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन को देखते हुए सुबह से ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर लिए थे। तीन चरणों में बैरिकेड जगह-जगह लगाए गए।

# 'आप सबसे ज्याजा बेईमान साबित हुई'

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**केन्द्रीय विदेश एवं** संस्कृति राज्य मंत्री एवं भाजपा सांसद मीनाक्षी लेखी ने आम आदमी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि उन्हें अपने पापों को छिपाने के लिए भगत सिंह का नाम नहीं लेना चाहिए। आप ने ईमानदारी के नाम पर सरकार बनाई है, लेकिन ये लोग सबसे ज्यादा बेईमान साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के बच्चे इस सरकार और पहले की सरकारों के कारण पीड़ित हैं। दिल्ली



के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी पर पर मीनाक्षी लेखी ने कहा कि आप ने कौशल प्रशिक्षण के नाम पर घोटाले किए गए। केंद्रीय एजेंसियां किसी के कहने पर काम नहीं करतीं, अगर वे भाजपा के कहने पर काम करतीं तो उन्हें चुनाव से पहले गिरफ्तार कर लिया गया होता सीबीआई ने सबूत मिलने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया है।

### साधा निशाना

= आम आदमी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि उन्हें अपने पापों को छिपाने के लिए भगत सिंह का नाम नहीं लेना चाहिए

# ग्लव्स पहनकर पत्नी और दो बेटों को चाकू से काट डाला

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**दिल्ली** के मोहन गार्डन के विपिन गार्डन इलाके में आर्थिक तंगी से परेशान एक कारोबारी ने अपनी पत्नी और दो मासूम बेटों की गला रेतकर हत्या कर दी। इसके बाद कारोबारी ने खुद के हाथों की नसें काटकर जान देने की कोशिश की। वारदात से पहले कारोबारी ने अपने स्कूली दोस्तों को व्हाट्सएप ग्रुप पर सुसाइड नोट भेजा था। पुलिस ने कारोबारी के खिलाफ हत्या और खुदकुशी का प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मृत महिला और उसके बेटों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। द्वारका जिला पुलिस अधिकारियों



के अनुसार, मृतकों की शिनाख्त सुनीता (34), उनके पांच साल का बेटे आर्यन और चार माह के बेटे अमय के रूप में हुई है, जबकि घायल कारोबारी की पहचान राजेश के रूप में हुई है। राजेश परिवार के साथ विपिन गार्डन के सी ब्लॉक में रहते हैं। इनके साथ ही बुजुर्ग माता-पिता रहते हैं। राजेश सोम बाजार रोड पर एक परचून की दुकान चलाते हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि राजेश ने अपने स्कूल के दोस्तों के व्हाट्सएप ग्रुप पर रविवार तड़के अपनी पत्नी और बच्चों की हत्या करने के बाद खुदकुशी करने का मैसेज पोस्ट किया। इसे देखकर उसके एक दोस्त ने उनके भाई राजीव को जानकारी दी। राजीव राव तुलाराम अस्पताल में डॉक्टर हैं और राजेश के घर से कुछ दूरी पर रहते हैं। सूचना मिलते ही वह सुबह करीब छह बजे अपने छोटे भाई के घर पर पहुंचे। राजेश का कमरा बंद था, बगल वाले कमरे में उनके बुजुर्ग माता-पिता थे। काफी खटखटाने पर जब दरवाजा नहीं खुला तो राजीव ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर कमरे में गई। कमरे का दृश्य देखकर पुलिसकर्मियों के भी होश उड़ गए।

# एलजी ने एएसआई शंभु दयाल के बेटे को नियुक्ति पत्र सौंपा

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**दिल्ली के** उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सोमवार को दिल्ली पुलिस के शहीद उप निरीक्षक (एएसआई) शंभु दयाल के बेटे दीपक को उप निरीक्षक पद के लिए नियुक्ति पत्र सौंपा। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कहा कि शंभु दयाल ने अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए अदम्य साहस और वीरता का परिचय दिया था। दिल्ली पुलिस की सभी रैंक और फाइल, उनके



सर्वोच्च बलिदान को हमेशा याद रखेगी।

उल्लेखनीय है कि एक अपराधी ने एएसआई शंभु दयाल पर उस समय हमला कर दिया जब वे उन्हें अपनी हिरासत में लेकर पुलिस थाने ले जा रहा थे। इससे उनकी मौत हो गई थी।

# शराब नीति, डीटीसी बस से क्लासरूम घोटाले और जासूसी कांड तक...कई आरोपों से घिरी केजरीवाल सरकार

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**दिल्ली** की अरविंद केजरीवाल सरकार लगातार आरोपों में घिर रही है। नई शराब नीति को लेकर लगे केजरीवाल के सबसे खास और दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को सीबीआई ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। सिसोदिया से सीबीआई ने आठ घंटे की लंबी पूछताछ की। सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद से सियासी गलियारे में हलचल तेज हो गई है। ऐसा नहीं है कि दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार पर केवल शराब घोटाले का ही आरोप है। इसके पहले भी कई तरह के आरोप केजरीवाल सरकार पर लग चुके हैं और अभी सभी मामलों में जांच जारी है।

**शुरूआत शराब घोटाले को लेकर करते हैं :** 17 नवंबर 2021 को दिल्ली सरकार ने राज्य में नई शराब नीति लागू की। इसके तहत राजधानी में 32 जोन बनाए गए और हर जोन में ज्यादा से ज्यादा 27 दुकानें खुलनी थीं। इस तरह से कुल मिलाकर 849 दुकानें खुलनी थीं। नई शराब नीति



में दिल्ली की सभी शराब की दुकानों को प्राइवेट कर दिया गया। इसके पहले दिल्ली में शराब की 60 प्रतिशत दुकानें सरकारी और 40 प्रतिशत प्राइवेट थीं। नई पॉलिसी लागू होने के बाद 100 प्रतिशत प्राइवेट हो गईं। सरकार ने तर्क दिया था कि इससे 3,500 करोड़ रुपये का फायदा होगा। इस मामले में दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया खुद फंसे हुए हैं। उनके घर सीबीआई का छापा भी पड़ चुका है। उन्हें गिरफ्तार भी कर लिया गया। वहीं, भाजपा ने नई शराब नीति से जनता और सरकार दोनों को नुकसान होने का आरोप लगाया। बड़े शराब कारोबारियों को फायदा होने की बात भी कही।

**लाइसेंस फीस में भारी इजाफा करके बड़े कारोबारियों को लाभ पहुंचाने का आरोप :** पहले जिस लाइसेंस की फीस 25 लाख रुपये थी, उसे बढ़ाकर पांच करोड़ कर दिया गया। आरोप है कि दिल्ली सरकार ने जानबूझकर बड़े शराब कारोबारियों को फायदा पहुंचाने के लिए लाइसेंस शुल्क बढ़ाया। इससे छोटे ठेकेदारों की दुकानें बंद हो गईं और बाजार में केवल बड़े शराब माफियाओं को लाइसेंस मिला। विपक्ष का आरोप ये भी है कि इसके एवज में आप के नेताओं और अफसरों को शराब माफियाओं ने मोटी रकम घूस के तौर पर दी।

**खुदरा बिक्री में सरकारी राजस्व में भारी कमी होने का आरोप:** दूसरा आरोप शराब की बिक्री को लेकर है। उदाहरण के लिए मान लीजिए पहले अगर 750 एमएल की एक शराब की बोतल 530 रुपये में मिलती थी। तब इस एक बोतल पर रिटेल कारोबारी को 33.35 रुपये का मुनाफा होता था, जबकि 223.89 रुपये उत्पाद कर और 106 रुपये वैट के रूप में सरकार को मिलता था। मतलब एक बोतल पर सरकार को 329.89 रुपये का फायदा मिलता था। नई शराब नीति से सरकार के इसी मुनाफे में खेल होने दावा किया जा रहा है। दावा है कि नई शराब नीति में वही 750 एमएल वाली शराब की बोतल का दाम 530 रुपये से बढ़कर 560 रुपये हो गई। इसके अलावा रिटेल कारोबारी का मुनाफा भी 33.35 रुपये से बढ़कर सीधे 363.27 रुपये पहुंच गया। मतलब रिटेल कारोबारियों का फायदा 10 गुना से भी ज्यादा बढ़ गया। वहीं, सरकार को मिलने वाला 329.89 रुपये का फायदा घटकर तीन रुपये 78 पैसे रह गया। इसमें 1.88 रुपये उत्पाद शुल्क और 1.90 रुपये वैट शामिल है।

## डीटीसी बस की खरीददारी को लेकर लगे आरोप

**दिल्ली** के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना के कार्यालय में पिछले साल एक शिकायत आई थी। इसमें दिल्ली परिवहन निगम यानी डीटीसी द्वारा एक हजार लो-फ्लोर बसों की खरीद में भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। मामले ने तूल पकड़ा तो मुख्य सचिव ने इसकी जांच की। इसमें अनियमितता मिलने पर मुख्य सचिव ने सीबीआई से जांच कराने का प्रस्ताव उप-राज्यपाल को दिया। जिसे उप-राज्यपाल ने मंजूरी दे दी है। शिकायत में दावा किया गया है कि दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने पूर्व नियोजित तरीके से परिवहन मंत्री को बसों की निविदा व खरीद के लिए गठित समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया।

शिकायत में यह आरोप भी लगाया गया कि इस निविदा के लिए बोली प्रबंधन सलाहकार के रूप में डीआईएमटीएस की नियुक्ति गलत कामों को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से की गई। आरोप है कि एक हजार लो फ्लोर बीएस-4 और बीएस-6 बसों के लिए जुलाई 2019 की खरीद बोली लगी। इसके बाद मार्च 2020 में लो फ्लोर बीएस-6 बसों की खरीद व वार्षिक रखरखाव के लिए दूसरी बोली लगी। इन दोनों में अनियमितताएं हुई हैं।

# देश आजाद पर दिल्ली के सैंकड़ों गाँव वाले आज भी गुलाम: दयानंद वत्स

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली** मूल ग्रामीण पंचायत की चिंतन बैठक नारायणा गाँव के प्राचीन राम द्वारा, माता हिंगलाज देवी मंदिर प्रांगण में पंचायत की नारायणा गाँव यूनिट के निष्ठावान सदस्यों आदित्य तंवर, अमित तंवर, देवेंद्र तंवर द्वारा आयोजित की गई। पंचायत में नारायणा ग्रामवासियों के साथ ही अन्य गाँवों की 36 बिरदरी के लोग मौजूद थे। पंचायत की अध्यक्षता प्रोफेसर राजबीर सोलंकी बापडोला ने की। नरेश डबास सुल्तानपुर डबास ने मुख्य वक्ता के रुप में विस्तार से ग्रामीणों के सामने आ रही समस्याओं और मुद्दों पर चर्चा की। पंचायत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स बरवाला ने दिल्ली के गांववासियों को उनकी संपत्ति का मालिकाना हक देने, हाउस टैक्स सदा के लिए खत्म करने और म्यूटेशन फिर से शुरू करने की मांग रखी। वत्स ने कहा कि देश आजाद है पर आजादी के 75 सालों के बाद भी दिल्ली के सैंकड़ों गांववालों को सरकार ने आज भी लालडोरे में कैद किया हुआ है। उनकी अपनी ग्राम सभा की भूमि को सरकार ने डीडीए के हवाले कर दिया है। ग्राम केंद्रित विकास योजनाएं ठंडे बस्ते में डाल दी गई हैं। ग्राम सभा का करोडों रुपया सरकार के खातों में जमा है। उस धनराशि को गांवों के विकास पर खर्च नहीं किया जा रहा है। डीडीए द्वारा गाँवों की भूमि का अधिग्रहण ओने पोने दाम पर किया गया। बाद में उसी जमीन को डीडीए करोडों में बेच कर प्रापर्टी डीलर जैसा व्यवहार कर रहा है।



बैठक में दिचाऊं कलां गांव से शिव कुमार शौकीन, मुंढेला कलां गांव से डॉ अमित सिंह खर्ब, लिबासपुर से डॉ. हंसराज समन्वयक, बवाना से परमजीत कौशिक, तिगीपुर से विवेक प्रताप , बख्तावरपुर से नितिन चौहान, सुधीर कुमार, खामपुर से प्रेम सिंह,भोरगढ गांव एवं बडी संख्या में नारायणा गांव के प्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर अपनी बात रखी।

## भाजपा के खिलाफ जुर्माना का अपना आदेश कोर्ट ने लिया वापस

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय जनता पार्टी पर लगाया एक लाख रुपये का जुर्माने के आदेश को सोमवार को वापस ले लिया है। यह जुर्माना सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा पर अपने उम्मीदवारों के खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों को चुनाव से पहले सार्वजनिक न करने के मामले में लगाया था। सोमवार को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा की पुनर्विचार अर्जी पर विचार करते हुए कहा कि उम्मीदवारों की जानकारी सार्वजनिक करने के आदेश की अवहेलना जानबूझकर नहीं हुई। सुप्रीम कोर्ट ने अगस्त 2021 में आठ राजनीतिक दलों पर कोर्ट की अवमानना के चलते जुर्माना लगाया था।

## शैलेश पाठक फिक्की के नये महासचिव नियुक्त

**नई दिल्ली:** शैलेश पाठक को भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) का नया महासचिव नियुक्त किया गया है। पूर्व नौकरशाह शैलेश पाठक एक मार्च को अपना पदभार संभालेंगे। उद्योग मंडल फिक्की ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि शैलेश पाठक को नया महासचिव नियुक्त किया गया है। फिक्की के मुताबिक पाठक एक मार्च को अपना पदभार संभालेंगे। बयान में कहा गया है कि मौजूदा महानिदेशक अरुण चावला 30 जून, 2023 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उसके बाद वह सलाहकार की भूमिका में रहेंगे।


**उत्तर मध्य रेलवे** G20

No.: सी वि/टेंडर/एम पी एस/प्रयागराज/2023 दिनांक: 22.02.2023

**निविदा सं.: 01/एम.पी.एस/2023**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा सील बंद बिड एकल पैकेट सिस्टम के द्वारा मल्टी पर्पस स्टाल की सुविधा प्रदान करने हेतु प्रयागराज मण्डल के अलीगढ़ (ALJN), टूंडला (TDL), इटावा (ETW), फफूंद (PHD), मिर्ज़ापुर (MZP), फतेहपुर (FTP), माणिकपुर (MKP), सूबेदारगंज (SFG), फिरोज़ाबाद (FZD), शिकोहाबाद (SKB) एवं विन्ध्याचल (BDL) स्टेशनों पर 05 वर्षों के लिए मल्टी पर्पस स्टाल सामान्य एवं स्पेशल दोनों के आवंटन हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्नलिखित है:-

Annexure-Z

| S. No. | Bid No. | STN | PF | STN Catg | MPS Unit No. | Type of Unit | Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 17/ 2023 | ALJN | 1/2 | A(NGS-3) | ALJN/ MPS/02 | SMPS-FF/WRF | Between KM 1328/34 and 1328/31 |
| 2 | 18/ 2023 | TDL | 07 | A(NGS-3) | TDL/ MPS/03 | GMPS Women | Between KM 1248 /3062 and 1248/3060 |
| 3 | 19/ 2023 | MZP | 01 | A(NGS-3) | MZP/ MPS/03 | GMPS | Beside RPF Post, HWH End |
| 4 | 20/ 2023 | ETW | 01 | A(NGS-3) | ETW/ MPS/01 | GMPS-Women | Between Water Booth 11 and 12 |
| 5 | 21/ 2023 | ETW | 01 | A(NGS-3) | ETW/ MPS/02 | SMPS-SC Women | Between Water Booth 12 and 13 |
| 6 | 22/ 2023 | ETW | 2/3 | A(NGS-3) | ETW/ MPS/03 | GMPS | Between Water Booth Near OHE Pillar 1156/36 |
| 7 | 23/ 2023 | ETW | 2/3 | A(NGS-3) | ETW/ MPS/04 | GMPS Women | Between Water Booth 09 and Toilet |
| 8 | 24/ 2023 | ETW | 05 | A(NGS-3) | ETW/ MPS/05 | SMPS-Minority | Near OHE Pillar 1156/30 |
| 9 | 25/ 2023 | FTP | 01 | A(NSG-4) | FTP/ MPS/03 | SMPS-ST | West To SSI Room |
| 10 | 26/ 2023 | PHD | 1/2 | A(NSG-4) | PHD/ MPS/01 | GMPS | Between Water Booth 05 and 06 |
| 11 | 27/ 2023 | PHD | 1/2 | A(NSG-4) | PHD/ MPS/02 | SMPS -BPL | Between Toilets Near OHE Pillar 1100/28 |
| 12 | 28/ 2023 | PHD | 3/4 | A(NSG-4) | PHD/ MPS/03 | GMPS | Between Toilet and water Booth 01 |
| 13 | 29/ 2023 | PHD | 3/4 | A(NSG-4) | PHD/ MPS/04 | GMPS Women | Between Water Booth 09 and 10 |
| 14 | 30/ 2023 | MKP | 4/5 | B(NSG-4) | MKP/ MPS/04 | GMPS | Between OHE Pole MKP /3020 and MKP/3018 |
| 15 | 31/ 2023 | SFG | 01 | B(NSG-4) | SFG/ MPS/03 | GMPS | Between Passenger Shed and Tree |
| 16 | 32/ 2023 | SFG | 2/3 | B(NSG-4) | SFG/ MPS/04 | GMPS Women | Beside OHE Pole 829/06 |
| 17 | 33/ 2023 | FZD | 1/2 | B(NSG-5) | FZD/ MPS/03 | SMPS-SC -Woman | Between KM 1232/5 and Water Booth 09 |
| 18 | 34/ 2023 | FZD | 3/4 | B(NSG-5) | FZD/ MPS/04 | GMPS | Between KM 1232/5 and 1232/7 |
| 19 | 35/ 2023 | SKB | 1/2 | B(NSG-5) | SKB/ MPS/03 | GMPS | Between Station Building and Book Stall |
| 20 | 36/ 2023 | SKB | 3/4 | B(NSG-5) | SKB/ MPS/04 | SMPS-WW /FF/WRE | Beside OHE Pole 1013-A NDLS End |
| 21 | 37/ 2023 | BDL | 01 | B(NSG-5) | BDL/ MPS/04 | GMPS | Between KM 743/6A and 743/1002 |

**Minimum Reserve Price for 01 year (in Rs.):** क्रम संख्या 1 से 8 तक के लिये ₹ 1,50,000/-, क्रम संख्या 9 से 16 तक के लिये ₹ 50,000/- एवं क्रम संख्या 17 से 21 तक के लिये ₹ 35,000/-

**Minimum Reserve Price for 05 year (in Rs.)** - क्रम संख्या 1 से 8 तक के लिये ₹ 7,81,500/-, क्रम संख्या 9 से 16 तक के लिये ₹ 2,60,500/- एवं क्रम संख्या 17 से 21 तक के लिये ₹ 1,82,350/-

**Earnest Money (in Rs.)** - क्रम संख्या 1 से 8 तक के लिये ₹ 15,000/-, क्रम संख्या 9 से 16 तक के लिये ₹ 5,000/- एवं क्रम संख्या 17 से 21 तक के लिये ₹ 3,500/-

**Tender Cost including GST (Non Refundable) (in Rs.)** - क्रम संख्या 1 से 21 तक के लिये ₹ 2,360/-

**Note:** (1) Separate tender document for each unit should be uploaded by the tenderer. Combined offer will not be accepted. (2) Location of MPS units mentioned as above is only indicative. (3) Tender of these MPS Units will be awarded serially to follow ceiling limit.

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र को जमा करने की तिथि एवं समय | दिनांक 24.3.2023 को समय 10:00 बजे से 14:00 बजे तक |
| निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 24.03.2023 को समय 14:30 बजे |
| निविदा पत्र प्राप्त करने की तिथि एवं समय | दिनांक 23.02.2023 से दिनांक 23.03.2023 तक प्रत्येक कार्य दिवस को समय 10:00 से 17:00 बजे तक |
| संपर्क प्राधिकारण | SR. DIVISIONAL COMMERCIAL MANAGER, DIVISIONAL RAILWAY MANGER'S OFFICE, NORTH CENTRAL RAILWAY, NAWAB YUSUF ROAD, CIVIL LINE, PRAYAGRAJ - 211001, Fax No: 0532-2407981 |

निविदा अधिसूचना एवं निविदा प्रपत्र दस्तावेज़ तथा नियम एवं शर्तें वेबसाइट / www.ncr.indianrailways.gov.in, www.tenders.gov.in से डाउनलोड की जा सकती हैं तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कार्यालय प्रयागराज से भी प्राप्त कि जा सकती है। 306/23 (A)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR


## एमसीडी कमिश्नर के मिलने के बाद व्यापारियों में जागी उम्मीद: फेस्टा

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
डेढ़ महीना पहले हुई सदर बाजार सीलिंग को लेकर फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन के पांच सदस्यों का एक प्रतिमंडल सिविक सेंटर में एमसीडी कमिश्नर ज्ञानेश भारती मुलाकात की जिसमें फेस्टा के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा, अध्यक्ष राकेश यादव, कार्यवाहक अध्यक्ष चौधरी योगेंद्र सिंह, महासचिव रजिंदर शर्मा व युवा व्यापारी नेता नकुल बंसल उपस्थित थे इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा व राकेश यादव ने एमसीडी कमिश्नर के ज्ञान भारती जी को सदर बाजार सीलिंग को लेकर व्यापारियों के सभी पहलुओं पर अवगत कराया और उन्हें बताया कि किस प्रकार



डेढ़ महीने से व्यापारी डी सीलिंग कराने के लिए जगह-जगह भटक रहे हैं जबकि 2007 से पहले के सभी कागज एमसीडी अधिकारियों को सौंप चुके हैं। उन्होंने बताया यहां तक के कई दुकानों के तो 1960 - 62 के भी दस्तावेज है फिर भी उनकी दुकानों पर सीलिंग की कार्रवाई की गई। इस अवसर पर एमसीडी कमिश्नर ज्ञान भारती जी ने व्यापारियों को आश्वासन व्यापारियों के सभी पहलुओं को देखा जाएगा और जो भी संभव होगा उसको किया जाएगा जिससे सील हुई दुकानें जल्दी से डी सील हो सके।

## खुशबू सुंदर बनीं राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य

**नई दिल्ली।** फिल्मों से राजनीति में आयीं तमिलनाडु की भाजपा नेत्री खुशबू सुंदर को राष्ट्रीय महिला आयोग का सदस्य बनाया गया है। वे तीन साल तक आयोग की सदस्य रहेंगी। खुशबू सुंदर ने ट्विटर पर अपनी नियुक्ति की जानकारी सांझा की । उन्होंने 24 फरवरी को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय का नोटिफिकेशन साझा कर प्रधानमंत्री और केन्द्र सरकार का आभार व्यक्त किया है। खुशबू सुंदर ने ट्वीट करके कहा कि वे नारी शक्ति की रक्षा, संरक्षण और पोषण के लिए कड़ी मेहनत से काम करेंगी। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता सभी महिलाओं के अधिकारों का संरक्षण और उनकी सुरक्षा को सुनिश्चित करना है।

## 'सिसोदिया को मंत्री पद से हटाने की बजाय सीएम ढाल बने रहे'

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चौ0 अनिल कुमार ने मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल से मनीष सिसोदिया को सीबीआई द्वारा गिरफ्तार करने के बाद उन्हें मंत्री पद से तुरंत हटाने की मांग की। उन्होंने कहा कि आखिर क्या कारण हैं कि पिछले 8 महीनों से जेल में बंद सत्येन्द्र जैन मंत्री पद पर बने हुए है। क्या अरविन्द केजरीवाल के पास पूर्ण बहुमत होने के बावजूद उनके पास सक्षम विधायक मंत्री बनाने के लिए योग्य नही है या उन्हें दूसरे विधायकों पर विश्वास नही? दिल्ली विधानसभा में 70 में से 63 विधायक आम आदमी पार्टी के है फिर भी जेल में बैठे सत्येन्द्र जैन और गिरफ्तार मनीष सिसोदिया को मंत्री पद पर बरकरार रखा है। आखिर दिल्ली सरकार 4 मंत्रियों के भरोसे कैसे चल रही है। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि यह भी आश्चर्यजनक है कि पिछले 9 वर्षों से अरविन्द केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री है परंतु उनके पास कोई मंत्रालय नही है। क्या वे इसलिए मंत्री पद नही लेते क्योंकि दिल्ली सरकार में हो रहे भ्रष्टाचार के मास्टर माईंड होने के बावजूद अपने घोटालों से अलग होने को साबित कर सकें? उन्होंने कहा यह पूरी दिल्ली जानती है कि शराब घोटाले के मास्टर माईंड अरविन्द केजरीवाल हैं।

## कृपाण धारण करने से रोकने का मामला सुलझा



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
दिल्ली के पश्चिम विहार स्थित विशाल भारती पब्लिक स्कूल में सीबीएसई द्वारा आज आयोजित 10वीं कक्षा की अंग्रेजी विषय की परीक्षा के दौरान 3 अमृतधारी छात्राओं की कृपाण उतारे जाने का मामला सुलझ गया है। सोशल मीडिया पर एक लड़की के माता-पिता का इस घटनाक्रम संबंधी वीडियो वायरल होने के बाद अपनी टीम के साथ स्कूल पहुंचे जागो पार्टी के अध्यक्ष मनजीत सिंह जीके ने कहा कि सिखों को किसी भी नियम के तहत कृपाण पहनने से नहीं रोका जा सकता। जिसके बाद स्कूल की प्रिंसिपल रचना जैन ने माना कि हमें इस बारे में गलतफहमी हुई थी। जीके ने प्रिंसिपल से पूछा कि क्या आपका या सीबीएसई का कोई नियम संविधान की मूल भावना का दमन कर सकता हैं ? क्या आपने संविधान पढ़ा है? संविधान का अनुच्छेद 25 सिखों को कृपाण धारण करने की अनुमति देता है। इसीलिए सिख घरेलू उड़ानों के दौरान कृपाण पहनते हैं। आप अमृतधारी लड़कियों को कृपाण उतारने के लिए कैसे कह सकते हैं ? जब मैं दिल्ली कमेटी का अध्यक्ष था, तब हम 2018 में नीट परीक्षा के दौरान किसी धातु की वस्तु की आड़ में सिख बच्चों को कड़ा तथा कृपाण धारण करने पर रोक लगाने के संदेह को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट गए थे। तब हाईकोर्ट ने माना था कि सिख बच्चों को ककार धारण करने का संविधान से मौलिक अधिकार प्राप्त हैं। इससे पहले शुक्रवार को सफदरजंग एन्क्लेव के एक पब्लिक स्कूल में भी ऐसा हुआ था. जिसका सिख संगठनों ने विरोध भी किया था। जिसके बाद स्कूल ने अपनी गलती लिखित में मानी थी। प्रिंसिपल ने कहा कि हम सभी धर्मों का सम्मान करते हैं। हम अपने स्कूल में वैसाखी और गुरुपर्व मनाते हैं। यह सब गलतफहमी के कारण हुआ है। सीबीएसई के उच्चाधिकारियों से इस बारे में पूछने के बाद हमने उम्मीदवारों को कृपाण पहनने की अनुमति दे दी है। प्रिंसिपल ने जीके को लिखित स्पष्टीकरण देते हुए भरोसा दिलाया कि भविष्य में ऐसी गलती नहीं होगी। इस मौके पर पीड़ित बच्चियों के माता-पिता ने जीके को उनके साथ आकर खड़े होने के लिए धन्यवाद दिया। दिल्ली कमेटी के सदस्य सतनाम सिंह, जागो पार्टी के मुख्य महासचिव डॉ. परमिंदर पाल सिंह, जागो पार्टी के नेता सुखमन सिंह साहनी, मनजीत सिंह ख्याला, रविंदर सिंह बिट्टू, सतनाम सिंह कोहली, प्रभदीप सिंह और ओंकारजोत सिंह आदि मौजूद थे।

## योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए लगा कैंप

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**रोहताश** नगर विधानसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए एक कैंप चौपाल द्वारा मंडोली रोड पर शशि पब्लिक स्कूल में लगाया गया। इस कैंप में 300 से अधिक स्थानीय निवासियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाया। इस कैंप का उद्घाटन वरिष्ठ पत्रकार अश्विनी शर्मा, प्रख्यात शिक्षाविद सुरेंद्र वर्मा द्वारा किया गया। चौपाल के डायरेक्टर एवं विधायक जितेंद्र महाजन ने बताया कि इस कैंप के माध्यम से प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का लक्ष्य चौपाल ने निर्धारित किया है तथा आने वाले समय में रोहतास नगर विधानसभा में इस प्रकार के 8



कैंप और लगाए जाएंगे। आज के कैंप में स्थानीय निवासियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। स्थानीय निवासियों ने जीरो बैलेंस का जनधन खाता, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, अटल पेंशन योजना, नेशनल पेंशन स्कीम आदि योजनाओं का लाभ लिया। आज के इस कार्यक्रम में निगम पार्षद चंद्र प्रकाश शर्मा, मुकेश बंसल, रितेश सूजी एवं डॉ हरीश गुप्ता, कमल खन्ना, पंकज शर्मा, अशोक बंसल, रीटा चौधरी, रीना, वाई के शर्मा, देवेंद्र गुप्ता, संजय पांचाल, कपिल दत्त शर्मा, विवेक गर्ग, अरुण माहेश्वरी मंडोली रोड मार्केट प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस कैंप के सफल आयोजन में चौपाल का सहयोग करने वाले सीएससी सेंटर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ इंडिया एवं दिल्ली नगर निगम का धन्यवाद चौपाल के डायरेक्टर जितेंद्र महाजन द्वारा किया गया।

## पहले कारोबारी दिन सोना-चांदी की कीमत में गिरावट

**नई दिल्ली:** घरेलू सराफा बाजार में सोमवार को सप्ताह के पहले कारोबारी दिन ही सोना और चांदी की कीमत में गिरावट दर्ज की गई। आज सोने की कीमत 245 रुपये टूट कर 55,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के करीब पहुंच गई। सोने की तरह ही चांदी की कीमत में भी आज बड़ी गिरावट दर्ज की गई। चांदी का भाव आज 1,227 रुपये प्रति किलोग्राम टूट कर 63,100 रुपये के स्तर के करीब पहुंच गया। इसके पहले पिछले कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन यानी शुक्रवार को 10 ग्राम सोने का आखिरी बंद भाव 55,257 रुपये रहा था।


# एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

ए-15, जी टी करनाल रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, दिल्ली- 33
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राइवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## न्यूज फ्लैश

### बेटी बचाओं, बेटी पढाओं पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ




**पानीपत :** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बबैल स्थित शांति सरोवर सेवा केंद्र पर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस दौरान पूनम बहन ने कहा कि केवल पढाई पूरी करने से जीवन सफल नही होगा बल्कि जीवन में हर परिस्थिति का सामना करने के लिए हर महिला को सशक्त बनना होगा। उन्होंने शपथ दिलाते हुए कहा कि हमे आज से ये संकल्प लेना है कि कन्या को बचाएंगे, पढ़ाएंगे और सशक्त बनाएंगे। इस दौरान बी के पुनम ने प्रवचनो की अमृत वर्षा करते हुए कहा कि समाज के उत्थान के लिए मनुष्य का नैतिक उत्थान जरूरी है। इस अवसर पर सुमन, रेखा, पिंकी, बबली, कोमल, सुदेश, राखी, बिमला, नेहा, लीला, सुनीता, राकेश, प्रदीप, नरेश, बलवान आदि अनेक मौजूद थे ।

### पंचायत चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी चुनाव खर्च जमा करवाएं

**सोनीपत।** जिला निर्वाचन अधिकारी( पं० ) एवं उपायुक्त ललित सिवाच ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग हरियाणा के निदेर्शानुसार पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव 2022 के दौरान पंच, सरपच व पंचायत समिति सदस्य का चुनाव लडने वाले अभ्यार्थी 28 फरवरी तक अपना चुनाव खर्च का ब्यौरा संबंधित खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में जमा करवाना सुनिश्चित करें।

### डॉ. बी.आर. अम्बेडकर विधि विवि ने शुरू किया काउंसलिंग कार्यक्रम

**सोनीपत।** डॉ. बी.आर. अम्बेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, सोनीपत ने परामर्श के लिए अपने छात्रों के लिए एक मानसिक कल्याण कार्यक्रम शुरू किया। इस प्रोग्राम के तहत विश्वविद्यालय ने नाम के एक प्लेटफॉर्म की सेवाएं लीं हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन विशवविद्यालय की कुलगुरु डॉ अर्चना मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर के किया। ने अपने उद्बोदन में कहा कि यह कार्यक्रम छात्र-छात्राओं के लिए बहुत ही लाभकारी होग। खास कर एग्जाम के समय छात्र तनाव महसूस करते हैं, अत: इस तरह की काउंसलिंग की महती आवशकता होती है। इस अवसर पर एक तरफ से चिन्मय चढा ने कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विधि विभाग के प्रभारी डॉ अमित गुलेरिया ने स्वागत भाषण व धन्यवाद ज्ञापन किया। मंच सन्चालन तृतीया वर्ष के छात्र राघव ने किया। इस अवसर पर डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. वीणा सिंह, डॉ. रेनू शर्मा, शुभांगिनी सिंह, लीना आदि मौजूद रहे।

### प्रोजेक्ट कार्बन शून्य का पहला संस्करण लॉन्च

**नई दिल्ली।** हॉटमेल और शोरील के संस्थापक सबीर भाटिया ने भारत में शून्य कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करने के महत्व के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली में "प्रोजेक्ट कार्बन शून्य" का पहला संस्करण लॉन्च किया। सबीर के नेतृत्व वाली पहल का उद्देश्य देश में चेंजमेकर्स और ट्रेलब्लेजर को एकजुट करना है ताकि ग्लोबल वार्मिंग और बढ़ते प्रदूषण के स्तर जैसी अनिवार्य जलवायु चिंताओं के प्रति एक संवाद शुरू किया जा सके। साइकिल अभियान इन चिंताओं को दूर करता है और एक स्थायी भविष्य के लिए इसके प्रभाव को कम करने के लिए समाधान प्रस्तावित करता है। वायु प्रदूषण दुनिया भर में सबसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य और पर्यावरण संबंधी चिंताओं में से एक है। इस मुद्दे का आर्थिक प्रभाव भी बड़े पैमाने पर है क्योंकि यह विश्व स्तर पर 11.65 प्रतिशत मौतों का कारण है। आज, भारत इस महत्वपूर्ण वैश्विक चिंता में अग्रणी योगदानकर्ताओं में से एक है और देश में प्रदूषण का खतरनाक स्तर अब अर्थव्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। देश पर इसके प्रभाव को कम करने के लिए तत्काल कार्रवाई करना सर्वोपरि है। प्रोजेक्ट कार्बन शून्य पहल देश में प्रदूषण मुक्त परिवहन का उपयोग करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए उठाया गया एक कदम है। केंद्रीय सूचना और प्रसारण, और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने शनिवार को नई दिल्ली के शांगरी-ला एरोस में इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मेजर जनरल विक्रम देव डोगरा (भारत के आयरन मैन के रूप में भी जाना जाता है), अली रिजवी, (सचिव डीपीई), अलकेश शर्मा (सचिव एमईआईटीवाई), जावेद यूनुस (सह -संस्थापक, शोरील), सुभोनील घोषाल (प्रबंध निदेशक, एक्सेंचर) सहित अभियान के पहले संस्करण में शहर के 60 अन्य साइकिल उत्साही लोगों ने भाग लिया। अग्रणी सरकार सहित ऑयल इंडिया लिमिटेड , भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक , इंडियन रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी लिमिटेड, इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉर्पोरेशन, गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया, इंडियन कंप्रेशर्स लिमिटेड , आईडीएफसी बैंक, सहित संगठनों ने भी इस अभियान में एक स्वच्छ और हरित वातावरण को बढ़ावा देने के लिए योगदान दिया। अभियान का उद्देश्य पीएम मोदी और 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन को प्राप्त करने के सरकार के लक्ष्य में योगदान करना है। शोरील के संस्थापक सबीर भाटिया ने कहा कि प्रधान मंत्री हमारे देश में शून्य कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करने की तात्कालिकता और महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने की दिशा में लगातार काम करने के लिए सरकारी निकायों पर जोर दे रहे हैं। प्रोजेक्ट कार्बन शून्य का उद्देश्य हमारे पीएम के दृष्टिकोण को प्राप्त करना है और लोगों को एक स्थायी और स्वस्थ कल के लिए सही दिशा में छोटे कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

# सरकारी योजनाओं का लाभ जनता तक और सुगमता से पहुंचे: सांसद

## सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को क्रियान्वित करने में व उन्हें धरातल पर लागू करने में प्रशासनिक अधिकारियों का अहम रोल होता है : कटारिया

**अम्बाला (मनीष कुमार)**
अम्बाला लोकसभा सांसद रत्नलाल कटारिया ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को क्रियान्वित करने में व उन्हें धरातल पर लागू करने में प्रशासनिक अधिकारियों का अहम रोल होता है। समय अवधि के तहत सम्बधित अधिकारी जिन भी परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है उन कार्यो में तेजी लाते हुए इन्हें पूरा करवाएं। सरकारी योजनाओं का लाभ जनता तक और सुगमता से पंहुचे, इसके लिये अधिकारी अपना शत प्रतिशत सहयोग देते हुए लोगों को इसका लाभ पंहुचाएं। श्री कटारिया आज पंचायत भवन अम्बाला शहर में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस मौके पर उनके साथ स्थानीय विधायक असीम गोयल मौजूद रहे। यहां पंहुचने पर उपायुक्त डॉ0 प्रियंका सोनी ने लोकसभा सांसद को पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया।

सांसद रत्नलाल कटारिया ने जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक के तहत अधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि सरकार की सफलता तभी मानी जाती है जब सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं का लाभ जनता को सुगमता से मिलें। जो दायित्व आपको मिला है उस दायित्व को आप बखुबी निभाते हुए निर्वह करें और जनता को इन सुविधाओं का लाभ दिलवाना सुनिश्चित करवाएं। बैठक के दौरान सांसद ने एजेन्डें में रखे बिन्दूओं बारे विस्तार से जानकारी हासिल की। एजेन्डे के तहत विकास कार्यो की प्रगति एवं योजनाओं को क्रियान्वित करने की दिशा में जो



कार्य किए जा रहें है उसकी भी समीक्षा की।

उन्होंने यह भी कहा कि अधिकारियों द्वारा लोगों को योजनाओं का लाभ दिलवाने में बेहतर कार्य भी किया जा रहा है और इसके परिणाम भी सामने आ रहे हैं।

हम सबको बेहतर समन्वय के साथ आम जन को सरकारी योजनाओं का लाभ और बेहतर तरीके से दिलवाने की दिशा में कार्य करना हैं।

श्री कटारिया ने जिला विकास, समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक की समीक्षा करते हुए एजेंडे में रखे बिन्दूओं, जिनमें जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति उद्देश्य, पिछ्ली बैठक की कार्रवाई की पुष्टि, नौंवी बैठक के निर्णयों को लेकर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, दीन दयाल अंत्योदय योजना, दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), स्वच्छ भारत मिशन-शहरी व ग्रामीण, जल जीवन मिशन, एकीकृत वाटर शेड प्रबन्धन कार्यक्रम, डिजिटल भारत, भू अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम, श्याम प्रसाद मुखर्जी रर्बन मिशन, सांसद आदर्श ग्राम योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम), समग्र शिक्षा अभियान, समेकित बाल विकास योजना, मिड डे मील, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना व डिजिटल इंडिया शामिल थे, और इन पर विस्तार से चर्चा की गई और सभी योजनाओं के दृष्टिगत और बेहतर तरीके से कार्य करने बारे अधिकारियों को कहा गया।

बैठक में स्थानीय विधायक असीम गोयल नन्यौला ने भी कहा कि जिस प्रकार ई-दिशा की बैठक में परियोजनाओं एवं योजनाओं पर समीक्षा होती है उसी तर्ज पर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत सम्बधिंत एसडीएम के साथ बैठक हो ताकि विधानसभा क्षेत्र मे जो कार्य चल रहें है उनकी प्रगति की वास्तविकता पता चल सकें। उन्होंने कहा कि हमें हर योजना को इस प्रकार से क्रियान्वित करना है कि आम आदमी तक इसकी पहुंच हो और सुगमता से आमजन को इसका लाभ मिल सकें। उपायुक्त डॉ0 प्रियंका सोनी ने सांसद रत्नलाल कटारिया को विश्वास दिलाया कि बैठक में जो दिशा-निर्देश मिले है उनकी अनुपालना के तहत ई-दिशा से सम्बधिंत बैठक में जो भी ऐजेन्डे रखे गए थे, उनसे सम्बधिंत कार्यो में तेजी लाई जाएगी।

## अम्बाला शहर विधायक असीम गोयल ने शहरवासियों की सुनी समस्याएं

**अम्बाला (मनीष कुमार)**
शहर के विधायक असीम गोयल नन्यौला ने प्रेम नगर स्थित अपने निवास स्थान पर जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत अम्बाला शहर विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुनने के उपरान्त उन्होंने सम्बधिंत अधिकारियों को इन शिकायतों का निपटान करने बारे भी आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। जन सुनवाई कार्यक्रम के दौरान विधायक असीम गोयल ने अधिकारियों को यह भी कहा कि लोगों की जो भी समस्याएं उनके पास आती है वे प्राथमिकता से उनका समाधान करवाना सुनिश्चित करें। यदि किसी समस्या के निपटान में कोई तकनीकी या अन्य कारण है उस बारे भी उन्हें अवगत करवाएं। लोगों को अपनी शिकायतों का समाधान करवाने के लिए कार्यालयों के बेवजह चक्कर न लगाने पड़े इस बात का



भी ध्यान रखें। इस दौरान बिजली, पेयजल, पानी की निकासी, आयुष्मान कार्ड व अन्य समस्याओं के निदान बारे सम्बधिंत प्रार्थियों ने अपनी शिकायतें रखी। विकास कार्यो से सम्बधिंत विषय पर विधायक ने कहा कि सभी विकास कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर चरणबद्ध तरीके से करवाया जाएगा। इस मौके पर बैक्विट हॉल, होटल व ढाबा संचालकों ने विधायक से मिलकर विधानसभा सदन में उनसे सम्बधिंत मुददें रखे है उसके लिए उनका धन्यवाद भी किया।

## सोनीपत में कोविड रोधी वैक्सीन का आंकड़ा हुआ 23 लाख के पार

**सोनीपत:** उपायुक्त ललित सिवाच ने कहा कि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के को-वीन पोर्टल के आधार पर कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में सोनीपत जिला ने उल्लेखनीय कार्य करते हुए कोविड रोधी वैक्सीन का 23 लाख से अधिक डोज का आंकड़ा पार कर लिया है। जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग व जिलावासी बधाई के पात्र है। उपायुक्त सिवाच ने कहा कि कोरोना को रोकने के लिए वैक्सीन सबसे बड़ा हथियार है। जिला में कोविड रोधी टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य विभाग विभिन्न टीकारकरण केन्द्र बनाए गए है जहां पर निशुल्क टीकाकरण किया जा रहा है। उपायुक्त ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जिन लोगों ने अब तक कोविड टीकाकरण नहीं करवाया या जिनकी दूसरी डोज लगनी है।

## आयूर योग एक्सपो में एमिल फार्मा के स्टाल पर पहुंचे मंत्री

**वाराणसी/टीम एक्शन इंडिया**
**उत्तर प्रदेश** के वाराणसी में चार दिवसीय आयुर योग एक्सपो का आयोजन किया गया है जिसमें देश भर के आयुर्वेद विशेषज्ञ और दवाएं बनाने वाली कंपनियां हिस्सा ले रही हैं। इसका उद्घाटन करते हुए केंद्रीय पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट ने कहा कि आयुर्वेद में हर बीमारी का इलाज है और पूरी दुनिया आज आयुर्वेद की तरफ लौट रही है। इसलिए इस क्षेत्र में नये अनुसंधान किए जाने की जरूरत है। एक्सपो में देश की मशहूर आयुर्वेद कंपनी ने अपने स्टाल लगाए हैं जिनमें उन्होंने अपने अनुसंधानों एवं उत्पादों को प्रदर्शित किया है। नई दिल्ली स्थिति एमिल फार्मास्युटिकल के स्टाल में उत्तर प्रदेश के आयुष राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्रा पहुंचे और उन्होंने



कंपनी के उत्पादों को देखा और सराहा। इस मौके पर एमिल फार्मास्युटिकल के कार्यकारी निदेशक डा. संचित शर्मा ने कहा कि कंपनी आयुर्वेद के फामूर्लों पर आधुनिक चिकित्सा विज्ञान की जरूरतों के हिसाब से शोध कर रही है। उन्हें बाजार में लाने से पूर्व बाकायदा क्लिनिकल ट्रायल किए जा रहे हैं ताकि बिना किसी दुष्प्रभावों के बीमारियों से मुक्ति मिले सके।

एमिल फार्मा ने लंबे शोध के बाद नीरीकेएफटी, फीफाट्रोल जैसी दवाएं तैयार की हैं, वहीं वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद यानी सीएसआईआर द्वारा विकसित मधुमेह रोधी दवा बीजीआर-34 तथा रक्षा एवं अनुसंधान संगठन यानी डीआरडीओ द्वारा विकसित सफेद दाग की दवा को भी सफलतापूर्वक बाजार में उतारा है।

## अम्बाला शहर के एम डी एस डी कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

**अम्बाला (मनीष कुमार)**
**एम डी** एस डी कॉलेज अंबाला शहर की साहित्यिक परिषद एवं हिंदी विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन सोमवार को किया गया. जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. किरन आंगरा ने की। देश विदेश के शोधकताओं ने हिन्दी विषय पर मंथन किया. संगोष्ठी का मुख्य विषय ह्यविश्व पटल पर हिंदी भाषा विषय ह्य रहा। अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के मुख्य वक्ता प्रो. अलका धनपत महात्मा गांधी संस्थान मॉरीशस ,विशेष उद्बोधन के लिए प्रोफेसर इंदिरा गाजिएवा रशियन स्टेट यूनिवर्सिटी फॉर ह्यूमनिटिज मास्को रूस ,विशेष वक्ता डॉ राकेश कुमार यूनिवर्सिटी ऑफ हेल, हेल सऊदी अरब और दूसरे विशिष्ट वक्ता प्रोफेसर मन्जु रेढू वरिष्ठ साहित्यकार एवं स्वतंत्र लेखिका जींद हरियाणा रहे। संगोष्ठी को संबोधित करते हुये डॉ. किरन आंगर ने कहा कि हिंदी भाषा विश्व में सबसे अधिक बोली और समझी जाने वाली भाषा में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखती है। हिंदी बहुआयामी भाषा है। हिंदी अब साहित्य की भाषा न होकर रोजगार ,व्यापार




वाणिज्य की भाषा बन गई है । हिंदी भाषा ने अध्ययन - अध्यापन को एक नई दिशा प्रदान की है। आज हिंदी भाषा साहित्य के अतिरिक्त विज्ञान, बैंक, व्यापार, सिनेमा ,जनसंचार आदि विभिन्न क्षेत्रों में पदार्पण करके क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय संदर्भ से ऊपर उठकर विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाती जा रही है । मुख्य वक्ता प्रो. अल्का धनपत एवं प्रो. इंदिरा ने अपने अपने देश मे हिन्दी के शिक्षण, पठन पाठन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हिंदी की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह भारतीय संस्कृति ह्यसत्यम शिवम सुंदरम ह्य का पर्याय सिद्ध हो चुका है । ऐसे ही इस पवित्र संस्कृति के आदान हेतु विश्व के लोगों को हिंदी भाषा जानने की आकांक्षा होती है।

हिंदी भाषा अपनी अद्वितीय एवं अतुलनीय जानकारी से विश्व को आकर्षित कर रही हैं । विश्व में 144 विश्वविद्यालयों में हिंदी शिक्षण की व्यवस्था है। विश्व में हिंदी बोलने वालों की संख्या भी 100 करोड़ से अधिक है।

आज विश्व के अनेक देशों में यथा अमेरिका,कनाडा ,रूस, ब्रिटेन ,जर्मनी ,फ्रांस, पोलैंड ,स्वीडन ,डेनमार्क ,इटली,जापान ,ऑस्ट्रेलिया ,अफ्रीका ,चीन, रोमानिया आदि में हिंदी के पठन-पाठन का कार्य चल रहा है।

## बरसाना में लठामार होली आज, राधा जी की सखियों ने नंदगांव पहुंचाया न्योता

**मथुरा।** राधा कृष्ण की भक्ति और मनुहार करना तो कोई नंदगांव बरसाना के लोगें से सीखे। कृष्ण की तरह उनके सखा और सखियां भी बांके हैं। राधा कृष्ण से जुडा कोई त्यौहार हो उनमें अनूठी मिठास घोल देते हैं नंदगांव बरसाना के लोग। वसंत पंचमी से जिस मदन महोत्सव की शुरूआत हुई थी वो अब यौवन पर है। सोमवार को राधा की सखियों के प्रतिनिधि के रूप में सखियों का एक टोल लठामार होली के निमंत्रण का गुलाल लेकर नंदभवन पहुंचा इस दौरान दूर दराज के लोग इस लीला को देखने के लिए लालायित दिखे। प्रातः से ही कान्हा और उनके सखाओं को होली का न्यौंता मिलने की चमक साफ नजर आ रही थी। नंदभवन में सखियों को नचाने के लिए सुंदर स्टेज सजाया गया। मंदिर को नवेली दुल्हन के स्वागत की भांति सजाया गया। कृष्ण बलराम को आकर्षक पोषाकें पहनाई गईं। प्रातः करीब 11 बजे सखियों का टोल नंदगांव के नंद भवन में पहुंचा। सखियों को देखकर कान्हा के सखा सतर्क हो गए। मंदिर परिसर में हल्ला मच गया कि बरसाने से न्योता आय गयौ रे, सखी आय गईं रे। दर्जनों सखियों का टोल ढोल की थाप पर झूमती मंदिर परिसर पहुंचा। सर्वप्रथम सखियों ने निमंत्रण रूपी मिट्टी के कलश जैसी कमोरी जिसमें गुलाल, बीडा, मठरी, इत्र आदि था को सेवायत को सौंपा। सेवायत ने कमोरी को नंदबाबा और कन्हैया के चरणों में रख दिया। सखियों ने कृष्ण बलराम के सामने आय जइयो श्याम बरसाने गाम होरी कौ मजा चखाय दुंगी पदों पर नृत्य किया। इसके बाद पूरे नंद भवन में बरसाना से न्योता आने की बात बताई गई। लठामार होली खेलने के निमंत्रण को सुनकर सखा उत्साहित हो उठे।

## सादे समारोह में हुआ एडवोकेट राय की पुस्तक का विमोचन

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
आर्य समाज खैल बाजार में आज सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट एवं सामाजिक कार्यकर्ता राममोहन राय की पुस्तक मेरे विद्यालय का लोकार्पण एक विशेष कार्यक्रम आयोजित करके किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्य समाज के प्रधान आत्मप्रकाश ने की। अपनी पुस्तक के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए राममोहन राय ने कहा कि मेरे विद्यालय पुस्तक उन विद्यालयों रूपी व्यक्तित्वों को उद्धृत करती है जिन के सानिध्य में रहकर उन्हें सीखने व समझने का अवसर मिला। उनका पहला विद्यालय आर्य



समाज खैल बाजार पानीपत रहा। जिस के संस्थापकों में उनकी माता सीता रानी सैनी प्रमुख थी। उन्होंने इस आर्य समाज की स्थापना अन्य क्रियाशील महिलाओं के साथ की और इसको विकसित एवं संवर्धित करने के लिए अनेक कार्य किए। इस आर्य समाज न केवल धार्मिक कार्यों का आयोजन किया बल्कि सामाजिक जागरण के लिए एवं समाज में फैली कुरीतियों के विरुद्ध भी अनेक आंदोलनं की अगुवाई की। उन्होंने कहा कि उनकी माता के साथ.साथ आर्य समाज की अनेक महिलाएं जिनमें राधा देवी, सरला देवी, धर्म देवी भाटिया, सुहागवती तथा ऐसी ही अनेक वीरांगनाएं थी। जिन्होंने इस आर्य समाज के पौधे को वटवृक्ष बनाने में अपनी संपूर्ण शक्ति लगा दी। यह वर्ष आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद की जन्म जयंती का 200 साल है। इस पूरे वर्ष में आर्य समाज पूरे विश्व में अनेक कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। आर्य समाज के कार्यक्रम इसलिए भी ज्यादा आवश्यक है क्योंकि अंधविश्वास तथा सामाजिक कुरीतियां दिनोंदिन बढ़ रही हैं। ऐसे समय में आर्य समाज के शिक्षा, सामाजिक उत्थान एवं महिला सशक्तिकरण के विचार दुनिया को नया रास्ता दिखाने का काम करेंगे।

## अम्बाला की उपायुक्त डॉ. प्रियंका ने वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**अम्बाला (मनीष कुमार)** उपायुक्त डॉ0 प्रियंका सोनी ने कल्पना चावला महिला बहुतकनीकी संस्थान में ईवीएम व वीवीपैट के लिये स्थापित किये गये वेयरहाउस का भौतिक निरीक्षण किया। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान वेयर हाउस के गेट पर लगे ताले की सील को चेक करने के साथ-साथ सुरक्षा की दृष्टि से यहां पर लगाये गये सीसीटीवी कैमरों के बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने निरीक्षण के दौरान यहां पर की गई व्यवस्थाओं जैसे अग्निशमन यंत्र, सिक्योरिटी व अन्य बिन्दूओं के बारे चुनाव कार्यालय से आये कर्मचारी से जानकारी ली। चुनाव कार्यालय से आए कानूनगो अमित कुमार ने बताया कि वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया जाता है और इसी कड़ी में आज निरीक्षण करते हुए यहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया हैं। निरीक्षण के उपरांत यहां की वास्तविक रिपोर्ट चुनाव आयोग को भेजी जाती है।

## छठी, 9वीं और 11वीं कक्षा में दाखिले को लेकर परीक्षा आयोजित

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
आरोही मॉड़ल स्कूल छाजपूर कलां में नए स्तर पर प्रवेश करने के लिए रविवार को कक्षा छठी, 9वीं और 11वीं कक्षा में दाखिले को लेकर परीक्षा का आयोजन किया गया। इस दौरान परीक्षा केन्द्र का निरिक्षण डीओं जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप दहियां, बीईओं बिजेन्द्र नरवाल, परीक्षा सेंटर इंचार्ज नीरज भाटियां, व प्र?वीन मलिक, स्कूल की प्रधानाचार्य हेमलता बालियान ने निरिक्षण किया । और परीक्षा केन्द्र पर अलग-अलग स्कूलों के अध्यापको की भी डयूटियां लगाई गई थी। बोर्ड परीक्षाओं की तरह स्कूल दाखिले को लेकर परीक्षा हुई । डीओं कुलदीप दहियां ने बताया कि आरोही स्कूल में दाखिले हेतू



जिले भर से सरकारी व निजी स्कूलों के 665 बच्चों ने रजिस्ट्रेशन करा 613 ने प्रवेश परीक्षा दी है। इस दौरान डीओं कुलदीप दहियां ने बताया कि आरोही मॉड़ल स्कूल में साईस, कार्मस और आर्ट तीनों संकाय में बच्चो को शिक्षा दी जाती हैं । स्कूल में अनुभवी व मेहनती अध्यापको का स्टाफ हैं । इस साल से लडकियों के लिए हास्टल सुविधा भी शुरू हो जाएगी। आसपास आरोही माड़ल स्कूल छाजपूर में 11वीं कक्षा में सांइस के बच्चे इस स्कूल में पढना चाहते हैं । और गांवों के बच्चो का अब आर्ट से अधिक सांइस, कार्मस की तरफ रूझान बढने से इस स्कूल में बच्चो दाखिला लेकर पढाना चाहते है । जिस पर लेकर इस स्कूल में दाखिला लेने के लिए बोर्ड परीक्षा की तरह ही परीक्षा ली जा रही हैं ताकि बच्चो को सवार्गीण विकास हो सके। इस स्कूल के बच्चे जिला, राज्य व नेशनल स्तर पर पढाई व अन्य गतिविधियों में अपनी पहचान बना रहे हैं । टेस्ट का रिजल्ट 10 मार्च को स्कूल वेबसाईट, स्कूल बोर्ड और बीईओं कार्यालय में लगाया जाएगा । मेरिट के आधार पर ही स्कूल में दाखिला दिया जाएगा । इस दौरान प्रिंसिपल हेमलता बालियान, गजल, सरीता, दीपिका, मनीषा, प्रमोद, सुमन सैंनी, सोनियां, मोनिका, विद्यावती, मंजीत, प्रवीन, नीरज, आंनदख मोहित, वकील रावल, अमित, राजेन्द्र आदि मौजूद रहे।

## खुखराना में निशुल्क महिला ब्यूटिशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**श्री** फाउण्डेशन ट्रस्ट, द्वारा ग्राम खुखराना में निशुल्क महिला ब्युटिशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम श्री फाउण्डेशन ट्रस्ट, श्री सीमेन्ट, यूनिट पानीपत द्वारा अपने सी०एस०आर० कार्यक्रम के अन्तर्गत महिला ब्युटिशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री सीमेन्ट के देवेन्द्र माथुर, उप महाप्रबन्धक, कार्मिक एवं प्रशासन ने बताया कि श्री सीमेन्ट प्रबन्धन महिलायों एवं बालिकायों के उत्थान एवं उनको आत्मनिर्भय बनाने के लिए हमेशा कार्य करती रही है। इसी तारतम्य में श्री सीमेन्ट, प्रबन्धन द्वारा ग्राम



खुखराना में निशुल्क महिला ब्युटिशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत प्रथम बैच में 15 महिलायों एवं बालिकायों को 45 दिन का प्रशिक्षित ट्रेनर द्वारा ब्युटिशियन प्रशिक्षण, उसके उपयोग तथा व्यवाहरिक-प्रेक्टीकल प्रशिक्षण दिया जावेगा। श्री सीमेन्ट द्वारा 50 ग्रामिण महिलायों एवं बालिकायों को ग्रुप/बैच मे प्रशिक्षण दिया जावेगा। इससे पूर्व भी श्री सीमेन्ट प्रबन्धन्कों द्वारा ग्रामिण महिलायों के लिए सिलाई-कढाई, कम्पूटर आदि के प्रशिक्षण का भी आयोजन किये जा चुके है।

## संपादकीय

# भाग्य के भरोसे झूलता विपक्ष

**रायपुर** के कांग्रेस अधिवेशन में सोनिया गांधी ने अपने राजनीतिक संन्यास की घोषणा बहुत ही मर्यादित ढंग से कर दी है और उन्होंने अपने काल की उपलब्धियों और हानियों का जिक्र भी काफी खुलकर किया है लेकिन कांग्रेसियों का भक्तिभाव भी अद्भुत है। वे बार-बार कह रहे हैं कि इसे आप सोनिया जी का संन्यास क्यों मान ले रहे हैं? वे अब भी कांग्रेस की सर्वोच्च नेता हैं। यह कथन बताता है कि सोनिया गांधी के प्रति कांग्रेसियों में कितनी अंधभक्ति है? क्या आपने कभी अटलजी या आडवाणीजी के प्रति ऐसा भक्तिभाव भाजपा में देखा है? सभी लोकतांत्रिक देशों की पार्टियां समय-समय पर अपने नेताओं को बदलती रहती हैं लेकिन हमारी कांग्रेस को आजादी के बाद जड़ता ने ऐसा घेरा है कि वह पार्टी नहीं, प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बन गई है, जैसे कि हमारी प्रांतीय पार्टियां हैं। अब कांग्रेस कह रही है कि उसी के नेतृत्व में मोदी-विरोधी मोर्चा बनाना चाहिए। यदि कांग्रेस के बिना कोई तीसरा गठबंधन बनेगा तो मोदी को हटाना आसान नहीं होगा। वोट बंट जाएंगे लेकिन तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, भारत राष्ट्र समिति, समाजवादी पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी आदि पार्टियां क्या कांग्रेस को अपना नेता स्वीकार कर लेंगी? मल्लिकार्जुन खड़गे तो नाममात्र के अध्यक्ष हैं। असली कमान तो राहुल गांधी के हाथ में है। क्या इन सभी पार्टियों के वरिष्ठ नेता राहुल को अपना नेता मान लेंगे? उम्रदराज लोग राहुल को जरूर नेता मान लेते लेकिन वैसे गुण राहुल में हैं क्या? खड़गे का यह कहना ठीक है कि 2004 से 2014 तक कई दलों ने कांग्रेस के साथ सफल गठबंधन किया था लेकिन उस समय कांग्रेस सत्ता में थी और अब तो यह उम्मीद भी नहीं है कि संसद में इस समय उसके जितने सदस्य हैं, उतने भी 2024 के बाद भी रह पाएंगे। कांग्रेस अध्यक्ष का यह कहना कि 2024 में भाजपा के सांसदों की संख्या 100 से नीचे हो जाएगी, कोरी कपोल कल्पना ही है। जो पार्टियां कांग्रेस के साथ मिलकर 2024 का चुनाव लड़ना चाहती हैं, उनमें गजब का लचीलापन है। कांग्रेस उन पर मुग्ध है लेकिन क्या कांग्रेस यह भूल गई कि नीतीश का जनता दल, शरद पवार की एन.सी.पी. और डी.एम.के. जैसी पार्टियां कब पलटा खा जाती हैं और कब इधर से उधर खिसक जाती हैं, किसी को कुछ पता नहीं। विरोधी दलों का मोर्चा बनने में जितनी देर लगेगी, वह उतना ही कमजोर और अविश्वसनीय होगा। विरोधी दलों का मोर्चा किसी तरह बन भी गया तो भी वह नरेन्द्र मोदी की कृपा के बिना कभी सफल नहीं हो सकता। यदि मोदी सरकार विपक्ष पर वैसी ही कृपा कर दे, जैसी कि इंदिरा गांधी ने आपातकाल लाकर की थी या राजीव गांधी ने बोफोर्स के जरिए की थी तो हमारे लकवाग्रस्त विपक्ष में थोड़ी-बहुत जान जरूर पड़ सकती है। अब भारत की राजनीति से विचारधारा का तो अंत हो गया है लेकिन हमारे विपक्ष के पास न कोई मुद्दा है, न कोई नीति है और न ही कोई नेता है। वह भाग्य के भरोसे झूल रहा है।

# पंजाब में उन्मादी लपटों को हवा देने के षड्यंत्र

ललित गर्ग

> "अजनाला पुलिस थाने पर बंदूकों और तलवारों से लैस भीड़ के हमले ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि हमलावर भीड़ ने सिखों के पवित्र ग्रंथ का ढाल के रूप में इस्तेमाल किया। एक वाहन में गुरु ग्रंथ साहिब के सरूप (प्रति) को थाने ले जाया गया, ताकि पुलिस कोई कार्रवाई न कर सके। पुलिस के हाथ बांधने एवं उसे विवश करने का यह खतरनाक खेल खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह की अगुवाई में खेला गया। अगर किसी संवेदनशील मामले में पुलिस ने इस संगठन के किसी व्यक्ति को गिरफ्तार किया भी था, तो क्या इससे पहले पूरी तैयारी जरूरी नहीं थी? आखिर क्या वजह है कि थाने पर हमले के बाद पैदा हुई स्थिति में पुलिस को अपना रुख नरम करना पड़ा?"

**एक** बार फिर पंजाब अशांति, हिंसा एवं आतंकवाद की ओर बढ़ रहा है। राज्य में कानून-व्यवस्था ढह चुकी है और अराजकता हावी है। समूचा प्रशासन मूकदर्शक बनकर असामान्य होती स्थितियों को देख रहा है। खालिस्तान समर्थक उग्र होते जा रहे हैं। पुलिस और शासन-व्यवस्था एकदम लाचार बनी उपद्रवियों के सामने समर्पण करती हुई दिखाई दे रही है? ऐसे जटिल-से-जटिल हालातों में आम जनता अपनी सुरक्षा की उम्मीद किससे करेगी! यह छिपा तथ्य नहीं है कि पंजाब में जब से आम आदमी पार्टी की सरकार बनी है, तब से कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर कई बार ऐसे हालात देखे गये है, मानो आपराधिक तत्त्वों को बेलगाम होने का मौका मिल गया हो या यह एक सोची-समझी रणनीति के तहत राज्य में अशांति, आतंक एवं अराजकता को पनपने दिया जा रहा है। जबकि चुनावों के दौरान आप पार्टी ने राज्य की जनता से कानून-व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त करने से लेकर नशामुक्ति जैसे कई बड़े वादे किए थे। कितना आसान है यह कह देना कि पंजाब में अशांति फैलाने के लिये पड़ोसी देश आर्थिक मदद कर रहा है? प्रश्न है कि जो देश आर्थिक कंगाली से जूझ रहा है, वह भला क्या हिंसा एवं आतंक फैलाने के लिये भारी-भरकम आर्थिक मदद देगा? यह आप-सरकार का अपनी जिम्मेदारियों से पला झाड़ देने का सबसे आसान तरीका है। पंजाब के दिनोंदिन बिगड़ते हालातों को देखते हुए यह कहा जा सकता है वहां आप सरकार पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है। आप सरकार की नाकामयाबियां इसी तरह हावी रही तो पंजाब में अतीत के आतंकवादी दौर को लौटने में देर नहीं लगेगी। वे अस्सी एवं नब्बे के दशक के खूनी मंजर के दिन आज भी बहुत सारे लोग भूल नहीं सके होंगे और कोई नहीं चाहेगा कि वह त्रासदी फिर से खड़ी हो। लेकिन सरकार और पुलिस-प्रशासन का रवैया अगर बेहद सुचिंतित, परिपक्व और सावधानी से भरा नहीं रहा तो आने वाले वक्त में छोटी-छोटी घटनाएं कैसा मोड़ लेंगी, कहा नहीं जा सकता! एक नया खौफनाक, डरावना एवं दहशतभरा काला पृष्ठ लिखा जायेगा। इसकी झलक पंजाब में अमृतसर के अजनाला के पुलिस थाने में गुरुवार को देखने को मिली, वहां जैसे हालात बने थे, उससे एकबारगी यही प्रतीत हुआ। नये बनते हालातों को देखते हुए यह कहा जा रहा है कि ऐसी अप्रत्याशित एवं त्रासद स्थिति कहीं भी घटित हो सकती है। दरअसल, वहां पुलिस ने लवप्रीत सिंह नाम



के व्यक्ति को अपहरण समेत कई अन्य आरोपों में गिरफ्तार किया गया था। लवप्रीत सिंह को वहां एक कट्टरतावादी सिख संगठन वारिस पंजाब दे के प्रमुख अमृतपाल सिंह का करीबी माना जाता है, जो उसे रिहा कराने के मकसद से हजारों समर्थकों के साथ अजनाला थाने पर पहुंच गया था। भीड़ में कई लोग बंदूक और तलवार से भी लैस थे। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि भीड़ के तेवर और दबाव के सामने वहां मौजूद पुलिसकर्मी लाचार दिखे। यों प्रदर्शनकारियों से सीधे हिंसक तरीके से ही निपटना कोई बेहतर विकल्प नहीं माना जाता है, लेकिन एक तरह से समूचे प्रशासन का मूकदर्शक रहना एक विचित्र स्थिति थी। हैरानी की बात यह है कि अजनाला थाने का घेराव दिखने में अचानक हुई घटना लगती है, मगर सच यह है कि इसकी पृष्ठभूमि कई दिनों से तैयार हो रही थी और शायद पुलिस ने सुचिंतित तरीके से इस मामले से निपटने के लिए समय रहते कदम नहीं उठाए। सवाल है कि क्या अपने एक व्यापक तंत्र के बावजूद वहां की पुलिस को कट्टरतावादी संगठन के मुद्दे, उनके काम करने के तरीके और उसके संरक्षकों की प्रतिक्रिया का अंदाजा नहीं था? यह ध्यान रखने की जरूरत है कि पंजाब देश का सीमावर्ती और संवेदनशील राज्य है। ऐसे में मामूली कोताही की वजह से भी कोई साधारण समस्या भी जटिल शक्ल अख्तियार कर सकती है।

अजनाला पुलिस थाने पर बंदूकों और तलवारों से लैस भीड़ के हमले ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि हमलावर भीड़ ने सिखों के पवित्र ग्रंथ का ढाल के रूप में इस्तेमाल किया। एक वाहन में गुरु ग्रंथ साहिब के सरूप (प्रति) को थाने ले जाया गया, ताकि पुलिस कोई कार्रवाई न कर सके। पुलिस के हाथ बांधने एवं उसे विवश करने का यह खतरनाक खेल खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह की अगुवाई में खेला गया। अगर किसी संवेदनशील मामले में पुलिस ने इस संगठन के किसी व्यक्ति को गिरफ्तार किया भी था, तो क्या इससे पहले पूरी तैयारी जरूरी नहीं थी? आखिर क्या वजह है कि थाने पर हमले के बाद पैदा हुई स्थिति में पुलिस को अपना रुख नरम करना पड़ा? लवप्रीत सिंह की गिरफ्तारी के आधार कितने मजबूत थे कि अजनाला की एक अदालत ने उसे रिहा करने में ज्यादा वक्त नहीं लगाया? अगर महज उसके समर्थकों के प्रदर्शन के दबाव में आकर पुलिस ने अपने कदम पीछे खींचे तो इसे कानून-व्यवस्था के लिहाज से कैसे देखा जाएगा?

फिलहाल वारिस पंजाब दे संगठन का पंजाब में बड़ा जनाधार नहीं है, पर इसके जरिए आग लगाने का जो खेल खेला जा रहा है, उसे तुरंत रोकने की जरूरत है। पंजाब सरकार यदि सख्त कदम उठाने से परहेज करती है तो केंद्र सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए कि पंजाब में उन्माद का वैसा माहौल फिर तैयार न हो, जिसके दंश हम अस्सी के दशक में झेल चुके हैं। उस समय भिंडरावाले का नाम आया था, लेकिन सबूतों के अभाव में उस पर हाथ नहीं डाला जा सका। तब तक उसकी अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में जड़ें मजबूत हो चुकी थीं। धार्मिक स्थल अपराधियों के आश्रय स्थल बन गए थे। स्वर्ण मंदिर को आतंकवादियों से मुक्त कराने के लिए आपरेशन ब्लूस्टार हुआ, जिसमें 83 जवान शहीद हुए और जनरैल सिंह भिंडरावाले समेत 493 खालिस्तानी आतंकवादी मारे गए थे। आपरेशन ब्लूस्टार के 4 महीने बाद 31 अक्तूबर, 1984 को प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या उनके ही दो सिख सुरक्षाकर्मियों ने कर दी। आतंकवाद के चलते एक शक्तिशाली प्रधानमंत्री को हमने खो दिया और उनकी हत्या के बाद देशभर में सिख विरोधी दंगे भड़क उठे थे। खालिस्तानी आन्दोलन का यहीं अंत नहीं हुआ। अगस्त 1985 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के साथ पंजाब समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले शिरोमणि अकाली दल के नेता हरचरण सिंह लोगोंवाल की नृशंस हत्या कर दी गई। 23 जून, 1985 को एयर इंडिया के कनिष्क विमान को बम धमाके से उड़ा दिया गया, जिसमें 329 यात्री मारे गए थे। 10 अगस्त, 1986 को पूर्व आर्मी चीफ जनरल ए.एस. वैद्य की दो बाइक सवार आतंकवादियों ने हत्या कर दी, क्योंकि वैद्य ने ही आपरेशन ब्लूस्टार का नेतृत्व किया था। पंजाब के इस काले दौर के दौरान बसों और ट्रेनों से निकाल कर एक ही समुदाय के लोगों की हत्या की गई। 31 अगस्त, 1995 को पंजाब सिविल सचिवालय के पास हुए बम धमाके में पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या कर दी गई। मैं स्वयं शिरोमणि अकाली दल के नेता हरचरण सिंह लोगोंवाल एवं सुरजीत सिंह बरलाना को राजस्थान के आमेट ग्राम में जैन आचार्य तुलसी द्वारा शांति प्रयासों एवं पंजाब समझौते के लिये तत्पर होने के लिये प्रेरित करने की घटनाओं का साक्षी बना, संत लोगांवाल एवं सुरजीत सिंह बरलाना दो दिन की बैठकों के बाद पंजाब समझौते के लिये तैयार हुए थे एवं पंजाब समझौते पर हस्ताक्षर किये। ऐसे अनेक व्यापक प्रयत्नों का असर हुआ। इसके बाद आतंकवाद के खिलाफ की गई सख्त कार्रवाई के चलते खालिस्तानी आन्दोलन कमजोर होता गया। अधिकांश सिखों ने इस विचारधारा को अस्वीकार कर दिया। आतंकवाद की काली आंधी ने लगभग सभी दलों के राजनीतिक नेताओं को निशाना बनाया। इनदिनों एक बार फिर पंजाब के मामले इसलिए भी गंभीर हैं कि पाकिस्तान की सीमा से लगे पंजाब में पिछले कुछ समय से खालिस्तान समर्थकों की हरकतें फिर बढ़ रही हैं। विदेश में लम्बे समय रहने के बाद पंजाब लौटने के बाद अमृतपाल सिंह वारिस पंजाब दे नाम के संगठन की कमान संभाल रहा है और खालिस्तान समर्थकों को इस संगठन की छतरी के नीचे लाने की कोशिशों में जुटा है। यह संगठन दीप सिद्धू ने बनाया था, जिसे किसान आंदोलन के दौरान लाल किले की घटना के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। पिछले साल सड़क हादसे में उसकी मौत हो गई थी। क्या आप सरकार एक बार फिर वही हिंसक, आतंकवादी दौर हावी होने दे रही है? क्यों खालिस्तानी स्वर उभर रहे हैं या राजनीतिक स्वार्थों के चलते उन्हें षडयंत्रपूर्वक उभारा जा रहा है?

## कविता

क्या हमारी यही आजादी है।
बहुत पहले
लकड़ी बीनते गोबर-थापते,
कोमल पतले हाथ।
भारी कदमों और गोलियों की आवाज, चाबुक की
सायं सायं से
भयभीत युवती?
वही झंडा लिए हुए
खादी पहने टोपी धारियों
की इंकलाबी आवाजों को
अपनेपन से महसूस
करते हुए,
बरबस उसके हाथ भी
तिरंगे के और इंकलाब बोलने
के लिए उठ जाते थे।
जय हिंद जय भारत
की आवाज मुंह से
निकल जाती थी,
और रक्त की धमनियों में
रफ्तार तेज हो जाती थी।
और तब सेनानियों को
गोबर के कंडे और लकड़ियों
को बाजार में बेचकर
देती थी मदद
चंद पैसों की
इंकलाब के नाम पर,
और अब जब तिरंगा
लहरा रहा है
लाल किले की प्राचीर पर

संजीव ठाकुर

## रोल मॉडल हैं विश्व बैंक की अर्थशास्त्री डॉ एस अनुकृति

**प्रियंका सौरभ**

**डॉ अनुकृति** को देखकर कोई कल्पना भी नहीं कर सकता कि साधारण-सी दिखने वाली यह युवा महिला विश्व बैंक, वाशिंगटन डीसी (अमेरिका) में वरिष्ठ अर्थशास्त्री जैसे महत्त्वपूर्ण पद पर प्रतिष्ठित डॉ एस अनुकृति हैं। लेकिन यह सच है। विश्व बैंक में बतौर अर्थशास्त्री ज्वाइन करने के साथ ही डॉ अनुकृति विश्व की अर्थव्यवस्था को नियंत्रित करने वाली इस सर्वोच्च बैंकिंग संस्था की दस सदस्यीय मानव संसाधन समिति की सदस्य भी बन गई थीं, जो पूरे विश्व में मानव संसाधन विकास का जिम्मा संभालती है। इससे पूर्व सात वर्षों तक बीसी यूनिवर्सिटी, बोस्टन (अमेरिका) में अर्थशास्त्र की प्रोफेसर रही डॉ अनुकृति के पति सिद्धार्थ रामलिंगम भी हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर और विश्व बैंक में कंसल्टेंट रह चुके हैं तथा वर्तमान में वाशिंगटन डीसी (अमेरिका) बेस्ड एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में कंसल्टेंट के पद पर कार्यरत हैं। डॉ अनुकृति साधारण होकर भी असाधारण हैं। अपनी विशिष्ट उपलब्धियों के कारण यह आज युवाओं और महिलाओं के लिए रोल मॉडल तथा प्रेरणा-स्रोत बन चुकी हैं।

डॉ अनुकृति बचपन से ही बड़ी मेधावी और विलक्षण रही हैं। इन्होंने अपने माता-पिता से न कभी एक रुपया जेबखर्च लिया और न ही कभी सड़क पर खड़े होकर किसी ठेली-रेहड़ी वाले से कुछ खरीदा-खाया। एक दिन भी ट्यूशन नहीं किया, फिर सीबीएसई की 10+2 (नॉन मेडिकल) परीक्षा में 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कीर्तिमान स्थापित किया। डॉ अनुकृति का जन्म हरियाणा के नारनौल शहर में हुआ, लेकिन अठारह वर्ष हिसार में और सात वर्ष दिल्ली में रहीं; अब सत्रह वर्षों से अमेरिका जैसे विश्व के सर्वाधिक विकसित और संपन्न देश में रह रही हैं। लेकिन दिखावा या आडंबर इन्हें छू तक भी नहीं पाया है। गर्मी हो या सर्दी, भारत आते ही यहां के परिवेश के अनुरूप ढल जाती हैं। सत्रह वर्षों से हवाई जहाज से सफर करती हैं, बीस से अधिक देशों की यात्रा कर चुकी हैं, लोकल में भी मैट्रो या एसी बस से जाती-आती हैं, लेकिन साइकिल के अतिरिक्त एक्टिवा तक इन्हें चलानी नहीं आती। वरिष्ठ साहित्यकार और शिक्षाविद् डॉ रामनिवास 'मानव' तथा अर्थशास्त्र की पूर्व प्रवक्ता डॉ कांता भारती की लाडली बेटी तथा जन्मजात विशिष्ट प्रतिभा की धनी डॉ अनुकृति की उपलब्धियां वैश्विक स्तर की रही हैं। दिल्ली के सेंट स्टीफेंस कॉलेज से बीए इकोनॉमिक्स (ऑनर्स) और दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से एमए (इकोनॉमिक्स) करने के उपरांत विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में से एक कोलंबिया यूनिवर्सिटी, मैनहैट्टन (अमेरिका) से एमए (इकोनॉमिक्स), एमफिल और पीएचडी की तीन उपाधियां एकसाथ प्राप्त कीं।

डॉ अनुकृति पढ़ाई में हमेशा अव्वल रही हैं। इन्होंने विश्वस्तरीय संस्थानों से शिक्षा प्राप्त की है, लेकिन अन्य विद्यार्थियों की भांति इन्हें प्रवेश लेने में कभी कोई कठिनाई नहीं हुई। 10+2 तक की शिक्षा हिसार के स्कूलों से प्राप्त करके इन्होंने बीए इकोनॉमिक्स (ऑनर्स) दिल्ली के सेंट स्टीफेंस कॉलेज से किया।

## विचार

# रुस-युक्रेन युद्ध, संकट और समाधान

**सीता राम शर्मा " चेतन "**

जिस घर, समाज या राष्ट्र में समर्थ, शक्तिशाली, बुद्धिमान अभिभावक या अभिभावकीय संस्था ना हो, वहां सुख, शांति, सुरक्षा और समृद्धि का अभाव तथा अव्यवस्था, अत्याचार का प्रभाव होना स्वाभाविक है । ठीक इसी तरह शांतिपूर्ण, सुरक्षित और शोषण मुक्त विश्व के लिए भी एक समर्थ, शक्तिशाली और पूर्ण प्रभावी वैश्विक अभिभावकीय व्यवस्था का होना जरूरी है । यह घोर आश्चर्य का विषय है कि कभी जंगलों में पेड़-पौधों के फल फूल खाकर और उनके पत्तों से तन ढककर जीवन यापन करने वाली असभ्य मनुष्य जाति अपने लिए सभ्यता, संस्कार, शिक्षा और अनेक अत्याधुनिक प्राकृतिक तथा भौतिक संसाधनों का विकास करने के बावजूद आज तक एक सर्वमान्य, श्रेष्ठ, शक्तिशाली और सक्षम अभिभावकीय व्यवस्था नहीं बना पाई है ! ऐसी सर्वमान्य, श्रेष्ठ और सक्षम व्यवस्था, जो उसकी मनुष्यता, मानवीय गरिमा और संसार की निरंतर पथप्रदर्शक बने, उसका विकास और विस्तार करे तथा उस उत्कृष्ट विकास की नियंत्रक, रक्षक भी सिद्ध हो । वैश्विक मानवीय दूरदर्शिता और आवश्यक उत्कृष्ट सामूहिक तथा अंतरराष्ट्रीय प्रयासों के अभाव के कारण यह त्रासद स्थिति आज भी बनी हुई है । वर्तमान वैश्विक अव्यवस्था, अनाचार, युद्ध संकट और निरंतर अत्यंत जटिल और घातक होती परिस्थितियों का मूल कारण भी एक समर्थ शक्तिशाली वैश्विक व्यवस्था का नहीं होना ही है । हालांकि प्रथम विश्व युद्ध के बाद 15 जनवरी 1920 को वैश्विक शांति और युद्ध मुक्त विश्व के लिए लीग ऑफ नेशन अर्थात राष्ट्र संघ नामक एक वैश्विक संगठन बनाया गया था, जो असफल सिद्ध हुआ और द्वितिय विश्व युद्ध रोकने में नाकाम सिद्ध हुआ । द्वितिय विश्व युद्ध के बाद 1945 में एक बार फिर वैश्विक शांति, सुरक्षा और समृद्धि के व्यापक ध्येय और लक्ष्य के साथ कुछ देशों ने वैश्विक अभिभावकीय संस्थान के रूप में एक वैश्विक व्यवस्था का संचालन और नियंत्रण करने वाले वैश्विक संगठन संयुक्त राष्ट्र संघ का निर्माण अवश्य किया, जिसे आज हम संयुक्त राष्ट्र के नाम से जानते हैं पर दुर्भाग्य से वह भी अब तक अंतरराष्ट्रीय युद्धों को रोकने और वैश्विक शांति व्यवस्था को बनाए रखने में असफल ही सिद्ध हुआ है । ब सवाल यह उठता है कि वैश्विक शांति और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए किसी सशक्त और समर्थ वैश्विक संगठन के अभाव में आज रुस-युक्रेन युद्ध, जिसे रुस-पश्चिम युद्ध या रुस-नाटो युद्ध भी कह सकते हैं, से विश्व एक बार फिर जिस संभावित तृतीय विश्वयुद्ध की आशंकाओं से घिरा और भरा हुआ है, ऐसी विषम वैश्विक परिस्थितियों में इस वर्तमान वैश्विक संकट के समाधान का मार्ग क्या है ? गौरतलब है कि इस युद्ध के प्रारंभ का मूल कारण दो घोर प्रतिद्वंदी और सर्वाधिक परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्रों के बीच की आपसी कटुता, शत्रुता से उत्पन्न शंकाएं और घोर अंध प्रतिद्वंदिता है । सच्चाई यह भी है कि यदि समय रहते इस युद्ध को रोकने के पर्याप्त, सशक्त और सफल कूटनीतिक प्रयास नहीं हुए, तो निकट भविष्य में ही तृतीय विश्वयुद्ध जैसे गंभीर संकट का सामना वैश्विक मानवीय समुदाय को करना पड़ेगा । बहुत संक्षिप्त में इस वर्तमान वैश्विक संकट के समाधान की दिशा में वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए विचार किया जाए तो सबसे पहली बात और समस्या यह नजर आती है कि रुस युक्रेन युद्ध वास्तव में दो राष्ट्रों का युद्ध नहीं है, बहुत स्पष्टता से कहा जा सकता है कि यह अप्रत्यक्ष रूप से बहुपक्षीय अथवा बहुदेशीय युद्ध है, जिसे रोकने के लिए दो नहीं कई देशों को पूरी ईमानदारी दिखाते हुए शांति के लिए तैयार होना पड़ेगा और इसके लिए जरुरत होगी एक वैश्विक जनमत, दबाव और प्रभाव की । जैसा कि कुछ देश इस युद्ध को लेकर लगातार भारत के हस्तक्षेप और अगुवाई की बात कह रहे हैं, यह महज उनकी कूटनीतिक चतुराई भर है, ऐसा अब संभव होता दिखाई नहीं देता क्योंकि इस युद्ध का वास्तविक खलनायक अमेरिका है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादक: रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# शिक्षित, आत्मनिर्भर भारत

**संजीव**

**आज** स्त्री के संदर्भ में सारी पुरातन अवधारणाओं को बदलने का समय आ गया है ।नारी अब घर में पूज्या तो है ही साथ ही वह समाज में अपनी अहमियत की दस्तक देकर देश की सीमा सुरक्षा में भी अपना योगदान दे रही है। राष्ट्र निर्माण में नारी की शिक्षा एवं उनकी सहभागिता भारत का शक्तिशाली भविष्य है, अतः नारी की शिक्षा देश के लिए अति महत्वपूर्ण मुद्दा बन गई है' वह समय चला गया जब किसी घर में कन्या के पैदा होने से पूरे परिवार में मातम छा जाता था अब भारत में धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश में लिंग भेद बदलने लगा है स्थिति यह है कि शिक्षित परिवार केवल एक संतान ही पैदा करना चाहती है चाहे वह कन्या हो या बेटा। अब परिवार में कन्या पैदा होने से खुशियां मनाई जाती है और पुरातन सोच अब धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश को मस्तिष्क के मूल्यांकन के साथ बदलते जा रही है। पुरुष प्रधान समाज में नारी को पूज्या कह कर बहला दिया जाता था और उसे घर की चहारदीवारी में सीमित कर दिया गया था। यही कारण था कि वे पुरुषों की बराबरी मैं ना आकर बहुत पिछड़ गई और देश की समग्र विकास की स्थिति एकांगी हो गई थी। समाज यह भूल गया था कि जिन हाथों में कोमल चूड़ियां पहनी जाती हैं वही हाथ तलवार भी उठा कर युद्ध में एक वीरांगना की भूमिका निभाती है, इसकी सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रजिया बेगम और रानी लक्ष्मीबाई रही हैं। मनुस्मृति पर यदि आप नजर डालेंगे तो पाएंगे कि उसमें स्पष्ट कहा गया है कि जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवताओं का वास होता है। प्राचीन भारत में नारी शिक्षा का काफी प्रचार प्रसार किया गया था इसके कई प्रमाण भी हैं कि वेद की रिचाओं का ज्ञान नारियों को था इसमें कुछ महत्वपूर्ण नारियां समाज के लिए एक उदाहरण बन गई थी उनमें मैत्री, गार्गी, अनुसूया, सावित्री, आदि उल्लेखनीय हैं। वैदिक काल के विद्वान मुंडन मिश्र की पत्नी उदय भारती ने प्रकांड पंडित विश्व विजयी आदि शंकराचार्य को भी शास्त्रार्थ में भरी सभा में पराजित किया था । इसीलिए वेदों और पुराणों में भी उल्लेखित है की बालिका शिक्षा समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला होता है।

## खुद शिकारी शिकार हो गया

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**अखबार** में कितना सच और कितना झूठ छपा है इसे जानने के लिए केवल पढ़ा-लिखा होना काफी नहीं होता। पढ़े-लिखे एक ही खबर को अलग-अलग समाचार पत्रों में अलग-अलग तरह से पढ़कर अपना माथा फोड़ते रहते हैं। पढ़ा-लिखा होना गर्व की बात है। उस गर्व का गुबार तो उस समय निकल जाता है जब छपी सामग्री समझ में न आने पर खुद की पढ़ाई पर लानत पैदा होती है। समाचार के पहले दो-तीन पन्ने झूठ छापने की होड़ में लगे रहते हैं। जो जितना झूठ छापता है वह उतना विज्ञापन पाता है। सच छापने वाले के दफ्तर ईडी, इनकम टैक्स वाले अपना छापा लिए पहुँच जाते हैं। अगले दिन से सच छापने वाला खुद को झूठा साबित करने के लिए सड़क पर आ जाता है।

इसीलिए समझदार लोग क्लासीफाइफ पढ़ते हैं। वैसे ये भी झूठे होते हैं, लेकिन पहले तीन पन्नों की तुलना में बहुत बेहतर होते हैं। ऐसे झूठ से सेप्टिक नहीं होता। इसी क्लासीफाइड को पढ़ते हुए अचानक मेरी निगाह एक विवाह के विज्ञापन से जा टकराई। चट मंगनी पट ब्याह मैरेज ब्यूरो को दस हजार भरकर जैसे-तैसे लड़की का नंबर हासिल किया। मैरेज ब्यूरो वाले का हवाला देते हुए लड़की की पसंद-नापसंद के बारे में बात करते हुए उसे फोन पर हाय-हैलो किया। पता लगाने पर मालूम चला कि लड़की के पिता का देहांत हो गया है। यह सुनकर ऊपर से दुख और भीतर से खुशी हुई। बिन बाप की बेटी पर डोरे डालना आसान होता है। माँ नौकरी करती थी। कामकाज करना किसी के लिए परिवार चलाने का कारण होता है तो कुछ के लिए उनके पीठ पीछे गुलछर्रे उड़ाने का बहाना। पता नहीं ऐसी स्थिति में कुछ लोग इंसान से साँप कब बन जाते हैं। चिड़िया की माँ उधर दाने की खोज में निकली इधर साँप चिड़िया की ओर। खाली हाथ किसी के घर जाना बुरी बात है। अपने मतलब की चीज उसके मतलब की बताकर मिलना तो और बुरी बात है। वह क्या है न कि कुछ बुरा करने के लिए भी पहले पहल कुछ अच्छा करना पड़ता है। मेरी खराब नियत 24 कैरेट सोने की तरह चमक रही थी। कई दिनों तक खुफियागिरी करते हुए माँ के घर पर आने-जाने का समय पता लगाया। पता चला चिड़िया की अम्मा अल सुबह निकलती है और देर राती है। प्राइवेट नौकरी जो करती है। प्राइवेट नौकरी में काम कम करवाया जाता है, खून ज्यादा चूसा जाता है। माँ के बहाने लड़की से मिलना काला सच होता है।

# करनाल गऊशाला मामले में गोवंश के हत्यारों को नहीं बख्शा जाएगा: मनोहर

**करनाल/राजकुमार प्रिंस।** **मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने करनाल के फूसगढ़ स्थित गऊशाला में गोवंश की हत्या के मामले में बयान देते हुए कहा कि हत्यारों को बख्शा नहीं जाएगा। अभी तक पुलिस ने इस मामले में कुछ आरोपियों की गिरफ्तारी की है, जल्द ही अन्य फरार आरोपियों की भी गिरफ्तारी होगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सोमवार को स्वयं फूसगढ़ स्थित गऊशाला का दौरा किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि गोवंश की हत्या के मामले में पुलिस की जांच चल रही है। जांच में तथ्य सामने आए हैं कि आरोपियों ने गोवंश को जहरीला पदार्थ खिलाया है। चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, तीन



आरोपी अभी तक फरार हैं। जल्द ही इन फरार आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस संबंध में पुलिस निरंतर कार्रवाई कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आरोपी दीवार फांदकर गऊशाला में आए थे। शंका जाहिर की जा रही है कि मृत पशुओं का व्यापार करने वालों की मिली-भगत से आरोपी इस वारदात को अंजाम दे रहे थे। हालांकि मामले में अभी जांच जारी है। उन्होंने कहा कि जांच में किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

**गोवंश के चारे व उनकी देखभाल के लिए नगर निगम को दिए दिशा-निर्देश**

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने फूसगढ़ गऊशाला में गोवंश की देखभाल को लेकर जिला परिषद के सीईओ गौरव कुमार को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गोवंश के चारे की पूरी व्यवस्था की जाए। इसके साथ-साथ समय-समय पर इनके स्वास्थ्य की जांच भी हो। उन्होंने गऊशाला की चारदीवारी को लेकर भी नगर निगम के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष योगेंद्र राणा, मेयर रेनू बाला गुप्ता, मुख्यमंत्री के मीडिया कॉर्डिनेटर जगमोहन आनंद, भाजपा नेता अशोक भंडारी, प्रशासन की ओर से उपायुक्त अनीश यादव, पुलिस अधीक्षक गंगाराम पुनिया, जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी गौरव कुमार व अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## वृंदावन ट्रस्ट पानीपत की श्याम ध्वजा पैदल यात्रा निकलेगी 2 मार्च को



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
वृंदावन ट्रस्ट पानीपत की श्याम ध्वजा पैदल यात्रा 2 मार्च को पानीपत से चलकर चुलकाना धाम पहुंचेगी। श्याम ध्वजा यात्रा में पानीपत के करीब 21 हजार श्रद्धालु शामिल होगे और रास्ते में उप यात्रा भी इसके साथ मिलती जाएगी।

यह जानकारी ट्रस्ट के सरंक्षक एवं समाजसेवी विकास गोयल ने सोमवार को माडल टाउन स्थित एक होटल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए दी। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट द्वारा सभी श्रद्धालुओं को श्याम ध्वज दिया जाएगा और उसके अलावा एक मैन ध्वज होगा। सभी श्रद्धालु अपने ध्वजों के साथ 2 मार्च को सुबह 5 बजे पानीपत शहर से चुलकाना धाम के लिये रवाना होगे। वहीं ट्रस्ट के प्रधान राकेश व महामंत्री हरीश ने बताया कि यात्रा में शामिल सभी श्रत्रालुओं का ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा कुरूक्षेत्र के ऐतिहासिक वट वृक्ष और चुलकाना धाम की मिट्टी से तिलक किया जाएगा। यात्रा के दौरान सभी श्रद्धालुओं के लिये रास्ते में खाने-पीने की सारी व्यवस्था ट्रस्ट द्वारा की जाएगी। वहीं पुनित ने बताया कि श्याम ध्वजा यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी जोश है और ट्रस्ट द्वारा फाल्गुन माह में यह 11वीं श्याम ध्वजा यात्रा निकाली जा रही है।

## न्यूज फ्लैश

### फॉरएवर 21 ने आइरिया मॉल, गुरुग्राम में अपने नए फ्लैगशिप स्टोर का उद्घाटन किया

**गुरुग्राम :** भारत और साफ्टा देशों में आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड द्वारा लाइसेंस प्राप्त लीडिंग फैशन रिटेलर फॉरएवर 21 ने गुरुग्राम के आइरिया मॉल में अपने नए फ्लैगशिप स्टोर का उद्घाटन किया है। यह नया फॉरएवर 21 स्टोर अद्वितीय शैली और आत्मविश्वास को बढ़ाते हुए ग्राहकों को लेटेस्ट ग्लोबल ट्रेंड उपलब्ध कराएगा। 3518 वर्ग फीट में बना यह स्टोर आइरिया मॉल में स्थित है और ट्रेंडिंग स्टाइल जैसे विंटर वियर, फिट ड्रेस, बॉडीसूट, सुपर क्रॉप, को-ऑर्ड्स, जैकेट, क्रॉप्ड साटन और रूमाल टॉप, पॉप-कलर्ड एक्सेसरीज और फुटवियर को प्रस्तुत करता है। लॉन्च पर बात करते हुए, मुकेश सोनी, बिजनेस हेड (इंडिया), फॉरएवर 21 ने बताया, ह्लहमें गुरुग्राम में अपना पहला फ्लैगशिप फॉरएवर 21 स्टोर शुरू करने की घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है। उत्तर भारत में हमारे कुल 14 स्टोर हैं और हमें अपने ग्राहकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है ।ह्व उन्होंने आगे बताया, "फॉरएवर 21 लॉस एंजिल्स से युवा फैशनपरस्तों के लिए हमारे सिग्नेचर 'स्वीट प्राइसिंग' पर लेटेस्ट रनवे और कैटवॉक ट्रेंड उपलब्ध कराता है। हम उच्चतम गुणवत्ता वाले कम्फर्ट कपड़े पेश करने में गर्व महसूस करते हैं और आपके अनुभव को आनंदप्रद बनाने के लिए तत्पर हैं। स्टोर के उद्घाटन सप्ताह के दौरान ब्रांड अपने प्रशंसकों को कई रोमांचक ऑफर देने के लिए पूरी तरह से तैयार है, आप इसे मिस नहीं कर सकते हैं! स्टोर का पता: फॉरएवर -21, आइरिया मॉल - ग्राउंड फ्लोर 28/29, आइरिया मॉल, सोहना रोड, सेक्टर 68, गुरुग्राम- 122101

### वी ने किया ईस्पोर्ट्स में प्रवेश; ईस्पोर्ट्स का लोकतांत्रीकरण करते हुए वी के यूजर्स को ईस्पोर्ट्स टूर्नामेंट खेलने के लिए प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया

**गुरुग्राम।** वी ऐप पर 1200 से अधिक मोबाइल गेम्स, मल्टीप्लेयर एवं कॉम्पीटीटिव गेम्स के साथ वी गेम्स के सफल लॉन्च के बाद भारत के जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता ने आज ईस्पोर्ट्स के साथ अपने मोबाइल गेमिंग कैटलॉग के विस्तार की घोषणा की है। अग्रणी ईस्पोर्ट्स स्टार्ट-अप गमेरजी के साथ साझेदारी में वी ने वी गेम्स के तहत वी ऐप पर ईस्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म का लॉन्च किया है। वी गेम्स, गमेरजी के साथ साझेदारी में विभिन्न श्रेणियों जैसे बैटल रॉयल, रेसिंग, क्रिकेट, एक्शन रोल प्लेइंग आदि में लोकप्रिय ईस्पोर्ट्स गेम्स लेकर आया है। वी ऐप को गेमिंग प्रेमियों के लिए पसंदीदा गंतव्य बनाने के उद्देश्य से लॉन्च के दौरान इस प्लेटफॉर्म पर लोकप्रिय ईस्पोर्ट्स टाइटल पेश किए जाएंगे जैसे न्यू स्टेट, फ्री फायर मैक्स, कॉल ऑफ ड्यूटी मोबाइल, वर्ल्ड क्रिकेट चैम्पियनशिप 3, एस्फाल्ट 9, क्लैश रॉयल आदि और आने वाले समय में कई अन्य लोकप्रिय टाइटल भी लाए जाएंगे। पिछले कुछ सालों के दौरान भारत ईस्पोर्ट्स के लिए हब बन गया है। फिक्की-ईवाय मीडिया एण्ड एंटरटेनमेन्ट रिपोर्ट 2022 के मुताबिक भारत में ईस्पोर्ट्स प्लेयर्स की संख्या 2020 में 3 लाख थी जो 2021 में दोगुनी होकर 6 लाख हो गई। देश का ईस्पोर्ट्स उद्योग 46 फीसदी सीएजीआर की दर से बढ़ रहा है और 2025 तक इसके रु 11 बिलियन तक पहुंचने का अनुमान है। गेमिंग सेगमेन्ट भी आज से लेकर वित्तीय वर्ष 2025 तक रु 100 बिलियन का आर्थिक मूल्य उत्पन्न करेगा। लॉन्च पर बात करते हुए अवनीश खोसला, सीएमओ, वी ने कहा, स्मार्टफोन्स के किफायती होने और डेटा स्पीड बढ़ने के साथ भारत में मोबाइल गेमिंग की लोकप्रियता भी बढ़ी है। भारत में 5 जी के साथ गेमिंग उद्योग के और तेजी से विकसित होने की उम्मीद है। मोबाइल गेमिंग डिजिटल दौर में वी की कंटेंट स्टैज्टेजी के लिए विकास का मुख्य क्षेत्र बन गया है। ऐसे में ईस्पोर्ट्स को हमारे गेमिंग कैटलॉग में शामिल करना स्वाभाविक था, इससे वी ऐप को गेमिंग प्रेमियों का पसंदीदा गंतव्य बनाने में मदद मिलेगी। हमें विश्वास है कि हमारी यह पेशकश गेमिंग प्रेमियों, खासतौर पर युवाओं को खूब लुभाएगी।
गेमर्स के लिए इस सर्विस को सुलभ बनाने के प्रयास में वी की ईस्पोर्ट्स ऑफरिंग वी के यूजर्स के लिए बिना किसी अतिरिक्त लागत के उपलब्ध होगी। यूजर अपने वर्चुअल कॉयन्स के साथ आकर्षक पुरस्कार भी जीत सकते हैं।

### शिल्प मेला बन रहा आर्कषण का केंद्र, स्थानीय लोगों में दिखा उत्साह

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा कला परिषद के कलाकीर्ति भवन में चल रहे गांधी शिल्प बाजार की रौनक देखते ही बन रही है। हस्तशिल्प विकास आयुक्त वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार तथा महिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र सुडिया कुंआ के सहयोग से आयोजित गांधी शिल्प बाजार में एक ओर जहां विभिन्न प्रांतों के शिल्पकारों के हस्तशिल्प लोगों को अपनी ओर खींच रहे हैं, वहीं बहरुपिये कलाकारों द्वारा अलग-अलग रुप बनाकर लोगों का मनोरंजन करना और राजस्थानी लोक कलाकारों के नृत्य भी सांस्कृतिक दृश्य प्रस्तुत कर रहे हैं। गांधी शिल्प बाजार में आने वाले स्थानीय लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है।

### कुवि के पंजाबी विभाग में रक्तदान विषय पर व्याख्यान आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पंजाबी विभाग में छात्र कल्याण अधिष्ठाता विभाग और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की रेडक्रॉस इकाई की तरफ से एक व्याख्यान आयोजित किया गया जिसमें बतौर मुख्य वक्ता के तौर विश्व प्रसिद्ध रक्तदाता कैप्टन डॉ. सुरेश कुमार सैनी व उनके साथ कुवि के रेडक्रॉस इकाई के प्रोग्राम काउंसलर डॉ. रमेश कुमार और डॉ. पूजा अरोड़ा ने शिरकत की। इस अवसर पर पंजाबी विभाग के अध्यक्ष डॉ कुलदीप सिंह ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। व्याख्यान में कैप्टन डॉ. सुरेश सैनी ने रक्तदान के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा महादान होता है।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
मो. नं. : 9991270143

## मुख्यमंत्री पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता अंकुर मुखी के निवास पर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
मुख्यमंत्री मनोहर लाल आज संत नगर स्थित भाजपा कार्यकर्ता अंकुर मुखी के निवास स्थान पर पहुंचे। यहां पहुंचने पर अंकुर मुखी व स्थानीय निवासियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल के साथ उनके मीडिया कोर्डिनेटर जगमोहन आनंद, भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा व मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला भी मौजूद थे। सीएम ने अंकुर मुखी का हालचाल जाना और बातचीत भी की। निवास स्थान पर पहुंचने पर अंकुर मुखी



ने मुख्यमंत्री का आभार जताया। अंकुर मुखी ने कहा कि वे मुख्यमंत्री के बहुत आभारी हैं जो, उन्होंने अपने कीमती समय में से समय निकालकर मिलने पहुंचे और उन्हें मान सम्मान दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की नीतियों से आज प्रदेश बुलंदियों पर पहुंच गया है।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस: क्विज और पेपर एंड पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
पानीपत के एसडी पीजी कॉलेज में चल रही तीन दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रमों के तहत दूसरे दिन सोमवार को क्विज और पेपर एंड पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे प्रदेश के विभिन्न कालेजों से विज्ञान संकाय के लगभग 300 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूवात प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा और कार्यक्रम के संयोजक प्रो राकेश कुमार सिंगला, प्रो मुकेश गुप्ता एवं डॉ प्रवीन



कत्याल ने की। विजेता प्रतिभागियों को ट्राफी और प्रशस्ति पत्र से नवाजा गया। वहीं मंगलवार को तीसरे दिन सीवी रमन मेमोरियल लेक्चर का आयोजन किया जाएगा। वहीं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमे गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल की छात्रा जपजी कौर ने प्रथम स्थान हासिल किया। जूरी की भूमिका डॉ प्रियंका चांदना और प्रो प्रवीण कुमारी ने निभाई। जबकि पेपर एंड पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया। क्विज प्रतियोगिता में 23 कॉलेज की टीमों ने हिस्सा लिया जिसमे से टॉप टेन टीमों का चयन लिखित परीक्षा के आधार पर किया गया। प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने कहा कि क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं के ज्ञान में वृद्धि हुई और उनमें आत्मविश्वास के भाव का संचार हुआ है।

## पूर्व चेयरमैन के कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर किया नमन

**बहादुरगढ़/सिद्धार्थ राव**
शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर पूर्व चेयरमैन कर्मवीर राठी कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने शहीद चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। श्रद्धांजलि देते हुए पूर्व चेयरमैन व वरिष्ठ भाजपा नेता कर्मवीर राठी ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद महान देशभक्त थे। उन्होंने बिना कुछ मांगें भारत मां को गुलामी की बेड़ियों से आजाद करवाने के लिए अपना



जीवन कुर्बान कर दिया। उनकी कुबार्नी को देशवासी भूला नहीं सकते। कर्मवीर राठी ने कहा कि आज शहीद चंद्रशेखर आजाद जैसे देश भक्तों की जरूरत है।

## सीजेएम ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रशेखर और सुईशा खत्री, सीजेएम सुजसबीर कौर द्वारा सोमवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया गया। सैशन जज चंद्रशेखर ने जेल में रह रहे बंदियों के साथ वातालाप की और उनको हो रही परेशानियों के बारे में जाना। उन्होंने सभी बंदियों से पूछा कि अगर किसी को मुफ्त कानूनी सहायता या किसी के पास अपने केस की पैरवी करने के लिए कोई वकील नहीं है।

## सरपंचों ने मुख्यमंत्री के नाम अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
घरौंडा का गंदा नाला जो मलिकपुर से शेखपुरा खालसा, गुढा, कोहंड के खेतों के बीच बहता हुआ बाबरपुर के बड़े गंदे नाले में जाकर गिरता है, उसका टेंडर बरसात के दिनों की बजाय अभी मार्च में किए जाने की मांग को लेकर आज छह गांवों के सरपंच एकत्र होकर समाजिक कार्यकर्ता एडवोकेट जेपी शेखपुरा के नेतृत्व में लघु सचिवालय पहुंचे, जहां उन्होंने अधिकारियों को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि वह हरियाणा सरकार व इलीगेशन डिपार्टमेंट को एडवांस में जनहित में, जगाने के लिए, ताकि किसानों की फसलें गन्दे नालों की वजह से खराब न हो, इसलिए गंदे नाले की सफाई के टेंडर के लिए अपील करने आए हैं। सरपंचों ने बताया कि घरौंडा गंदा नाला गांव मलिकपुर, शेखपुरा खालसा, गुढा, कोहँड गांव के खेतों से होता हुआ बाबरपुर गंदे नाले में जाकर गिरता है। इस गन्दे नाले का टेंडर हर साल होता है, पर टेंडर का समय उन दिनों होता है, जब बरसात शुरू हो जाती है। उस समय टैंडर को लेने वाला ठेकेदार अपनी बड़ी-बड़ी मशीनें लेकर नाले के किनारे पर आ जाता है। उस समय किसान लोग गंदे नाले के दोनों ओर अपनी धान की फसल की रोपाई कर देते हैं, जिसके कारण किसान मशीनों को अपने खेतों में घुसने नहीं देता और मशीन को वापस भेज देता है और ठेकेदार एक महीने तक आसपास में मशीन दिखाकर किनारों पर छोटे मोटे मजदूरों से काम करवाकर कागजों में पूरा काम दिखा देता है और अधिकारियों की मिलीभगत से मोटे पैसे की चप्पत सरकार को लगा देता है। लगातार 10 साल से ऐसा चल रहा है।

## मशीन मैड कारपेट में तुर्की को मात देने की तैयारी में है पानीपत के निर्यातक

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
पानीपत की अनाज मंडी में हाल ही में आयोजित तीन दिवसीय टेक्सटाइल प्रदर्शनी में टेक्सटाइल मशीनरी निमार्ता सुखबीर मलिक की कंपनी दी फ्रेंडस इंजीनियरिंग वर्क्स द्वारा बड़े साईज एवं हैवी कारपेट के लिये बनाई गई 255 इंची रेपियर लूम निर्यातकों को काफी पसंद आई है। मलिक द्वारा बनाई गई यह 255 इंची रेपियर लूम पानीपत के कई कारपेट निर्यातकों द्वारा अपनी फैक्टरियों में लगाई गई है। निर्यातक इस रेपियर लूम पर अमेरिका व यूरोपियन देशों के खरीददारों के लिये बड़े साईज के व हैवी मशीन मैड कारपेट बना रहे है। हालांकि





सुखबीर मलिक द्वारा बनाई गई यह रेपियर लूम तुर्की, जर्मनी व फ्रांस की लेटेस्ट टेक्नोलॉजी की कारपेट मशीनों का मुकाबला नहीं कर पा रही है। इस रेपियर लूम पर जेकार्ड और डाबी लगाकर निर्यातकों द्वारा मशीन मैड कारपेट बनाया जा रहा है। भारत में छोटे साईज की रेपियर लूम तो पानीपत के अलावा लुधियाना, सुरत व अहमदाबाद आदि मे बनती है लेकिन 255 इंची रेपियर लूम सिर्फ पानीपत में पिछले वर्ष ही सुखबीर मलिक की कंपनी दी फ्रेंडस इंजीनियरिंग वर्क्स द्वारा ही बनानी शुरू की गई है। बता दे कि पूरे विश्व में कारपेट के निर्यात में तुर्की नंबर एक पर, भारत नंबर दो और ईरान नंबर तीन पर है। जबकि भारत में कारपेट के निर्यात में हरियाणा का पानीपत व यूपी का भदोही लगभग बराबर है। देश में हरियाणा का पानीपत व यूपी का भदोही ही कारपेट का निर्यात करने में प्रमुख शहर है। इन दोनो ही शहरों से आधा कारपेट तो अकेले अमेरिका और आधा यूरोपियन देशों को निर्यात किया जाता है।

## स्कॉर्पियो ने बाइक की मारी टक्कर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
बीती रात असंध-खेड़ी सर्फअली रोड पर एक स्कॉर्पियो गाड़ी ने बाइक को टक्कर दे मारी, जिससे जींद जिले के गांव सुदकैन खुर्द निवासी रामकुमार और डूमरखां निवासी ओमप्रकाश की मौके पर ही मौत हो गई। यह दोनों पानीपत से अपने घर लौट रहे थे। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 26 फरवरी को पानीपत में रामकुमार के भतीजे प्रवीण के लडके हर्ष का जन्मदिन समारोह था।

## 'अंसल सिटी में ईडब्ल्यूएस लोगों के लिए बनाए गए मकानों की शीघ्र करवाएं मरम्मत'

### अंसल सिटी में ई.डबल्यू.एस. के मकानों का किया औचक निरीक्षण, लोगों की सुनी समस्याएं

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने करनाल प्रवास के दौरान सोमवार को सुबह अंसल सिटी पहुंचकर हाऊसिंग बोर्ड द्वारा गरीब वर्ग (ई.डबल्यू.एस.) लोगों के लिए बनाए गए मकानों का औचक निरीक्षण किया और स्थिति का जायजा लिया तथा अधिकारियों को इन मकानों की मरम्मत करने के निर्देश दिए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने अंसल सिटी वासियों की समस्याओं को भी सुना। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की पॉलिसी के अनुसार हाऊसिंग सोसाईटी में गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले गरीब वर्ग (ई.डबल्यू.एस.) लोगों के लिए मकान बनाने का प्रावधान है, जिसके तहत करनाल शहर में अंसल



सिटी, अल्फा सिटी, सीएचडी सिटी तथा नरसी विलेज में मकान बनाए गए हैं, लेकिन जिसमें से अधिकतर मकान लंबे समय से खाली पड़े हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यह मकान सरकार की प्रोपर्टी है, इसे खराब न होने दें, इससे जनता का नुकसान होता है। इसको लेकर मुख्यमंत्री ने हाऊसिंग बोर्ड की कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए कि इन मकानों की मरम्मत करवाने का प्रपोजल तैयार करें और इसकी शुरूआत अंसल सिटी से की जाए तथा इस कार्य को आगामी 20 मार्च तक हरसंभव पूरा करवाया जाए। इसके बाद सरकार द्वारा इन मकानों की ई-ऑक्शन की जाएगी। निरीक्षण के दौरान हाऊसिंग बोर्ड की कार्यकारी अभियंता दीक्षा मलिक ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल को अवगत कराया कि अंसल सिटी में 146 मकान, सीएचडी सिटी में 1012, अल्फा सिटी में 606 तथा नरसी विलेज में 179 मकान हाऊसिंग बोर्ड द्वारा बनवाए गए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को आश्वासन दिया कि आपके निर्देशानुसार अंसल सिटी में बने मकानों की मरम्मत का कार्य शीघ्र अति शीघ्र पूरा करवा दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सरकार की पॉलिसी के तहत हाऊसिंग सोसाईटी में 20 प्रतिशत क्षेत्र को आरक्षित रखा जाता है, जिसमें से 10 प्रतिशत पर हाऊसिंग बोर्ड द्वारा मकान बनाए जाते हैं तथा 10 प्रतिशत कॉलोनाईजर द्वारा गरीब लोगों को सस्ती दर पर प्लॉट/मकान दिए जाते हैं। इस अवसर पर भाजपा के जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा, मेयर रेनू बाला गुप्ता, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, मीडिया कोर्डिनेटर जगमोहन आनंद, जिला परिषद चेयरपर्सन के प्रतिनिधि सोहन सिंह राणा, पार्षद प्रतिनिधि सुभाष कश्यप, पार्षद युद्धवीर सैनी, मंडल अध्यक्ष सुनील गुप्ता, भाजपा नेता अशोक भंडारी, जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त अनीश यादव, पुलिस अधीक्षक गंगाराम पुनिया मौजूद रहे।

# नरेला के रामलीला ग्राउंड में विश्व हिन्दू परिषद ने किया भूमि पूजन

## मयूर नृत्य में कलाकारों ने ऐसी रोचक प्रस्तुति दी कि लोग भक्ति में भावविभोर होकर झूमने लगे








**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
आगामी 15 मार्च से 22 तक होने वाले हिंदू नववर्ष महोत्सव के उपलक्ष्य में विश्व हिंदू परिषद नरेला जिला द्वारा विधिवत पूजा अर्चना करते हुए भूमि पूजन का आयोजन किया गया। बाहरी दिल्ली के नरेला में रामलीला ग्राउंड में 15 मार्च से होने वाले हिंदू नववर्ष महोत्सव के उपलक्ष्य में विश्व हिंदू परिषद नरेला जिला द्वारा महोत्सव स्थल का भूमि पूजन कार्यक्रम वैदिक मंत्रोचार व हवन यज्ञ के साथ किया। इसमें बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। प्रसिद्ध समाजसेवी प्रवीण लाकड़ा ने नारियल फोड़कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने शंकर पार्वती नृत्य प्रस्तुत कर खुब दाद बटोरी। मयूर नृत्य में कलाकारों ने ऐसी रोचक प्रस्तुति दी कि लोग भक्ति में भावविभोर होकर झूमने लगे। विहिप नरेला जिला उपाध्यक्ष मनोज बंसल ने बताया कि हिंदू नववर्ष महोत्सव का आयोजन नरेला के रामलीला ग्राउंड में आगामी 15 से 22 मार्च तक किया जा रहा है।

### 15 मार्च से शुरू होगा भव्य आयोजन...

= हिंदू नववर्ष महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें 19 मार्च को खाटू श्याम संकीर्तन व 22 मार्च को विशाल कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जायेगा: मनोज बंसल

इस दौरान कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा 15 मार्च से 7 दिनी दिव्य राम कथा का आयोजन होगा। कथा को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। कथा से पूर्व 15 मार्च को ही विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें 5100 श्रद्धालु महिलाएं सम्मिलित होंगी। इसके बाद दीदी साध्वी ऋतंभरा जी के मुखारविंद से राम कथा का प्रारंभ होगा।

विहिप जिला मंत्री राजेश जैन ने बताया कि हिंदू नववर्ष महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें 19 मार्च को खाटू श्याम संकीर्तन व 22 मार्च को विशाल कवि सम्मेलन होगा। कवि सम्मेलन पश्चात करीब 30000 लोगों के लिए भोजन की भी व्यवस्था रहेगी। भूमि पूजन में विहिप दिल्ली प्रांत सह मंत्री अशोक गुप्ता, उत्तरी विभाग अध्यक्ष नरसिंह शरावत, विभाग मंत्री तोताराम, विभाग सह मंत्री राजेश, नरेला जिला अध्यक्ष सुरेंद्र गर्ग, उपाध्यक्ष विजयंत, उपाध्यक्ष मनोज बंसल, जिला मंत्री राजेश जैन, भक्त शिरोमणि श्री जय नारायण अग्रवाल, प्रसिद्ध समाजसेवी प्रवीण लाकड़ा, पूर्व विधायक नीलदमन खत्री, वार्ड 2 से निगम पार्षद दिनेश भारद्वाज, कमल खत्री, अलीपुर वार्ड से पार्षद योगेश राणा, मनोनीत निगम पार्षद लक्ष्मण आर्य, नगर निगम नरेला जोन अति. उपायुक्त कटारिया, कृष्ण बंसल प्रधान, प्रसिद्ध गौसेवक व समाजसेवी राजेंद्र सिंघल, कृष्ण घी वाले, समाजसेवी जोगेंद्र दहिया, समाजसेवी सुनील खत्री, पंकज गुप्ता, सुनील खत्री (प्रधान) एनडी अरोड़ा, प्रदीप ठोलेदार सहित सैकड़ों की संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।




# श्रीकृष्ण मंदिर सभा के वार्षिक उत्सव पर कीर्तन का आयोजन




**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया दिल्ली** के मॉडल टाउन इलाके के श्रीकृष्ण मंदिर मार्ग पर श्रीकृष्ण मंदिर सभा के वार्षिक उत्सव पर भव्य श्रीश्याम बाबा के कीर्तन व भजन का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रधान हरीकिशोर गुप्ता, अजय गुप्ता वरिष्ठ उपप्रधान, देवेन्द्र गुप्ता, उपप्रधान, महामंत्री उमेश अग्रवाल, सुमित शर्मा, प्रचार मंत्री संजीव गुप्ता, सतीश चंद शर्मा, महेश सिंघल, राम निवास गुप्ता, आनन्द मित्तल, ललित शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर भजन सम्राट मुकेश गोयल दिल्ली वाले ने बाबा के भजनों की अमृत वर्षा की।

कार्यक्रम के बाद प्रसाद रूप में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रचार मंत्री संजीव गुप्ता ने कहा कि भक्ति में शक्ति होती है, इसलिए सभी को सच्चे मन से प्रभु की भक्ति करनी चाहिए। इस मौके पर सैकड़ो की संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# रक्तदान है पुण्य का कार्य, सभी करें रक्तदान: मदान

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
रक्तदान महादान होता है, इसलिए मेरी सभी से अपील है कि इस पुण्य के कार्य में सभी हिस्सा ले और अधिक से अधिक बार रक्तदान करें और दूसरे लोगों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें, जो बहुत ही ज्यादा जरूरी है। उक्त बातें आरडब्ल्यूए बीबी ब्लॉक पूर्वी शालीमार बाग के अध्यक्ष जवाहर मदान ने कही। श्री मदान ने कहा कि रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है कि जब हमारा कोई रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता है, इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। जवाहर मदान ने आगे



बताया कि रक्तदान को लेकर आज भी लोगों के मन में कई सारी गलत धारणाएं मौजूद हैं। ज्यादातर लोग ऐसा सोचते हैं कि ब्लड डोनेट करने से शरीर में कमजोरी आ जाती है और फिर कई बीमारियां लग सकती हैं जों कि पूरी तरह से गलत धारणा है। रक्तदान हम सभी की जिम्मेदारी है। मदान ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी को रक्तदान करना चाहिए क्योंकि रक्तदान करना भी एक प्रकार का पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ व्यक्ति हर तीन महीने में रक्तदान कर सकता है। ऐसे में अगर नियमित रूप से रक्तदान करते हैं, तो इससे शरीर बेहतर सेहत की ओर जाता है। इसका असर आपको साफ अपनी फिटनेस पर दिख सकता है। ब्लड प्रेशर भी कंट्रोल में रहता है।

### सभी को करना चाहिए रक्तदान....

= एक स्वस्थ व्यक्ति हर तीन महीने में रक्तदान कर सकता है। ऐसे में अगर नियमित रूप से रक्तदान करते हैं, तो इससे शरीर बेहतर सेहत की ओर जाता है। इसका असर आपको साफ अपनी फिटनेस पर दिख सकता है: जवाहर मदान

उन्होंने आगे कहा कि ब्लड डोनेशन से आप किसी की जान को बचा सकते हैं, बुरे वक्त में किसी के काम आ सकते, जो आपके दिल और दिमाग को अलग ही खुशी देता है। इसलिए मेरी सभी से अपील है कि सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें।

# कांग्रेस पार्टी ने जो कहा है, वह करके दिखाया है: दीपक प्रजापति

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के युवा कांग्रेस नेता दीपक प्रजापति ने कहा कि आज जो आप दिल्ली में विकास देख रहे है, वह सब कांग्रेस पार्टी की देन है। क्योंकि कांग्रेस पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है, यही कारण है आज देश के कोने-कोने में कांग्रेस का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है। दीपक प्रजापति ने कहा कि जनता आम आदमी पार्टी व भाजपा के कार्यों से खुश नहीं है। जनता कांग्रेस को सत्ता में देखना चाहती है। उन्होंने कहा कि आज भी दिल्ली की कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को पानी की समस्या से जूझना



पड़ रहा है, क्योंकि आज भी कई कॉलोनियों में गंदा पानी आ रहा है और जनता को मजबूर होकर बाजार से महंगे दामों पर पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है। आम आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली की जनता को मुफ्त पानी दे रहे है। एक अन्य सवाल के जवाब में दीपक प्रजापति ने कहा कि देश में महंगाई अपनी चरम सीमा पर पहुंच चुकी है, महंगाई के कारण हर एक तबका परेशान है। उन्होंने कहा कि रोजमर्रा के प्रयोग में आने वाली वस्तुओं के दाम आसमान को छू रहे है और जनता परेशान हो रही है। लेकिन सरकार महंगाई कम करने की ओर ध्यान नहीं दे रहे है।

श्री प्रजापति ने कहा कि सरकार को विशेष रूप से महंगाई पर लगाम लगाने का कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि महंगाई तो बढ़ रही है लेकिन आम जनता की सैलरी में इजाफा नहीं हो रहा है।

# शुद्ध हवा के लिए पौधारोपण बहुत ही ज्यादा जरूरी: बत्तरा

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
वजीरपुर आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष इन्द्र कुमार बत्तरा ने कहा कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए, क्योंकि पौधारोपण बहुत ही ज्यादा जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि सभी को अपने जन्मदिन व सालगिरह पर पौधारोपण करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा ठीक उसी प्रकार से करनी चाहिए, जिस प्रकार से हम अपने परिवार की रक्षा करते है।



उन्होंने कहा कि गरीब व असहाय की सेवा करना बड़ा ही पुण्य का कार्य होता है, इसलिए सभी को इस पुण्य के कार्य में हिस्सा लेना चाहिए और दिल खोलकर गरीबों की सहायता करनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि हम सभी का कर्त्तव्य बनता है कि हम असहाय व गरीब की सहायता करें। जिससे की गरीब व्यक्ति को भी परेशान न होना पड़े।



बादली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव के नेतृत्व में निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा व अन्य कार्यकर्ता शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया के समर्थन में आवाज उठाते हुए।

# सच्चे मन से प्रभु की आराधना करने वालों की प्रभु अवश्य ही सुनते है: सुरेन्द्र खर्ब






**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया सिविल** लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब ने कई धार्मिक कार्यक्रमों में जाकर प्रभु का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर उनके साथ समाजसेवी पवन कुमार गोयल, युवा समाजसेवी हिमांशु भारद्वाज के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर सुरेन्द्र खर्ब ने कहा कि सभी को इस प्रकार के आयोजन समय-समय पर करने चाहिए। इससे क्षेत्र में धार्मिकता का संचार होता है।

सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब ने कहा कि सभी को भक्ति सच्चे मन से करनी चाहिए, जो व्यक्ति सच्चे मन से प्रभु की भक्ति करता है, प्रभु उसकी अवश्य ही सुनते है, इसलिए सभी सच्चे मन से प्रभु की आराधना करें। विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजको ने सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब का स्वागत किया। इस अवसर पर पवन कुमार गोयल ने बताया कि प्रभु सभी की सुनते है, बस जरूरत है सच्चे मन से प्रभु की आराधना करने की। इस अवसर पर कई गणमान्य लोगों ने भी अपने-अपने विचार रखे।

# पार्षद राजीव सरोहा सीनियर डिप्टी मेयर बने



**सोनीपत/संजीव कौशिक**

नगर निगम सोनीपत में सोमवार को सीनियर डिप्टी मेयर व डिप्टी मेयर का चुनाव करवाया गया। जिसमें पार्षदों ने मतदान करते हुए कांग्रेस से पार्षद राजीव सरोहा व पार्षद मनजीत गहलावत के सिर सीनियर डिप्टी मेयर व डिप्टी मेयर का ताज सजाया। दोनों ही प्रत्याशियों को पार्षदों की तरफ से 11-11 वोट प्राप्त हुए है। विधायक सुरेंद्र पंवार, मेयर निखिल मदान व समस्त पार्षदों ने नवनिवार्चित सीनियर डिप्टी मेयर व डिप्टी मेयर को बधाई दी है। निर्वाचन अधिकारी ने दोनों नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को विजयी होने का सर्टिफिकेट दिया। इसके बाद खुली जीप में शहरभर से विजयी जूलुस निकाला गया। मेयर कार्यालय व विधायक निवास पर विजयी पार्षदों का फूलमालाओं व ढोल नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया गया।

विधायक सुरेंद्र पंवार ने जीत का श्रेय कांग्रेस पार्टी, पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष चौ. उदयभान सिंह व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा की नीतियों को देते हुए कहा कि आज नगर निगम सोनीपत के पार्षदों ने एक नया इतिहास रचने का काम किया है। केंद्र व प्रदेश में बीजेपी सरकार होने के बावजूद नगर निगम सोनीपत में पहले भी सोनीपत की जनता ने अपने मत रूपी आशीर्वाद से कांग्रेस पार्टी के चुनाव चिन्ह पर मेयर निखिल मदान व कांग्रेस पार्टी के चुनाव चिन्ह पर पार्षद का चुनाव लड़ने वाले पार्षदों को विजयी बनाया था। आज पार्षदों ने सीनियर डिप्टी मेयर व डिप्टी मेयर के चुनाव में अपनी वोट का प्रयोग करते हुए कांग्रेस के दोनों पार्षदों, वार्ड नम्बर-9 से पार्षद राजीव सरोहा को 11 वोट देकर सीनियर डिप्टी मेयर चुना। इसके साथ ही वार्ड-18 से पार्षद मनजीत गहलावत को 11 वोट देकर डिप्टी मेयर चुना। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी बात यह है कि कांग्रेस के नगर निगम सोनीपत में 9 पार्षद है, एक मेयर की वोट है। कुल मिलाकर कांग्रेस की 10 वोट बनती है। जबकि बीजेपी के 11 पार्षद है। लेकिन कांग्रेस पार्टी के पार्षदों के साथ-साथ बीजेपी के पार्षद ने भी कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करके कांग्रेस पार्टी में आस्था जताई है। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश के लिए शुभ संकेत है कि प्रदेशवासियों के आशीर्वाद से आने वाले समय में निश्चित तौर पर कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी। मेयर निखिल मदान ने भी अपने सभी पार्षदों का धन्यवाद व्यक्ति किया और नवनिवार्चित पदाधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा के आशीर्वाद से नगर निगम सोनीपत के दोनों पदों सीनियर डिप्टी मेयर व डिप्टी मेयर में पार्षद राजीव सरोहा व पार्षद मंजीत गहलावत को जीत मिली है। दोनों सीनियर व डिप्टी मेयर के साथ मिलकर सोनीपत का विकास किया जाएगा। विधायक, मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर, डिप्टी मेयर व पार्षद मिलकर सोनीपत को चमकाने का काम करेंगे। इस दौरान पार्षद बिजेंद्र मलिक, पार्षद नीतू दहिया, पार्षद सूर्या दहिया, पार्षद सुरेंद्र नैय्यर, पार्षद रेनू सैनी, पार्षद नवीन तंवर, पार्षद मोनिका नागर, राजेश दहिया, अनिल नागर, प्रवीन सैनी सहित बड़ी तादाद में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता व शहरवासियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

# ओस्का ने अंतर्राष्ट्रीय गायक मास्टर सलीम को राष्ट्र गौरव से किया सम्मानित



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**आर्गेनाइजेशन** फॉर सोशल एंड कल्चरल अवेयरनेस (ओस्का) द्वारा अम्बाला शहर में सूफी संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अंतरराष्ट्रीय गायक मास्टर सलीम को राष्ट्र गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। ओस्का के कल्चरल कोर्डिनेटर दिलावर कौशिक ने बताया कि मास्टर सलीम को यह सम्मान उनके द्वारा विश्व में भारतीय संगीत के प्रचार-प्रसार के लिये दिया गया है। यह सम्मान कार्यक्रम सुरेश शर्मा शाह कोटि संगीत अकादमी, पालिका विहार, अम्बाला शहर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर ओस्का के संस्थापक डॉ. चन्द्रपाल पूनिया, ओस्का समन्वयक राहुल भांकर तथा सुरेश शर्मा शाह कोटि संगीत अकादमी के निदेशक सुरेश शर्मा तथा युवराज वीडियो प्रोडक्शन हाउस के निदेशक मोहन धीमान विशेष रूप से उपस्थित रहे तथा उन्होंने फूलो का गुलदस्ता देकर मास्टर सलीम का अभिनंदन किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सुरेश शर्मा ने अपने सूफी कलाम प्रस्तुत किये तथा इसके पश्चात दिलावर कौशिक ने अपनी प्रस्तुति से सबका मन मोहा। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय गायक मास्टर सलीम ने ओस्का की गतिविधियों के बारे में जाना और ओस्का के द्वारा किये जा रहे कार्यो की प्रशंसा की । ओस्का के कल्चरल कोर्डिनेटर दिलावर कौशिक ने उन्हें बताया कि आगेर्नाइजेशन फॉर सोशल एंड कल्चरल अवेयरनेस (ओस्का) भारतीय संविधान के रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत एक रजिस्टर्ड संस्था है जो पिछले 10 वर्षो से पूरे भारत में सांस्कृतिक और सामाजिक चेतना तथा जागरूकता के प्रचार- प्रसार के लिए निरंतर सक्रियता से कार्यरत है। उन्होंनें बताया कि ओस्का सम्पूर्ण देश में सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यों में विशेष योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित भी करती है। उन्होने बताया कि ओस्का को 9 राज्यो के राज्यपालों के द्वारा सम्मानित किया जा चुका है और यह संस्था दिन रात सामाजिक और सांस्कृतिक जागरूकता के लिए कार्य कर रही है। इस अवसर पर देव प्रिंस, अरूण शर्मा एवं प्रिंसी कौशिक, मनदीप सिंह तथा संगीत प्रेमी उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### कारिंदे को हथियार दिखाकर 21 हजार रुपये व सात अंग्रेजी शराब की बोतल लूट कर हुए फरार

**गन्नौर।** रविवार को देर रात हथियारबंद बदमाशों ने दुभेटा गांव में शराब के ठेके पर कार्यरत कारिंदे को हथियार दिखाकर 21 हजार रुपये व सात अंग्रेजी शराब की बोतल लूट कर हुए फरार हो गए । घटना की सूचना 112 पर पुलिस को दी । सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची । पुलिस ने ठेके पर कार्य करने वाले कारिंदे की शिकायत पर मामला दर्ज कर अज्ञात लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है । पुलिस को दी शिकायत में ठेके पर कार्य करने वाले सेल्समैन राजू ने बताया कि रविवार की शाम को वह अपने ठेके पर अंदर बैठकर करीब 9 बजकर 15 मिनट पर खाना खा रहा था । इसी दौरान सफेद रंग की सभी कार में सवार होकर आए दो अज्ञात हथियारबंद बदमाशों ने गले के अंदर से रविवार को सेल की गई शराब के करीब 21 हजार रुपये व 7 अंग्रेजी शराब की बोतल निकाल ली । उसके बाद जबरदस्ती करते हुए वैसे वह शराब लेकर मौके से फरार हो गए ।

### बड़ी में जीटी रोड पर तेज गति से आ रही कार की टक्कर से 10 वर्षीय बच्चे की मौत

**गन्नौर।** जीटी रोड पर बड़ी गांव के पास तेज गति से आ रही अज्ञात कार की टक्कर से 10 वर्षीय बच्चे की उपचार के दौरान मौत हो गई । सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने मृतक के पिता ओमप्रकाश की शिकायत पर मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया । पुलिस को दी शिकायत में गांव फतेहपुर उत्तर प्रदेश निवासी ओमप्रकाश ने बताया कि वह बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के फेस 1 में अपने परिवार के साथ रहता है रविवार की शाम को बड़ी औद्योगिक क्षेत्र से बड़ी गांव में सामान खरीदने के लिए परचून की दुकान पर गया था जब वह है अपने 10 साल के बेटे सितमगर छोटी बेटी अंजलि के साथ करीब 7:00 पानीपत से दिल्ली रोड से वापिस आ रहा था तो वीटी मिल के सामने तेज गति से आ रही कार ने उसे टक्कर मार दी टक्कर लगने के बाद कार का चालक मौका देकर फरार हो गया गंभीर रूप से घायल अवस्था में वह अपने बेटे चेतन यादव को 4:00 के लिए गन्नौर के सरकारी अस्पताल में लेकर गया जहां चिकित्सकों ने उपचार के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

### राजकीय महिला महाविद्यालय में सडक सुरक्षा पर किया गया एक दिवसीय शिविर का आयोजन

**सोनीपत।** आजादी का अमृत महोत्सव की श्रंखला में राजकीय महिला महाविद्यालय में सोमवार को एनएसएस यूनिट के द्वारा तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के संदर्भ में जानकारी देते हुए एनएसएस प्रभारी मनजीत ने बताया कि शिविर में सर्वप्रथम एनएसएस इकाई द्वारा सडक सुरक्षा पर पोस्टर बनाओ तथा श्लोगन लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके बाद समाज को सडक सुरक्षा नियमों से अवगत कराने के लिए स्वयं-सेविकाओं के द्वारा रैली निकाली गई। एनएसएस प्रभारी ने बताया कि शिविर के अंतर्गत सभी छात्राओं ने मिलकर महाविद्यालय के प्रांगण में साफ-सफाई की गतिविधि में भी बढ़ चढकर भाग लिया।

### 17 मार्च को संपन्न होगी बाईपास स्थित शंभू दयाल मार्डन स्कूल की खुली निलामी

**सोनीपत।** जिलाधीश ललित सिवाच ने बताया कि पंजाब भू-राजस्व अधिनियम की धारा 75 के तहत शंभू दयाल मार्डन स्कूल वर्सीज ओमप्रकाश आदि के केसों में मौजा गढ़ी ब्रह्मद्दणान रकबा में स्थित गोहाना रोड़ नजदीक बाईपास स्थित शंभू दयाल मार्डन स्कूल को खुली निलामी द्वारा नीलाम किया जाएगा, जिसके नीलामी तिथि 17 मार्च 2023 को प्रातः 10 बजे निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि शंभू दयाल मार्डन स्कूल पर एक करोड़ 75 लाख 42 हजार 599 रुपए 12 प्रतिशत ब्याज सहित भू-राजस्व बकाया है। जिलाधीश ने बताया कि उक्त स्कूल खेवट नंबर 882 का किला नंबर 8//27, 27/1, 27/2 पर स्थित है जिसका कुल रकबा 14 कनाज 19 मरले है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति हकशुफा का दावेदार हो उसके लिए आवश्यक है कि वह अपने इरादे को संबंधित कार्यालय को किसी भी कार्यदिवस या निलामी तिथि से पहले सूचना दे अन्यथा उसका अधिकार समाप्त हो जाएगा।

# जीवीएम में पेड़ बचाओ विषय पर हुई नारा लेखन स्पर्धा में भावना रही अव्वल



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**जीवीएम** गर्ल्स कालेज में पेड़ बचाओ विषय पर आयोजित नारा लेखन स्पर्धा में बीकॉम ऑनर्स द्वितीय वर्ष की छात्रा भावना अव्वल रही तथा बीएससी मेडिकल तृतीय वर्ष की शगुन ने द्वितीय और बीकॉम ऑनर्स द्वितीय वर्ष की खुशी तृतीय स्थान पर रही। नारा लेखन में तन्नू व शिखा को सात्वना पुरस्कारों से नवाजा गया। संस्था के प्रधान डॉ० ओपी परूथी व प्राचार्या डॉ० रेनू भाटिया ने विजेताओं को बधाई दी। प्रतियोगिताओं की प्रमुख संयोजक एवं सांइस फैकल्टी की डीन तथा बोटनी विभागाध्यक्ष डॉ० रश्मि जावा ने बताया कि विभिन्न स्पाधाओं में छात्राओं ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। उन्होंने परिणामों की जानकारी देते हुए सहयोगी तथा निर्णायक मंडल में शामिल प्राध्यापिकाओं का आभार भी जताया। इस दौरान आयोजित बर्ड हाउस मेकिंग स्पर्धा में रितु व अंकिता की जोड़ी ने प्रथम तथा तन्नू व गीतांजलि ने द्वितीय और जान्हवी व श्रुति तथा मानिका व श्रुति की जोडियों ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। बर्ड फीडर मेकिंग स्पर्धा में दीक्षा व अंजलि ने प्रथम तथा जाहन्वी व श्रुति ने द्वितीय और मेघा व साक्षी की जोड़ी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नेस्ट मेकिंग स्पर्धा में वंशिका व श्रुति की जोड़ी ने प्रथम तथा स्वाति व यचिका ने द्वितीय और वर्णिका व श्रेया की जोड़ी तृतीय स्थान हासिल किया।

## बॉक्सिंग चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेड़मी के सुमित ने जीता स्वर्ण पदक



**सोनीपत/रमेश कुमार**

हिमाचल प्रदेश के रामपुर ज़िले में 22 फरवरी, 2023 से 26 फरवरी, 2023 तक राजा वीर भद्रा सिंह ऑल इंडिया नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सभी राज्यों की टीमों ने भाग लिया। जिसमें लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी के सुमित दहिया ने 80-86 किलो भार वर्ग में बी.एफ.आई. टीम की तरफ से खेलते हुए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में रेलवे के गौकनाथ को 5-0, सेमीफाईनल मुकाबले में मध्य प्रदेश के सौरभ यादव को 5-0 व फाइनल मुकाबले में सर्विसेज के सितेंद्र को 4-1 स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। बॉक्सिंग कोच रोहतास कुमार ने बताया कि सुमीत दहिया सी.आई.एस.एफ. में हेड कांस्टेबल के पद पर कार्यरत हैं। व सुमीत दहिया ने अपनें सभी मुकाबलों में एक तरफा जीत हासिल कर अपनी एकेडमी, परिवार व स्कूल का नाम रोशन किया।

## 'चंद्रशेखर आजाद बहुत ही कम उम्र में आजादी की लड़ाई में कूद पड़े थे'



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

क्रांतिकारी पार्टी एस यू सी आई (कम्युनिस्ट) की और से महान क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर मलाणा चौक कार्यालय में श्रद्धांजलि दी गई । श्रद्धांजलि देते हुए पार्टी के सचिव मंडल के सदस्य कामरेड ईश्वर सिंह राठी ने संबोधित करते हुए कहा की चंद्रशेखर आजाद बहुत ही कम उम्र में आजादी की लड़ाई में कूद पड़े थे। अंग्रेज साम्राज्यवाद के खिलाफ लड़ते हुए 27 फरवरी 1931 के दिन इलाहाबाद के एल्फ्रेड पार्क में अंग्रेज साम्राज्य वादियों से लड़ते हुए अपने जीवन का बलिदान दिया और देश के नौजवानों , छात्रों को अपनी कुबार्नी से यह संदेश दिया था किअंग्रेजों को उखाड़ फेंकने के लिए कुर्बानियों की जरूरत होती है। दूसरी तरफ समझौता वादी ताकते जो अंग्रेजों की जगह भारतीय पूंजीपति वर्ग गद्दी में बैठना चाहता था। लेकिन आजाद और उनके साथी अंग्रेजों को भगाने के साथ साथ ही मजदूर किसानों का राज लाना चाहते थे। हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन ने घोषणा की थी कि हम ऐसा समाज चाहते हैं जिसमें एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति का शोषण ना करें और एक देश दूसरे देश का शोषण ना करें। समाजवाद हमारा लक्ष्य है।

## बेसहारा गौवंश के लिए हरा चारा खिलाने के लिए नई 12 खौरे रखवाई

**समालखा:** शशिकांत इंटरनेशनल चैरिटेबल द्वारा बेसहारा गौवंश के लिए 48 खोरों के बाद और नई लोहे की 12 खौरे रखवाई गई। अब तक कुल 60 खोरे समालखा हल्के के अलग-अलग गांवों में रखवाई गई है 'ताकि बेसहारा गौवंश भी अपना चारा जमीन की बजाय खौर में साफ सुथरा हरा चारा खा सकें ' गो भक्तों ने सभी को प्रार्थना करते हुए कहा की हरा चारा बेसहारा गौवंश को जमीन घरती पर नहीं खिलाएं वहां पर कांच, नुकीले वस्तू गिरी रहती है ` जिस कारण गौवंश के पेट में जाकर बिमारी होने का खतरा रहता है।

# 20वीं वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी का किया गया आयोजन



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत** रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स के मिनी स्मार्ट सिटी के सेंट्रल पार्क में मंत्रमुग्ध कर देने वाली 20वीं वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी 25 से 26 फरवरी 2023 को आयोजित की गई । इस पुष्प प्रदर्शनी में उपस्थित आईओसिएन्स, मेहमानों, गणमान्य व्यक्तियों और आसपास से आए आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह प्रदर्शनी पर्यावरण की रक्षा के लिए और समाज को पर्यावरण के प्रति जागरूक एवं प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित की गई थी ।

यह पुष्प प्रदर्शनी विविध फूलों की 100 से अधिक प्रजातियों के साथ आयोजित की गई । इस वर्ष दो नई श्रेणियां जैसे हर्बल पौधे और लघु उद्यान भी जोड़ी गई । लगभग 40 विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम निकालने के लिए निर्णायक मंडल के सदस्य महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय, करनाल और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर वेजिटेबल्स इंडो-इजराइल,घरौंडा से उपस्थित थे। एम एल डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी ने मुख्य-महाप्रबंधक, महाप्रबंधक एवं वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में इस जीवंत और सुगंधित पुष्प प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए। डहरिया ने सभी संबंधितों एवं प्रतिभागियों को इस आयोजन को बहुत शानदार और उल्लेखनीय बनाने के लिए सराहना करते हुए हार्दिक बधाई दी । उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि फूल भगवान की सबसे सुंदर रचना हैं और यदि कोई धरती माता की मुस्कान देखना चाहता है तो उसे इसके उस परिदृश्य को देखना चाहिए जहां फूल और पौधे इसकी शोभा बढ़ा रहें हैं। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि यह पुष्प प्रदर्शनी हमारे पर्यावरण के संरक्षण और हरित संकल्प को मजबूत करने एवं प्रकृति तथा धरती माता के प्रति हमारे गहरे प्रेम को मजबूत करने के लिए इंडियन ऑयल की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## मीडिया वैलबीइंग एसो. ने 151 पत्रकारों का टर्म इंश्योरेंस करवाया



**हांसी/टीम एक्शन इंडिया**

**मीडिया** वैलबीइंग एसोसिएशन (रजिस्टर्ड) के स्टेट वाईस प्रेसीडेंट वरिष्ठ पत्रकार संजय भुटानी ने बताया कि एसोसिएशन द्वारा 151 पत्रकारों का 10-10 लाख रुपए राशि का टर्म इंश्योरेंस करवा दिया गया है और यह पॉलिसी जल्दी ही पत्रकारों को दी जाएगी। इससे पहले संस्था द्वारा 101 पत्रकारों का 10-10 लाख रुपए का दुर्घटना मृत्यु बीमा करवाया जा चुका है। संस्था द्वारा बीमा के लिए किसी भी पत्रकार से एक पैसा नहीं लिया जा रहा। यह खर्च संस्था वहन कर रही है। भविष्य में भी संस्था पत्रकारों के लिए निशुल्क बीमा करवाना जारी रखेगी। संजय भुटानी ने बताया कि हरियाणा लोक संपर्क विभाग के डायरेक्टर जरनल डॉ अमित अग्रवाल को एसोसिएशन द्वारा पिछले दिनों ज्ञापन देकर मांग की गई है कि पंचकूला में प्रेस भवन बनाने के लिए सरकार कम से कम एक कनाल का प्लाट सस्ते दामों पर उपलब्ध करवाने की पहल करे। हरियाणा के पत्रकारों के पास चंडीगढ़ प्रेस क्लब की तर्ज पर अपनी कोई जगह नहीं है। सरकार से मांग की गई है कि हरियाणा के अंदर सभी सरकारी अस्पतालों में पत्रकारों तथा उनके परिवारों को मेडिकल सुविधा हो। हरियाणा में पत्रकारों की पेंशन बढ़ाकर 25 हजार रुपए प्रति माह की जाए और पत्रकारों की पेंशन योजना में आयु अवधि 60 साल से कम कर 56 वर्ष की जाए।

# शटरिंग की प्लेट चोरी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**

पानीपत, सीआईए थ्री पुलिस की टीम ने बाइक चोरी समेत खतों से ट्यूबवेल की केबल व निमार्णाधीन साइट से लोहे की शटरिंग की प्लेट चोरी करने वाले गिरोह के 3 आरोपियों को बीती देर साय काबू करने में कामयाबी हासिल की हैं। आरोपियों की पहचान सचिन पुत्र राजेश निवासी नोहरा, रिंकू पुत्र सुरज सिंह व विक्रम पुत्र ओमप्रकाश निवासी सौदापुर के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपियों से चोरी की 9 वारदातों का खुलासा हुआ। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर अंकित ने बताया कि उनकी टीम रविवार को गश्त के दौरान सेक्टर 29 में मौजूद थी। टीम को इसी दौरान गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म के तीन युवक एक ऑटो में जीटी रोड की तरफ से सेक्टर 25 हनुमान चौक की तरफ आ रहे हैं। आरोपी युवक किसी अपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना को पुख्ता मानकर पुलिस टीम ने तुरंत हनुमान चौक पर पहुंच कर नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ देर पश्चात जीटी रोड की तरफ से एक ऑटो आते हुए दिखाई दी। ऑटो को नाके पर रूकवाकर सवार तीनो आरोपी युवकों को काबू कर पूछताछ की तो आरोपियों ने एक सप्ताह पहले रात के समय सेक्टर 29 में सरकारी ट्यूबवेल से सबमर्सीबल मोटर पंप चोरी करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। वारदात बारे थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में चिराग वधावा निवासी सेक्टर 11 की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है। आरोपियों ने चोरीशुदा सबमर्सीबल मोटर पंप राह चलते अज्ञात युवक को 25 हजार रूपए में बेचकर 10 हजार रूपए नशा करने व खाने पीने में खर्च कर दिए।

बचे 15 हजार रूपए तीनों आरोपियों के कब्जे से बरामद हुए। गहनता से पूछताछ करने पर आरोपियों ने जिला में विभिन्न स्थानों से बाइक चोरी सहित खतों से ट्यूबवेल की केबल व निमार्णाधीन साइट से लोहे की शटरिंग की प्लेट चोरी करने की 8 अन्य वारदातों को अंजाम देने बारे स्वीकारा।

## मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी तानाशाही की इंतेहाः अजय शर्मा

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**

हरियाणा आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अजय शर्मा ने यहां जारी एक ब्यान में कह कि दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी तानाशाही की इंतेहा है। आपने एक नेक इंसान और सर्वश्रेष्ठ शिक्षा मंत्री को गिरफ्तार करके अच्छा नहीं किया। मोदी एक दिन आपकी तानाशाही का अंत जरूर होगा। लोकतंत्र के लिए यह काला दिन है। कई बच्चों का भविष्य संवारने वाले दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया को भाजपा की सीबीआई ने गिरफ्तार किया है। अजय शर्मा ने कहा कि सिसोदिया को पार्टी और उसके नेता अरविंद केजरीवाल की बढ़ती लोकप्रियता के कारण गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि सिसोदिया वह शिक्षा मंत्री हैं जिन्होंने दिल्ली के सरकारी स्कूलों का कायाकल्प कर 20 लाख गरीब बच्चों को शिक्षा दी। उन्होंने कहा कि उन्होंने लाखों गरीब बच्चों को बेहतर भविष्य दिया। उन्होंने इस धारणा को तोड़ा कि सरकारी स्कूल अच्छी शिक्षा नहीं दे सकते और उनमें विश्वास बढ़ाया। उन्होंने कहा कि उन्होंने कई गरीब बच्चों को आईआईटी, बड़े विश्वविद्यालयों और मेडिकल कॉलेजों में भेजा है। भाजपा कह रही है कि वह 10000 करोड़ रुपये के घोटाले में शामिल थे। लेकिन वह 10000 करोड़ रुपये कहां हैं।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**अंबाला**
**(मनीष)**
**मो. नं. : 9896772006**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
**मो. नं. : 9466035040**

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 28 फरवरी 2023 ▸ पृष्ठ 10 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


# मूसेवाला: पंजाब पुलिस की दूसरी बड़ी नाकामी

## पहले हिरासत से भाग निकला गैंगस्टर टीनू, अब जेल में दो आरोपियों की हत्या हुई

**लुधियाना/टीम एक्शन इंडिया**

**पंजाबी** सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के बाद पंजाब पुलिस ने 36 आरोपियों को नामजद कर उन्हें पकड़ने की बात कही थी। दावों से परे इस केस में पुलिस की दो बड़ी नाकामियां भी सामने आई हैं। पहले खूंखार गैंगस्टर दीपक टीनू पुलिस हिरासत से फरार हो गया था। अब जेल में बंद केस के दो अहम आरोपियों की गैंगवार के दौरान हत्या हो गई।

**पुलिस इंस्पेक्टर ने गैंगस्टर को हिरासत से भागने में मदद की:** लॉरेंस गैंग का गैंगस्टर टीनू 1 अक्टूबर 2022 को हिरासत से भाग निकला था। इसमें मानसा के इंस्पेक्टर प्रीतपाल की मिलीभगत सामने आई थी। तगड़ी घेराबंदी और कई राज्यों की पुलिस की मदद से टीनू को पूरे 18 दिन बाद राजस्थान से अजमेर से दोबारा पकड़ा गया था। यह हाल तब हुआ, जब पुलिस जानती थी कि टीनू 2017 में पेशी के वक्त पंचकूला से भाग चुका था।

**जेल में दो गैंग के बीच दुश्मनी की खबर नहीं, दो आरोपी मारे गए:** पंजाब पुलिस की दूसरी बड़ी लापरवाही गोइंदवाल जेल में सामने आई। पंजाब के हाई प्रोफाइल मर्डर केस के आरोपियों मनदीप सिंह तूफान और मनमोहन सिंह मोहना पर नजर ही नहीं रख पाए। पुलिस को जेल में दो गैंग के बीच चल रही दुश्मनी की भी खबर नहीं थी। नतीजा यह हुआ कि 26 फरवरी, 2023 को दोनों की हत्या हो गई।



जग्गू भगवानपुरिया | लॉरेंस बिश्नोई | गोल्डी बराड़

**जेल में 30 से 40 लोगों के पास कहां से आए हथियार?:** गोइंदवाल जेल अपने आप में हाई-सिक्योरिटी जेल है। अब सवाल उठता है कि जेल में हथियार कहां से पहुंचे, जिनसे 30 से 40 लोग आपस में भिड़े। इस गैंगवार में रॉडों का भी इस्तेमाल हुआ है। बताया जा रहा है कि एक बैरक में 30 से 40 हवालातियों को रखा गया है, जिस कारण ये गैंगवार हुई।

**पुलिस की इंटेलिजेंस को गैंग्स के टूटने के बारे में पता नहीं:** गैंगस्टर गोल्डी बराड़ ने जेल में हुए इस डबल मर्डर की जिम्मेवारी ली, लेकिन वारदात से पहले तक इंटेलिजेंस एजेंसियों को इसका पता नहीं चल पाया कि गोल्डी बराड़ और लॉरेंस ने अपना गैंग जग्गू भगवानपुरिया से अलग कर लिया है। आपसी रंजिश के चलते गोल्डी बराड़ इस वारदात को अंजाम देने वाला है।

**बैरकों की चेकिंग नहीं हुई, हथियार लाने की खबर नहीं:** सूत्रों के मुताबिक पिछले कुछ दिनों से लॉरेंस और जग्गू गैंग के लोगों में आपसी छुटपुट कहासुनी होती रहती थी, लेकिन जेल के अधिकारी दोनों गैंग के सदस्यों की जेल में हो रही एक्टिविटी पर नजर रखने में पूरी तरह नाकाम साबित हुए।

### एनआईए ने गैंगस्टरों के कलस्टर बनने का दावा किया था

**बता दें** सिद्धू मूसेवाला कत्लकांड के बाद पहली बार हुआ कि पंजाब की जेलों में एनआईए ने एंट्री की। एनआईए की टीमों ने जेलों में दबिश दी थी। सूत्रों के मुताबिक टीम ने खुलासा किया था कि पंजाब की जेलों में गैंगस्टरों के कलस्टर बन रहे हैं। लोकल अधिकारियों के साथ इन गैंगस्टरों की अच्छी खासी पहचान हो जाती है, जिस कारण ये आसानी से अपना नेटवर्क चलाते रहते हैं। इन गैंगस्टरों के कलस्टर को तोड़ने के लिए इन्हें साउथ की जेलों में शिफ्ट करना जरूरी बन चुका है, जहां इनकी पहुंच का कोई अधिकारी न मिल सके। साउथ की जेलों में शिफ्ट होने के बाद खुद ब खुद इन गैंगस्टरों के कलस्टर काफी हद तक खत्म हो जाएंगे।

**4 महीने पहले गोइंदवाल जेल का डिप्टी सुपरिटेंडेंट हुआ था गिरफ्तार:** पंजाब की स्पेशल टास्क फोर्स अमृतसर यूनिट ने तरनतारन की गोइंदवाल साहिब जेल के डिप्टी सुपरिटेंडेंट को गिरफ्तार किया था। डिप्टी सुपरिटेंडेंट की पहचान बलबीर सिंह के तौर पर हुई थी।

# उत्तराखंड की दो महिला सरपंचों को मिला स्वचछ सुजल शक्ति सम्मान

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

उत्तराखंड की मातृ शक्ति व्यक्तित्व और कृतित्व के लिए निरंतर राष्ट्रीय चर्चा का विषय बनी रहती हैं। गौरा देवी जहां चिपको आंदोलन के लिए प्रसिद्ध थीं वहीं बागेश्वर की कविता देवी और देहरादून की निकिता चौहान को भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय ने स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान 2023 के लिए चयनित किया गया है। इस सम्मान के लिए चयनित होने पर मुख्यमंत्री ने बधाई दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमारे राज्य की महिला सरपंचों को यह सम्मान मिलना प्रदेशवासियों विशेषकर यहां की महिलाओं के लिए गौरव का विषय है। यह सम्मान उत्तराखंड में जमीनी स्तर पर महिला नेतृत्व के असाधारण योगदान का सम्मान है। यह सम्मान उन सभी लोगों को प्रेरित करेगा जो अपने गांवों को स्वच्छ बनाने और गांवों में जल संरक्षण के लिए कार्य कर रहे हैं। गांवों को स्वच्छ बनाने, ओडीएफ प्लस मॉडल गांवों के निर्माण, हर घर जल मिशन व जल संरक्षण में ग्राम प्रधानों एवं सरपंचों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उत्तराखंड में महिला ग्राम प्रधान, महिला सरपंच, महिला स्वच्छाग्रही, महिला स्वयं सहायता समूह, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री बहनें धरातल स्तर पर अपनी प्रभावी नेतृत्व क्षमता और कुशल प्रबन्धन के माध्यम से राज्य के विकास में असाधारण योगदान दे रही हैं। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान के तहत 04 मार्च से अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह मनाया जाएगा। इस वर्ष उत्तराखंड की दो महिलाओं का चयन भी स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान 2023 के लिए हुआ है। 04 मार्च को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू और केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत इन्हें सम्मानित करेंगे।



उत्तराखंड के मौसम में दो दिन बाद से परिवर्तन होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश और मैदानी क्षेत्रों में ओलावृष्टि हो सकती है।

# अतीक की पत्नी को बसपा से बाहर करने का संकेत

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**

**बसपा** प्रमुख मायावती ने प्रयागराज में बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड के अहम गवाह अधिवक्ता उमेश पाल और सरकारी गनर की हत्या पर सोमवार को चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने ट्वीट किया है इस मामले में अतीक अहमद के लड़के एवं उनकी पत्नी के ऊपर एफआईआर दर्ज किए जाने की सूचना प्रकाशित हुई है। उन्होंने कहा है कि बीएसपी ने इसका गम्भीरता से संज्ञान लेते हुए यह निर्णय लिया है कि इस मामले की चल रही जांच में, इनके दोषी साबित होते ही फिर आरोपी अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया जा सकता है। मायावती ने एक अन्य ट्वीट में कहा है कि यह बात भी सर्वविदित है कि अतीक अहमद समाजवादी पार्टी का ही प्रोडक्ट है।

**गिरेगी गाज**

**जांच में, इनके दोषी साबित होते ही फिर आरोपी अतीक की पत्नी को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया जा सकता है**

# नहीं थम रहा राइट टू हेल्थ का विरोध

## स्टेट ज्वाइंट एक्शन कमेटी ने कर डाली कई अन्य मांगें

**जयपुर/टीम एक्शन इंडिया**

**राज्य की** सत्तारूढ़ गहलोत सरकार की ओर से आमजन को स्वास्थ्य का अधिकार देने के लिए बिल लाया जा रहा है, लेकिन राइट टू हेल्थ बिल आने से पहले ही उसका विरोध हो रहा है। यह विरोध निजी अस्पतालों की ओर से किया जा रहा है। पहले इस विरोध में निजी अस्पतालों ने सरकारी योजनाओं को बंद कर सरकार को अपनी ताकत दिखाने का प्रयास किया गया था, लेकिन अब निजी अस्पतालों में सरकारी योजनाओं को वापस शुरू कर दिया है।



स्टेट ज्वाइंट एक्शन कमेटी की तरफ से 10 मार्च तक का समय दिया गया है। कमेटी ने कहा है कि 10 मार्च तक अगर उनकी मांगें पूरी नहीं होती है तो वे फिर अस्पताल बंद कर आंदोलन करेंगे। अब ज्वाइंट एक्शन कमेटी ने कहा है कि आंदोलन स्थगित किया है, इसे वापस नहीं लिया है। कमेटी ने कहा है कि सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं में तर्क और अनुचित पैकेज दरें हैं, इसलिए गुणवत्तापूर्ण उपचार असंभव है।

# काशी अपने आराध्य बाबा विश्वनाथ के गौना की तैयारी में जुटी

**वाराणसी/टीम एक्शन इंडिया**

**धर्म नगरी काशी** अपने आराध्य बाबा विश्वनाथ के गौना को लेकर बेहद उत्साहित है। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के पूर्व महंत डॉ कुलपति तिवारी के टेढ़ीनीम स्थित आवास पर काशीपुराधिपति के गौना की तैयारियां चल रही है। बाबा के गौने के लिए खास वस्त्र और पगड़ी बनकर तैयार है। बाबा के शाही पगड़ी को नंदलाल अरोड़ा ने सजाया है। गयासुद्दीन ने इसे बनाया हैं। पीढ़ी दर पीढ़ी गयासुद्दीन का परिवार बाबा की खास पगड़ी पूरे उत्साह और श्रद्धाभाव से बना रहा है। तीन मार्च को रंगभरी एकादशी पर शाही पगड़ी महंत परिवार को सौंपी जायेगी। महंत आवास में बाबा के गौने की तैयारियां मंगलवार 28 फरवरी से शुरू हो जायेगी। महंत डॉ. कुलपति तिवारी की देखरेख में गीत गौना, गौरा का तेल-हल्दी की रस्म होगी। रंगभरी एकादशी पर बाबा विश्वनाथ, माता पार्वती संग प्रथमेश की चल प्रतिमा की पालकी यात्रा की तैयारियां महंत आवास पर जारी है। बाबा की रजत पालकी, राजसी स्वरूप, पूजन परंपरा के साथ गौरा के गौने के सामनों को जुटाया जा रहा है। बाबा का रजत पंचबदन प्रतिमा प्रतीक रूप से दो मार्च की शाम ससुराल यानी टेढ़ी नीम स्थित महंत आवास पर आयेगीं। संध्या बेला में वैदिक ब्राह्मण स्वतिवाचन, वैदिक घनपाठ और दीक्षित मंत्रों से आराधना कर उन्हें रजत सिंहासन पर विराजमान करायेंगे। बाबा और उनके बारातियों का स्वागत ठंडई मेवे और पकवान से किया जायेगा। महंत डॉ कुलपति तिवारी परिवार से जुड़े संजीव रत्न मिश्र ने बताया कि महंत आवास पर गौरा के रजत विग्रह को संध्या बेला में हल्दी लगाई जायेंगी। महिलाएं ढोलक की थाप और मंजीरे की खनक के बीच मंगल गीत गाते हुए प्रतीक रूप से गौरा को ससुराल के नियम भी बतायेगी।








# तिराहा एक बार फिर हुआ रक्त रंजित, युवक का शव मिला

**ऋषिकेश:** ऋषिकेश कोतवाली क्षेत्र की आईडीपीएल पुलिस चौकी अंतर्गत कृष्णा नगर का तिराहा एक बार फिर लहूलुहान हो गया। पुलिस ने बिजनौर के एक युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में रक्तरंजित हालत में शव के साथ मोबाइल ,मोटरसाइकिल और एक देसी कट्टा भी बरामद किया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक खुशीराम पांडे ने बताया कि रविवार की देर रात 9:30 बजे पुलिस को कृष्णा नगर क्षेत्र के ही एक व्यक्ति ने तिराहे के पास खून से लथपथ पड़े युवक के शव की सूचना पर आईडीपीएल चौकी इंचार्ज चिंतामणि मैठाणी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

# डबल डेकर बस डिवाइडर से टकराकर पलटी

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

**थाना** सुरीर क्षेत्र अंतर्गत यमुना एक्सप्रेस-वे के माइल स्टोन 89 पर दिल्ली से बिहार जा रही डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इस हादसे में बस में सवार एक बच्चे सहित तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों में छह को गंभीर हालत में आगरा रेफर किया गया है। हादसे की सूचना पाकर मौके पर डीएम पुलकित खरे और एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय भी पहुंच गए और उन्होंने क्रेन द्वारा बस को हटवाकर मार्ग को सुचारू करवाया है। शिव प्रकाश टूर एंड ट्रैवल की डबल डेकर बस संख्या बीआर 07 पीसी 6793 दिल्ली के नरेला से रविवार की देर रात बिहार के पूर्णिया जा रही थी। जैसे ही बस मुथरा जनपद के थाना सुरीर क्षेत्र स्थित माइल स्टोन 89 के करीब पहुंची, तभी अनियंत्रित होकर पलट गई। बस पलटने के बाद यमुना एक्सप्रेस-वे पर करीब 50 मीटर तक घिसटती चली गई।




**बरसाना की लड्डू होली** बरसाना की लट्ठमार होली से ठीक एक दिन पहले खेली जाने वाली इस लड्डू होली का बृज में विशेष महत्व

# न्यौता देकर लौटे पंडा का लड्डू फेंककर होगा स्वागत

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

**बरसाना के** प्रमुख श्रीजी मंदिर में सोमवार शाम को धूमधाम से लड्डू होली खेली जाएगी। बरसाना की लट्ठमार होली से ठीक एक दिन पहले खेली जाने वाली इस लड्डू होली का बृज में विशेष महत्व है। शाम को नंद गांव के हुरियारों को न्यौता देकर पंडा बरसाना लौटता है। जिसका सभी लड्डू फेंक कर स्वागत करते हैं और उन लड्डुओं को पाने के लिए हर कोई ललायित नजर आता है। यहां मंदिर में शाम के समय समाज गायन शुरू होते ही गुलाल और लड्डू फेंकना शुरू हो जाता है, हजारों सालों से चली आ रही परम्परा को बरसाना और नंदगांव में लोग बखूबी निभाते आ रहे हैं। प्रेम और श्रद्धा की लड्डू होली में बरसाना के श्रीजी मंदिर पर करीब 10 कुंतल लड्डू और गुलाल से होली खेली जाएगी। बरसाना में खेली जाने वाली होली के पीछे मान्यता है कि बरसाना से राधा-रानी का दूत (पंडा) भगवान कृष्ण के गांव नंद गांव में होली खेलने के लिए बरसाना आने का निमंत्रण देने जाता है। भगवान कृष्ण और उनके ग्वाल वालों द्वारा होली खेलने का निमंत्रण स्वीकार करने के बाद पंडा यह खबर बरसाना में आकर सुनाता है। भगवान के बरसाना में होली खेलने की आने की सूचना मिलते ही बरसाना वासी प्रसन्न हो जाते हैं और पंडा पर लड्डू की बरसात करते हैं। तभी से लट्ठमार होली से एक दिन पहले बरसाना में लड्डू होली खेली जाती है। बरसाना मंदिर रिसीवर संजय गोस्वामी ने बताया कि लड्डू होली की तैयारी कर ली गई है।

